कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी 01:58 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 75, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कनाडा के आसमान में जलकर खाक हो गया क्षुद्रग्रह 16

सोनम बनीं डिओर की नई ब्रांड एम्बेसडर 15

## एक नजर

### तमिलनाडु के पूर्व मंत्री के आवास पर ईडी का छापा

**तंजावुर।** तमिलनाडु में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने धनशोधन मामले में तंजावुर जिले के उरंथरायनकुडिकाडु गांव में अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री एवं ओराथानाड विधायक आर .वैथिलिंगम के आवास पर बुधवार को छापेमारी की। 11 सदस्यीय ईडी की आधिकारिक टीम ने बुधवार की सुबह वैथिलिंगम के घर तलाशी शुरू की। चेन्नई में एमएलए हॉस्टल में उनके कमरे, दो घरों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वामित्व वाले एक शैक्षणिक संस्थान की भी तलाशी ली गई।

### झूठी निकली जया बच्चन के मां के निधन की खबर

**नई दिल्ली।** फिल्मी सितारों के फैमिली को लेकर बुरी खबरों के आने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप की मां ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री रहीं जया बच्चन की मां और अमिताभ बच्चन की सास इंदिरा भादुड़ी के निधन की खबर आई, जोकि पूरी तरह से झूठी है। इंदिरा जीवित हैं। बच्चन परिवार ने उनके निधन की खबर को गलत बताया है।

### पांच लाख रिश्वत लेने में इंजीनियर गिरफ्तार

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद में एक सब इंजीनियर को लोकायुक्त पुलिस ने पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उसने लंबित बिलों के भुगतान के लिए 15 लाख 50 हजार रुपये की मांग की थी। इंदौर लोकायुक्त डीएसपी दिनेश पटेल ने बताया कि ओमप्रकाश पाटीदार निवासी ग्राम साटकुर तहसील कसरावद जिला खरगोन ने लोकायुक्त को शिकायत की थी। इस मामले में बुधवार शाम संविदा उप यंत्री राहुल सिंह मण्डलोई को पांच लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है।

### यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव 7 नवंबर से

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव के 29वें संस्करण का आयोजन नई दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद में सात से 16 नवंबर के बीच किया जाएगा। यूरोपीय सिनेमा के इस वार्षिक महोत्सव में 31 भाषाओं में 26 पुरस्कार विजेता फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें यूरोप महाद्वीप के समाज और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। यूरोपीय संघ का प्रतिनिधिमंडल यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के दूतावासों और क्षेत्रीय साझेदारों के साथ मिलकर आयोजन कर रहा है।

# भारत युद्ध का नहीं, आपसी संवाद और कूटनीति का समर्थक : प्रधानमंत्री

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन**

## मोदी ने युद्ध, आर्थिक संकट, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों पर जताई चिंता, कहा-आतंकवाद से निपटने के लिए दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए

कजान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस-यूक्रेन विवाद का समाधान शांतिपूर्ण वार्ता के माध्यम से करने का स्पष्ट रूप से आह्वान करते हुए बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत युद्ध का नहीं बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करता है।

अपने संबोधन में मोदी ने युद्ध, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर चिंता जताई और कहा कि ब्रिक्स विश्व को सही रास्ते पर ले जाने में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध का नहीं, बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं। और जिस तरह हम एक साथ मिलकर कोविड जैसी चुनौती से पार पाने में सक्षम हुए, उसी तरह हम भावी पीढ़ियों के वास्ते सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नए अवसर पैदा करने में निश्चित रूप से सक्षम हैं। रूस के कजान शहर में 22 से 24 अक्टूबर तक 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग सहित ब्रिक्स देशों के शीर्ष नेता भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद से निपटने के लिए ठोस वैश्विक प्रयासों की भी वकालत की और कहा कि इस खतरे से लड़ने में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा आतंकवाद और इसके वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए, हमें सभी के एकनिष्ठ, दृढ़ समर्थन की आवश्यकता है। इस गंभीर मामले पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। समूह के देशों को युवाओं में कट्टरपंथ को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है।



कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग। ● एजेंसी

### सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में भी हो सुधार

प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में सुधार की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, बहुपक्षीय विकास बैंकों और विश्व व्यापार संगठन जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधारों पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ना चाहिए। मोदी ने कहा कि जब हम ब्रिक्स में अपने प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि इस संगठन की छवि ऐसी न बने कि यह वैश्विक संस्थानों को बदलने की कोशिश कर रहा है, बल्कि यह समझा जाए कि यह संगठन उन्हें सुधारने की इच्छा रखता है। मोदी ने यह भी तर्क दिया कि ग्लोबल साउथ के देशों की आशाओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

### आपसी विश्वास भारत-चीन संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे

कजान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और भारत-चीन संबंधों को क्षेत्रीय व वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद उत्पन्न होने के बाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर यह पहली संरचित बैठक थी। बैठक की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। भारत-चीन संबंध हमारे देशों के लोगों के लिए और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# दिवाली से पहले राज्यकर्मियों को मिलेगा वेतन व बोनस का तोहफा

## वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस भुगतान के आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दैनिक वेतनभोगी भी होंगे लाभान्वित
- मुख्यमंत्री ने की एक्स पर घोषणा

**अमृत विचार:** राज्य कर्मचारियों को दिवाली से पहले वेतन दे देने की अच्छी खबर के बाद बोनस दिए जाने की खुशखबरी भी राज्य सरकार ने दी है। अधिकतम बोनस 7000 रुपये दिया जाना है। इससे लगभग 8 लाख अराजपत्रित कर्मचारी, शिक्षक और दैनिक वेतनभोगी लाभान्वित होंगे। बुधवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इसकी घोषणा की। ऐसे कर्मचारियों को वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस भुगतान के आदेश जारी किए गए हैं।

हाल ही में दिवाली से एक दिन पहले 30 अक्टूबर को वेतन देने का आदेश राज्य सरकार ने जारी किया था। उस आदेश से 26 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत मिलेगी। ताजा शासनादेश के मुताबिक जिन कर्मचारियों का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47600-151100) तक है, उन्हें 30 दिन का तदर्थ बोनस दिया जाएगा। इसकी अधिकतम राशि 7000 रुपये तय की गई है। 31 मार्च 2024 को मासिक परिलब्धियां 7000 रुपये से ज्यादा होने पर निश्चित फार्मूले के आधार पर 6908 रुपये बोनस मिलेगा। बोनस की जद में आने वाले सभी कर्मचारियों का इस राशि का 75 प्रतिशत भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। जबकि 25 प्रतिशत का नगद भुगतान किया जाएगा। जो कर्मचारी भविष्य निधि खाते के सदस्य नहीं होंगे, उन्हें यह धनराशि नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) के रूप में दी जाएगी। 31 मार्च 2024 के बाद और 30 अप्रैल 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को पूरा बोनस नगद दिया जाएगा।

वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भी इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बुधवार को जानकारी साझा की गई है। इसके अनुसार मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण और प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित अधिष्ठान के कर्मचारियों के साथ ही दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी 2023-2024 के लिए बोनस देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिसकर्मियों के वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ बैरक में रहने वाले कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल के एकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी।



### ऐसे दैनिक वेतनभोगियों को मिलेगा बोनस

ऐसे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, जिन्होंने सप्ताह में छह दिन कामकाज वाले कार्यालय में तीन वर्ष या उससे ज्यादा लगातार काम किया होगा और हर साल कम से कम 240 दिन कार्यरत रहे होंगे, उन्हें सुविधा मिलेगी। दैनिक वेतनभोगियों के बोनस की गणना 1184 रुपये महीना तय की गई है।

### ऐसे कर्मचारियों को बोनस का लाभ नहीं

वर्ष 2023-24 में जिन कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई हो या आपराधिक मुकदमे में दंडित हों, उन्हें बोनस नहीं मिलेगा। वहीं जिन कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है या किसी अदालत में आपराधिक मुकदमा लंबित है, उन्हें दोषमुक्त होने पर ही बोनस मिलेगा। तब तक राशि स्थगित रहेगी।

# अफवाहों को न रोकना तो जुर्म को बढ़ावा देना हुआ

- विमान धमकियों के मामले में सरकार का एक्स-मेटा से सवाल

**नई दिल्ली।** विमानों को बम धमकियों के मामले में बुधवार को आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। सरकार ने पूछा कि आपने इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए क्या किया। जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से इस मीटिंग के बारे में जानकारी दी गई है। पिछले 9 दिनों में ही 170 से ज्यादा विमानों को धमकियां दी गई हैं। देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को भी 50 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसमें एयर इंडिया और इंडिगो की 13-13 उड़ानों, अकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों और विस्तारा की 11 उड़ानों को धमकी मिली थी। मामले में सरकार ने सख्ती का फैसला लिया है। ऐसी धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं।

# राज्यों को हर तरह की शराब पर कर लगाने का अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से दिया फैसला
- सिर्फ केंद्र सरकार के नियंत्रण के अधिकार को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने राज्यों के राजस्व की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए हर प्रकार की शराब पर कर लगाने के उनके अधिकार को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने इस मामले में बुधवार को 8:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया और सात न्यायाधीशों की पीठ के पहले के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें व्यवस्था दी गई थी कि औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन के नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार को है। इस मामले को नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष वर्ष 2010 में रखा गया था।



राज्यों के अधिकार के पक्ष में फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुईया, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि औद्योगिक कार्यों में इस्तेमाल होने वाली अल्कोहल राज्य सूची की प्रविष्टि 08 के तहत 'मादक स्प्रिट' के अर्थ में आती है, इसलिए राज्य इसे विनियमित कर सकते हैं और कर लगा सकते हैं।

पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि औद्योगिक शराब और उसे तैयार करने वाले कच्चे माल सहित सभी प्रकार की शराब पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को है। शीर्ष अदालत का यह फैसला राज्य सरकारों के राजस्व में बड़ी वृद्धि करने वाला है। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने पीठ के अन्य सदस्यों के फैसले से असहमतिपूर्ण निर्णय दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रविष्टि 08 के तहत मादक स्प्रिट (लिकर) को पीने योग्य शराब तक सीमित नहीं किया जा सकता। संविधान की सातवीं अनुसूची की 52वीं प्रविष्टि में संसद को उन उद्योगों के सम्बन्ध में कानून बनाने का अधिकार दिया गया है जो लोक हित में उचित हो। पीठ ने कहा कि दोनों प्रविष्टियों के बीच कहीं-कहीं दोहराव (ओवरलैप) हो सकता है।

# जब कानून ही शक्तिहीन तो कोई पालन क्यों करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को लेकर की केंद्र सरकार की खिंचाई

उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण संबंधी कानून को शक्तिहीन बनाने के लिए बुधवार को केंद्र की खिंचाई की और कहा कि पराली जलाने पर जुर्माने से संबंधित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के प्रावधानों को लागू नहीं किया जा रहा है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 (सीएक्यूएम अधनियम) को वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कानून के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक व्यवस्था किए बिना ही लागू कर दिया गया। केंद्र की ओर पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सीएक्यूएम अधिनियम की पराली जलाने के लिए जुर्माने से संबंधित निर्देश 10 दिन में जारी कर दिए जाएंगे। पीठ ने कहा कि आपके नोटिस को कौन गंभीरता से ले रहा है, क्योंकि कानून के तहत इसकी प्रक्रिया का प्रावधान नहीं है।

# 4.50 करोड़ की नकली दवाइयां पकड़ी गयीं

**आगरा।** आगरा में सिकंदरा थानाक्षेत्र के शास्त्रीपुरम में पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। एएनटीएफ ने बताया कि उसे वहां साढ़े चार करोड़ रुपये की नकली और नशे की दवाएं एवं 3.50 करोड़ रुपये का कच्चा माल एवं मशीनरी मिली हैं। एएनटीएफ के अधिकारी इरफान नासिर खान ने बताया कि फैक्ट्री से दस लोगों को पकड़ा गया है तथा साढ़े चार करोड़ की दवाएं एवं साढ़े तीन करोड़ की मशीनें बरामद किया गया है। देश के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, वर्मा, भूटान तक इन दवाओं की तस्करी हो रही थी।

# होटल में थूक लगाकर बनाता था रोटी, गिरफ्तार

रामनगर/सूरतगंज (बाराबंकी)

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दबोचा, सील किया होटल

**अमृत विचार :** कस्बा सुढ़ियामऊ के एक होटल पर थूक लगाकर रोटी तंदूर में सेंकने का वीडियो वायरल होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एफएसडीए की टीम ने होटल को सील करवा दिया है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के नवीगंज मजरे अल्लापुर रानीमऊ निवासी मो. इरशाद, मो. सैफ व मो. तनवीर रामनगर क्षेत्र के कस्बा सुढ़ियामऊ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने हाफिज जी के नाम से होटल चलाते हैं। सोमवार शाम को इरशाद का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें इरशाद रोटी पर थूककर तंदूर में सेंकता दिख रहा है। मंगलवार शाम फतेहपुर क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा निरीक्षक पल्लवी तिवारी टीम के साथ होटल पर पहुंची और होटल संचालन न किए जाने की नोटिस चस्पा कर दी। इस संबंध में रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय त्रिपाठी ने बताया कि होटल सील है, होटल संचालक इरशाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी उत्तरी चिरंजीव सिन्हा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

# प्रियंका ने वायनाड से किया नामांकन

- राहुल गांधी, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे रहे मौजूद
- रोड शो में उमड़ी भीड़, राहुल बोले-अब वायनाड से दो सांसद

वायनाड, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 13 नवंबर को होने वाले वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एआईसीसी के संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहे। बाद में रॉबर्ट वाड्रा और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष पनक्कड़ शिहाबली थंगल भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन से पहले रोड शो किया जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी।

प्रियंका ने नामांकन से पहले कलपेट्टा में एक जनसभा में कहा कि मैंने 1989 से लेकर पिछले 35 सालों तक पिता राजीव गांधी, मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी के लिए प्रचार किया है, लेकिन पहली बार अपने लिए प्रचार कर रही हूं। राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से दो सांसद हैं, एक आधिकारिक और दूसरा अनौपचारिक होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रियंका गांधी और वह दोनों मिलकर काम करेंगे और लोकसभा में वायनाड के लोगों के मुद्दों को उठाएंगे।



नामांकन के दौरान प्रियंका गांधी के साथ मौजूद राहुल, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे।

# एमआई बिल्डर के ठिकानों पर आयकर छापा

- राजधानी लखनऊ समेत ग्रुप के 16 ठिकानों पर छापेमारी
- आयकर की कार्रवाई से हड़कंप टैक्स चोरी को लेकर जांच जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को एमआई बिल्डर के 16 ठिकानों पर छापा मारा। प्रदेश के बड़े बिल्डरों में शामिल एमआई ग्रुप के कादिर अली के प्रदेश भर में स्थित करीब 16 ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा देर शाम तक चलता रहा।

लखनऊ में एमआई ग्रुप के कई रियल एस्टेट प्रोजेक्ट चल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, एमआई ग्रुप के मालिक कादिर अली के गोमतीनगर आवास, ऑफिस एमआई रशेल कोर्ट और विस्तार में छापे मारे जा रहे हैं। हजरतगंज के न्यू जनपथ बाजार के 5वें फ्लोर पर भी आईटी की छापेमारी जारी रही।

इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सूत्रों का दावा है कि बिल्डर की ओर से ब्लैक मनी को सफेद करने और बोगस कंपनियों के नाम पर टैक्स चोरी की सूचना के बाद कार्रवाई हुई है। अधिकारियों के निर्देश पर आयकर विभाग ने विभिन्न टीमों का गठन किया और कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इससे बिल्डर और प्रॉपर्टी कारोबारियों में अफरा-तफरी मची गई है। एमआई ग्रुप दिल्ली-एनसीआर और लखनऊ में होम टाउन एवं सोसाइटी बनाने से जुड़ा है।







**अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक के मुद्दों की प्रचार प्रमुख ने दी जानकारी, संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार सहित अभी तक हुए कार्यों की समीक्षा भी होगी**

# पंच परिवर्तनों के साथ शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार करेगा संघ

गजेंद्र चौहान, मथुरा

**अमृत विचार:** मथुरा स्थित गऊग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गोविज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में सर संघचालक के पंच परिवर्तन विचारों, उनके संबोधन के महत्वपूर्ण विषयों के अनुपालन के लिए योजनाओं के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा हो रही है। संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार की रूपरेखा भी बैठक में बनाई जाएगी। इसमें सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत समेत संघ के सभी बड़े पदाधिकारी शामिल रहेंगे। यह जानकारी बुधवार को गऊ ग्राम परखम में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकारों को दी।

उन्होंने बताया कि विजयादशमी पर सरसंघचालक ने अपने संबोधन में जिन विषयों को उठाया वे बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। उनके अनुवर्तन के लिए योजनाओं के साथ-साथ देश में चल रहे सम सामयिक विषयों पर व्यापक चर्चा बैठक में की जा रही है। मार्च में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा और संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत भी इस बैठक में लिया जाएगा। विशेष कर संघ शताब्दी के लिए सुनिश्चित संगठनात्मक लक्ष्यों को विजयादशमी 2025 तक पूर्ण करने के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। सुनील आंबेकर ने बताया कि अगली विजयादशमी पर संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। आगामी विजयादशमी स्वयंसेवकों के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बताया कि विजयादशमी पर अपने संबोधन में सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कई विषयों की ओर ध्यान दिलाया। इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव ,समाज में शान्ति का भाव, परस्पर सौहार्द आदि विषयों पर बैठक में चर्चा होगी। आंबेकर ने बताया कि सरसंघचालक द्वारा दिए गए पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य) को शताब्दी वर्ष में समाज में ले जाने का कार्य किया जाएगा। प्रेस ब्रीफिंग में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र संघचालक सूर्यप्रकाश टोंक, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर एवं प्रदीप जोशी, क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह एवं सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार उपस्थित रहे।



संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर और पश्चिम उप्र के संघ चालक सूर्य प्रकाश।

### मोहन भागवत, दत्तात्रेय होसबोले बैठक में रहेंगे

सुनील आंबेकर ने कहा कि बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल, डा. सीए मुकुन्दा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार और अतुल लिमये, कार्य विभाग प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्यों सहित 393 कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## एक नजर

### आरक्षित भूमि पर लगे 20 पेड़ काटने पर केस

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : तहसील के ग्राम भेलसर की गाटा संख्या 1008 नवीन परती की




आरक्षित भूमि पर लगे 20 पेड़ काटकर बेचने वाले पर लेखपाल जगदंबा यादव ने कोतवाली रुदौली में केस दर्ज कराया है। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर भेलसर गांव की हकीमुन निसा, उनके पुत्र मो. इरफ़ान व मो. रेहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### डेंगू के 14 और मरीज मिले

अयोध्या। जिले में बुधवार को डेंगू के 14 मामले सामने आए हैं। हेल्थ बुलेटिन



के मुताबिक नगर क्षेत्र में सात, मसौधा-सोहावल में तीन-तीन व खंडासा में एक मरीज में डेंगू की पुष्टि हुई है। अब तक 324 केस सामने आ चुके हैं, जिसमें 288 ठीक हो चुके हैं। 36 अभी उपचाराधीन हैं।

**अखिल भारतीय ईंट एवं टाइल निर्माता महासंघ का हुआ चुनाव, देश के कई राज्यों से जुटे प्रतिनिधि**

# ओमवीर राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुरारी कुमार बने राष्ट्रीय महामंत्री

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** देश की ईंट निर्माताओं की एक मात्र शीर्ष प्रतिनिधि संस्था अखिल भारतीय ईंट एवं टाईल निर्माता महासंघ का चुनाव बुधवार को मानस भवन ट्रस्ट में हुआ। सभी राज्यों के अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित महासंघ की कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं ईंट निर्माताओं ने भाग किया।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर गौतमबुद्धनगर से ओमवीर सिंह और महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री पद पर बिहार से मुरारी कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर दिल्ली से ब्रिज मोहन गुप्ता चुने गए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव अधिकारी अतुल कुमार सिंह के द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।




चुनाव अधिकारी अतुल सिंह के साथ चयनित पदाधिकारी व मौजूद लोग। अमृत विचार

## देश के प्रत्येक भट्ठा मालिक के लिए महासंघ सजग : अतुल

महासंघ के मुख्य चुनाव अधिकारी अतुल कुमार सिंह ने कहा कि महासंघ सम्पूर्ण भारत वर्ष के ईंट भट्ठे वालों की समस्याओं के समाधान के लिये उच्चस्तरीय प्रयास करेगा। भारत वर्ष का प्रत्येक भट्ठा स्वामी हमारे लिये महत्वपूर्ण है। सभी के हितों के लिये महासंघ सदैव सजग है। बैठक में पंजाब के अध्यक्ष रमेश मोही, हरियाणा से अजीत सिंह यादव, उत्तर प्रदेश महामंत्री गोपी श्रीवास्तव, तमिलनाडु से रत्ना शेखर, आसाम से विपुल मालाकार, त्रिपुरा से विश्वजीत सरकार, जम्मू कश्मीर से अध्यक्ष अब्दुल अज़ीजधार, मध्यप्रदेश से रमेश चन्द्र प्रजापति, पश्चिम बंगाल से अशोक तिवारी व दिलीप कुमार घोष, बिहार महामंत्री इंजीनियर प्रभात, झारखण्ड से अनन्त नाथ सिंह, आन्ध्र से केवी चौधरी सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

## लापरवाह अधिकारियों के कार्यालय में तालाबंदी की दी चेतावनी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** किसानों समस्याओं को लेकर बुधवार को तिकोनिया पार्क में भाकियू ने मासिक पंचायत लगाई। समस्या निस्तारण में अधिकारियों से किसान समस्याओं के निस्तारण में हीला हवाली पर कार्यकर्ताओं ने नारजागी जताई। चेतावनी दी कि यदि समस्या निस्तारण में देरी की गई तो ऐसे विभाग के अधिकारियों के कार्यालयों में तालाबंदी करके आंदोलन शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में पहुँचे सदर तहसील के नायब तहसीलदार गौरीशंकर वर्मा को 10 सूत्री ज्ञापन सौंपा। पूर्व से लंबित सात सूत्री समस्याओं का समयबद्ध तरीके से प्रशासन से निस्तारण न किए जाने पर पंचायत ने रोष व्यक्त किया। नेतृत्व महिला विंग की जिलाध्यक्ष सुमन पांडेय व संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राम जनम सिंह यादव ने किया। पंचायत को प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा, जिलाध्यक्ष राम जनम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा गोस्वामी, जिला संरक्षक डॉ. हजारीलाल चौरसिया आदि ने संबोधित किया।

## जिपं अध्यक्ष ने सौ शैय्या अस्पताल का किया निरीक्षण



कुमारगंज सौ शैय्या अस्पताल का निरीक्षण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने बुधवार को मिल्कीपुर विधानसभा के कुमारगंज सौ शैय्या अस्पताल और कम्पोजिट विद्यालय कुचेरा का निरीक्षण किया। इससे पूर्व उन्होंने आशा देवी मंदिर पिठला कुमारगंज में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में पहुंच कर कलश यात्रा को रवाना किया।

कुमारगंज सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से वार्ता की। मरीजों ने काफी दिनों से रेडियोलाजिस्ट की तैनाती न होने कारण अल्टासाउंड न होने की बात कही। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने डिप्टी सीएम से वार्ता कर जल्द तैनाती का आश्वासन दिया। कम्पोजिट विद्यालय कुचेरा बाजार में निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं से बातचीत की। उनके शैक्षिक स्तर को परखा। इस दौरान उनके प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, चन्द्रबली सिंह, प्रधान डीके सिंह, सुरेन्द्र, भगवती सहित जिला पंचायत के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल ने विधानसभा वार अध्यक्ष किये घोषित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा कीगई। इसके लिए जिले में विधानसभा वार अध्यक्षों की घोषणा की गई।



प्रेस क्लब में आयोजित बैठक में मौजूद रालोद के पदाधिकारी।

प्रेस क्लब में बुधवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष बलराम यादव की अध्यक्षता में हुई। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्षों की घोषणा की गई। इसमें अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से श्रीनाथ कोरी, बीकापुर से अनिल पांडेय, गोसाईंगंज से रामजी राम यादव, मिल्कीपुर से रामगोपाल रावत और रूदौली से शोभाराम यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। शिव प्रसाद यादव (बब्लू यादव) को जिला उपाध्यक्ष, अजीत वर्मा को जिला सचिव का पदभार सौंपा गया। बैठक में गन्ना समितियों के चुनाव को लेकर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष बलराम यादव ने कहा कि गन्ना डायरेक्टर के चुनाव में जिस प्रकार से सत्ता पक्ष के गठबंधन दल रालोद को नामांकन करने से रोककर लोकतंत्र का गला घोटा गया उसकी जितनी निंदा की जाय कम है। अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी बूथ स्तर तक संगठन बनाएगी। बैठक में एससी-एसटी प्रकोष्ठ अवध जोन अध्यक्ष बेचूलाल ज्ञान, अवध जोन सचिव नेतराम वर्मा, जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा, युवा रालोद जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, अवध जोन सचिव हरिश्चंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महन्थ, देवी सरन वर्मा, अवधेश रावत, राम-लक्ष्मण कोरी आदि मौजूद रहे।

## जगमग होगी रसोइयों की दीपावली, जारी हुए 12 लाख

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्राथमिक विद्यालय के रसोईयों की दीपावली अब अच्छे से मनेगी। दीपावली से पहले इनके पारिश्रमिक के मद में 12 लाख रूपये का आवंटन कर दिया गया। प्राथमिक विद्यालय में संचालित या प्रथिमक विद्यालय के दो सौ मीटर परिधि में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को को-लोकेटेड आंगनबाड़ी कहा जाता है। प्राथमिक विद्यालय में तैनात रसोईयों से आंगनाबड़ी केंद्र के तीन से छह साल के बच्चों के लिए हॉट कुक्ड मील योजना के तहत भोजन बनाने के लिए प्रति लाभार्थी 50 पैसे की दर से पारिश्रमिक भुगतान दिए जाने की व्यवस्था है। यह भुगतान बाल विकास विभाग से किया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रस्ताव पर जिलाधिकारी ने मार्च से मई तक ब्लाकवार पारिश्रमिक भुगतान की धनराशि दिए जाने का पत्र जारी कर दिया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी एके त्रिपाठी ने बताया कि जिले में 2381 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1821 को-लोकेटेड की श्रेणी में है।इन केंद्रों से संबंधित विद्यालयों में रसोईयों की संख्या 3036 है।मार्च से मई तक का इनका भुगतान 12लाख 03 हजार 782 रुपये बनता है। बताया कि यह धनराशि उनके खाते में पहुंच रही है।

# कृषि विवि पहुंची आठवीं पंचवर्षीय समीक्षा टीम, परखे काम

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** कृषि मौसम विज्ञान विभाग में संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के मूल्यांकन के लिए आठवीं पंचवर्षीय समीक्षा टीम बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंची। टीम के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में बैठक कर कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में टीम के चेयरमैन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक प्रो. पंजाब सिंह और सदस्य के तौर पर वी.एन. एम.के.वी, परभणी के कुलपति डॉ. इन्द्रमणि मिश्र, आरवीएसकेवीवी ग्वालियर के पूर्व कुलपति डॉ. अनिल कुमार सिंह, ओयूएटी भुवनेश्वर के पूर्व कुलपति डॉ. सुरेंद्र नाथ पशुपालक, पीडीकेवी के पूर्व कुलपति डॉ. विलास मधुकर राव



कृषि विश्वविद्यालय में निरीक्षण करते पंचवर्षीय समीक्षा टीम के अधिकारी। अमृत विचार

**▸▸ कुलपति ने टीम को विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का दिया ब्योरा**

भाले, डॉ. पलानिस्वामी, सदस्य सेक्रेटरी डॉ. जी. रवींद्रचारी, डॉ. संतनू कुमार और बीएचयू वाराणसी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एकेनेमा मौजूद रहे। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विभिन्न गतिविधियों से टीम को अवगत कराया। कुलपति ने बताया कि यह प्रदेश का एक मात्र कृषि विश्व विद्यालय है। जिसमें कृषि मौसम विज्ञान विभाग संचालित है। इसके अलावा फसल मौसम अन्तरक्रिया के अंतर्गत अनाज, दलहनी एवं तिलहनी फसलों के साथ-साथ सब्जी एवं औद्यानिक फसलों तथा लाइवस्टॉक में भी शोध कार्य संचालित किये जा रहे हैं। 28 लाख किसानों को मौसम पूर्वानुमान एवं मौसम आधारित कृषि परामर्श नियमित रूप से विभिन्न संचार माध्यमों से उपलब्ध कराया जा रहा है। परियोजना समन्वयक डॉ एके सिंह द्वारा पांच वर्षों में किये गए शोध कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सीताराम मिश्रा ने विभाग में शैक्षिक, शोध एवं प्रसार गतिविधियों की जानकारी समिति के समक्ष रखी। समीक्षा बैठक के बाद टीम ने मूल्यांकन के लिए प्रक्षेत्र पर शोध कार्यों एवं मौसम वेधशाला का निरीक्षण किया।



कबड्डी के मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी को दबोचते खिलाड़ी। अमृत विचार

## कबड्डी में शिवदासपुर, वॉलीबॉल में पूराकलंदर और रस्साकशी में मधुपुर बना विजेता

**दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का समापन**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भरतकुंड के एमजेएस पब्लिक स्कूल में चल रही दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडेय रहे। उन्होंने दीप प्रज्जवलन कर प्रतियोगिताओं की शुरूआत की। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कबड्डी की 25, वालीबॉल की 18 और रस्साकसी की 16 टीमों ने भाग लिया। कबड्डी में शिवदासपुर की टीम ने रैथुआ को पराजित कर विजेता बनी। वॉलीबॉल में पूराकलंदर ने बनके गांव को हराया। रस्सकशी में मधुपुर ने महावा की टीम को हरा कर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता बनी। लोकसभा के सभी ब्लॉकों में दो दिवसीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विजेता व उपविजेता टीमों का लोकसभा स्तर पर फाइनल मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि ने सम्मान पत्र, ट्रॉफी व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में कमला शंकर पांडे, राघवेंद्र पांडे, रविंद्र श्रीवास्तव, ऋषिकेश वर्मा, धर्मराज वर्मा, आयोजन समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश वर्मा, बलवंत सिंह, माता प्रसाद वर्मा सहित अन्य लोग थे।

# 'परख' की राह तकती रह गईं 3050 बच्चों की आंखें !

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की आंखों का जांच अभियान परवान नहीं चढ़ सका। बेसिक शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय के अभाव में 3050 नौनिहालों की आंखें परख के लिए राह तकती रह गईं। छह महीने से अधिक बीत जाने के बाद भी शासन की ओर से निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सका। इसमें प्रधानाध्यापकों और खंड शिक्षा अधिकारियों ने ही दिलचस्पी नहीं दिखाई। विभाग के आला अधिकारी भी शासन के इस निर्देश को लेकर चुप्पी साधे बैठे रहे। गंभीर बात यह है कि दोनों विभाग एक-दूसरे से तालमेल ही नहीं बिठा पाए जिसके कारण अब लक्ष्य पाना कठिन हो गया है।

स्कूलों में बच्चों की आंखों की जांच लड़खड़ा गई है। सितंबर माह तक सिर्फ 30 फीसदी लक्ष्य ही पूरा हो सका है। स्वास्थ्य विभाग को बेसिक शिक्षा विभाग से समन्वय कर 4,474 से अधिक बच्चों की आंख की स्क्रीनिंग करनी थी। सितंबर माह तक 1,424 बच्चों की ही जांच हो सकी है। इस तरह करीब 70 प्रतिशत बच्चों की स्क्रीनिंग होना अभी बाकी है। दिसंबर में शीतकालीन अवकाश और मार्च में परीक्षा को देखते हुए लक्ष्य पूरा होना मुश्किल हो गया है। राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्कूलों में बच्चों की आंख की स्क्रीनिंग की जाती है। इसके तहत पांच साल से 12 साल तक के बच्चों की आंखों की जांच की जाती है। जांच में जिन बच्चों की आंखें कमजोर मिलती है उनको निशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया जाता है। हर साल प्राइमरी स्कूलों में होने वाले दाखिले के अनुसार जिलों का लक्ष्य तय किया जाता है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग को नियमित रूप से डाटा ही नहीं उपलब्ध कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी कि वह स्क्रीनिंग को लेकर साप्ताहिक रिपोर्ट देगें लेकिन महीनों बीत गए अभी तक एक भी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है।

**सूरत-ए-हाल**

- ▸▸ शिक्षा विभाग के स्वास्थ्य विभाग से समन्वय के अभाव में प्रभावित हुए नौनिहाल
- ▸▸ जिले में केवल 30 फीसदी बच्चों की आंखों की हुई स्क्रीनिंग, लक्ष्य था 4474 की जांच का, हुई 1424 बच्चों की जांच



परिषदीय विद्यालय में पढ़ते बच्चे।

> बच्चों की आंखों की स्क्रीनिंग में अभी लक्ष्य नहीं पूरा किया जा सका है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को स्थानीय सीएचसी से समन्वय कर जांच कराने के लिए फिर पत्र भेजा गया है।
> –संतोष कुमार राय, बीएसए।

## सार-संक्षेप




सदर तहसील स्थित संघ भवन में बैठक करते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी।

### दीपावली के पूर्व वेतन के साथ डीए और बोनस दिया जाए

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक तहसील सदर स्थित संघ भवन में बुधवार को हुई। बैठक में परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से दीपावली के पूर्व वेतन के साथ-साथ डीए और बोनस दिलाए जाने की मांग की। साथ ही कहा कि दीपावली से पहले 28 अक्टूबर तक केंद्र के समान डीए और वेतन सभी कर्मचारियों के खाते में दिए जाने के लिए आदेश जारी किया जाए। जिससे कर्मचारियों की दीपावली फीकी न होने पाए। बैठक में परिषद के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, मंत्री राम प्रकाश सिंह, प्रवक्ता डेनियल भारती, उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार, मंत्री कोषागार कर्मचारी संघ विनय कटियार, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के मंत्री विक्रम सिंह, अमीन संघ के मंत्री रणजीत सिंह, अनुसेवक संघ के रामजस आदि मौजूद रहे।

### सात दिवसीय रामलीला शुरू



रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगौली में सात दिवसीय रामलीला का शुभारंभ मंगलवार रात हुआ। उद्घाटन प्रधान प्रतिनिधि अनिल तिवारी ने किया। स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला में नारद मोह, विश्व मोहिनी स्वयंवर, सरवन कुमार लीला का मार्मिक मंचन किया गया। शुभारंभ अवसर पर प्रबंधक एसपी सिंह सनी, व्यवस्थापक गणेश सिंह, सतीश सिंह, गुलाब सिंह, आकाश पांडे, रामजतन, रामदेव यादव, कृष्ण मोहन पांडे सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पुस्तकालय में संवाद प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता में मौजूद निर्णायक मंडल के लोग। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजकीय जिला पुस्तकालय में एक दिवसीय संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व पुस्तकालय अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव ने किया। प्रिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का शीर्षक वर्तमान भारतीय परिदृश्य में आज के युवा रहा। पुस्तकालय के पाठकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एसएसवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मणि शंकर त्रिपाठी, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रवक्ता राजेश व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की हिंदी प्रवक्ता प्रकृति वर्मा निर्णायक मंडल सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में आकाश मिश्रा को प्रथम, फरहान व नीलिमा को द्वितीय, गार्गी भारती व आंचल तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। संचालन शाल्वी श्रीवास्तव, सोमिल, सुषमा व निशांत द्वारा किया गया।

**नंदीग्राम महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक धीरज कांत ने अपने गीतों से लगाए चार चांद, झूमें श्रोता**

# जवने नगरिया में सरयू बहत हैं . . .



गीत प्रस्तुत करतीं लोक गायिका आरू मिश्रा।

मसौधा अयोध्या

**अमृत विचार :** जवने नगरिया में सरयू बहत हय, वही हमरे प्रभु के रामनगरी, कोई आया सखी देखन फुलवरिया में, चलो चली जैसे अनेकों गीतों की बेजोड़ प्रस्तुतियों ने नंदीग्राम महोत्सव के रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये।

विख्यात बिहारी लोक गायक धीरज कांत ने अपने गीतों से दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने के लिए विवश किया। गणेश वंदना के साथ शुरू हुआ गीत संगीत का सांस्कृतिक कार्यक्रम आधी रात तक चलता रहा। श्रोताओं से खचाखच भरा पंडाल जहां तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता दिखा। वहीं गायिका आरू मिश्रा और




नंदीग्राम महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं लोक गायिका आरू मिश्रा एवं उनकी टीम।

बिहारी गीतों की सरताज कहीं जाने वाली गायिका प्रियंका यादव के भजनों पर महिलाएं घंटों झूमती रहीं। इसके पूर्व मंचासीन नंदीग्राम महोत्सव के अध्यक्ष महंत भागवत दास महाराज की अगुवाई में भरत चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ।

इसके बाद बिहारी लोक गायक धीरज कांत द्वारा गणेश और सरस्वती वंदना के गीतों पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग भी भक्ति भावना में गोते लगाते नजर आए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जिला अध्यक्ष कमला शंकर पांडे द्वारा दीप प्रचलन से शुरू हुआ जो देर रात तक अनवरत जारी रहा। इस बीच बिहार से आए अनेकों कलाकारों ने नाटक का मंचन किया और अपनी कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए लोगों को लुभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ में लोक गायिका आरू मिश्रा ने अपने गीतों की प्रस्तुति में गाया की 'जवने नगरिया में सरयू बहत है... मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी की वही नगरी' तत्पश्चात बिहारी लोक गायिका प्रियंका यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया कि 'कोई आया सखी फुलवरिया में' के गीतों पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने खूब सराहा।

## आध्यात्मिक रूप से पूतना अविद्या है : द्विवेदी



ऐमी आलापुर में आयोजित कथा में आशीर्वाद लेते पूर्व विधायक खब्बू तिवारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** ऐमीआलापुर में राम चरित्र तिवारी के आवास पर चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथा व्यास आचार्य ज्ञान चंद्र द्विवेदी ने कहा कि श्रीमद्भागवत में केवल भगवान ही प्रतिपाद्य हैं भग छह होते हैं। ज्ञान, वैराग्य, धर्म, ऐश्वर्य, यश और श्री। यह जिसमें नृत्य निवास करते हैं उसको भगवान कहते हैं। उन्हीं भगवान का प्रतिपादक होने के कारण इस पुराण का नाम भागवत है। वह पांचवें दिन भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन सुना रहे थे। कथा श्रवण करने वालों में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू तिवारी, भोला शंकर शुक्ला, मंगल शुक्ला, सरवन तिवारी आदि थे।




## आज का मौसम

24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने एवं पूर्वी हवा चलने के आसार हैं।

33.0° अधिकतम तापमान | 19.5° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- अयोध्या में दीपोत्सव को लेकर नोडल अधिकारी द्वारा समितियों के साथ घाटों का निरीक्षण सुबह 11.00 बजे से।
- प्रदेशीय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सुबह 11.00 बजे से।
- यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन का क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर धरना सुबह 11.00 बजे से।
- सपा की युवजन सभा द्वारा समीक्षा बैठक गुलाबबाड़ी कार्यालय पर दोपहर 2.00बजे से।

# दीपोत्सव 2024 : छह देशों के कलाकार प्रस्तुत करेंगे रामलीला

## सरयू में राम की पैड़ी पर जलधारा के बीच भव्य स्टेज पर प्रस्तुति देंगे कलाकार ▶ 28 से 30 अक्टूबर तक होंगे विविध सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 28 से 30 अक्टूबर तक रामनगरी में दीपोत्सव का आयोजन होगा। आठवें दीपोत्सव पर 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित होंगे। दीपोत्सव का शुभारंभ साकेत से चार किमी. तक शोभायात्रा में कलाकारों के विभिन्न दलों द्वारा रामायण के विविध प्रसंगों पर आधारित आयोजन व मंचन किया जाएगा। इस बार दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी रहेंगे।

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री व अतिथियों की मौजूदगी में इस बार लक्ष्मण किला घाट से नया घाट तक 1100 वेदाचार्यों के साथ सरयू आरती कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। वहीं लाखों दीपों के मध्य अवरिल सरयू धारा, राम की पैड़ी पर पानी के बीच भव्य स्टेज पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व लेजर शो होगा।

▶▶ केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रहेंगे विशेष अतिथि



### आईसीसीआर का लिया जाएगा सहयोग

आठवें दीपोत्सव में छह देशों के कलाकार रामलीलाओं का मंचन करेंगे। इसमें थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, मलेशिया व नेपाल के कलाकार हिस्सा लेंगे। इसमें आईसीसीआर का सहयोग लिया जाएगा।

### 16 राज्यों के कलाकार अपनी संस्कृति से कराएंगे अवगत

दीपोत्सव के दौरान रामनगरी में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित 16 राज्यों कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, असम, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, बिहार, चंडीगढ़, सिक्किम, छत्तीसगढ़ के कलाकार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वहीं दीपोत्सव-2024 में गुप्तार घाट, बड़ी देवकाली, तुलसी उद्यान, हनुमानगढ़ी, रामपथ, रामकथा पार्क, सरयू तट, राम की पैड़ी आदि स्थानों पर देश-विदेश के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही भव्य ड्रोन शो, म्यूजिकल लेजर-शो आदि भी होंगे।

## 1100 दीप गाय के गोबर से बने गुप्तारघाट पर होंगे प्रज्ज्वलित

▶▶ नगर निगम ने व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलाने के लिए धाम को 5 जोन व 20 सेक्टर में बांटा

# 60 वार्डों के मंदिर भी होंगे जगमग, प्रत्येक में पहुंचेंगे 1500 दीप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर निगम अयोध्या आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियों में जुट गया है। पहली बार 60 वार्डों के मंदिरों को दीपों से जगमग करने की तैयारी है। इसके लिए नगर निगम पार्षदों को 1500-1500 दीप, बाती व तेल का इंतजाम कराएगा। बैसिंह गोशाला में गाय के गोबरों से बने 1100 दीये गुप्तारघाट पर प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर निगम प्रशासन ने मेला क्षेत्र को 5 जोन व 20 सेक्टर में बांटा है। सफाई व्यवस्था के लिए 2247 कर्मचारी उतारे गए हैं।

महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बुधवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए उक्त जानकारी दी। बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है। इसकी चर्चा पूरे विश्व में है। उन्होंने बताया कि इस बार 29 लाख दीपक प्रज्जवलित होंगे। अंडर पास को फूल व झालरों के माध्यम से सजाने की तैयारी है। रामपथ पर विशेष तौर पर सफाई अभियान चलेगा। यहां फुटपाथ की धुलाई के साथ मीडियन की पोताई का कार्य किया जाएगा।



सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा

### सफाई के लिए उतारी जाएंगी उत्कृष्ट मशीनें

नगर निगम सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिए पांच मैकेनिकल स्वीपर, चार लिटर पिकर, घाटों की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रेशर वाशर और डिश प्रेशर वाशर आदि संसाधनों को सम्मिलित किया गया है। रात्रि में कार्यक्रम के उपरान्त घाटों से दीये हटवाये जाने व बालू छिड़काव की व्यवस्था की जायेगी।

कहा कि दीपोत्सव में बड़ी संख्या में स्वंयसेवक व श्रद्धालु आते हैं। इनके लिए 30 मोबाइल टायलेट की व्यवस्था की गई है। दीपोत्सव के बाद दीपक को उठाने व घाटों की सफाई के लिए एक हजार कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय व बागीश शुक्ला मौजूद रहे।

## स्वयं सेवकों को आज मिलेगा आईकार्ड

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने रामनगरी के दीपोत्सव-2024 की भव्यता के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप दीपोत्सव को अलौकिक एवं भव्य बनाने के लिए राम की पैड़ी के 55 घाटों पर 30 हजार स्वयं सेवकों के सहयोग से 28 लाख दीपों को सजाने के साथ 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनायेंगे। सभी स्वयं सेवक दीपोत्सव के लोगो में सफेद टी-शर्ट व कैप में नजर आयेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन आज गुरूवार से परिसर, सम्बद्ध महाविद्यालयों, इंटर कॉलेज व स्वयंसेवी के स्वयंसेवकों को आईकार्ड का वितरण प्रारम्भ कर देगा। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि अयोध्या के दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए सरयू के 55 घाटों पर 12 से अधिक पर्यवेक्षक तैनात किए है। इसके अलावा 55 घाट समन्वयक व घाट प्रभारी नियुक्त किए है। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 25 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे दीपोत्सव को भव्य एवं दिव्य के लिए अंतिम प्रशिक्षण बैठक स्वामी विवेकानंद सभागार में होगा। जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक, जिला विद्यालय निरीक्षक, दीपोत्सव में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, समस्त समन्यकगण, घाट प्रभारी एवं स्वयं सेवक प्रतिभाग करेंगे।



### कर्नाटक की नृत्यांगनाओं ने राम की पैड़ी पर किया रिहर्सल

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में दीपोत्सव का उत्साह दिखाई देने लगा है। बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालु सड़कों पर नाचते गाते हुए मठ मंदिरों में दर्शन पूजन कर रहे हैं। दूसरी ओर सरयू के तट पर दीपोत्सव में छटा बिखेरने के लिए रिहर्सल भी शुरू कर दिया गया है। कर्नाटक के मैसूर की 45 नृत्यांगनाओं ने राम की पैड़ी पर रिहर्सल किया है। मुख्य कलाकार नागलक्ष्मी ने कहा कि राष्ट्र जागृति अभियान संस्था की तरफ से अयोध्या आए हैं।



रामलला के दर्शन करने झूमते नाचते रामपथ पर जाता श्रद्धालुओं का जत्था।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली रेलवे स्टेशन पर बुधवार देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उमेश पुत्र महेश निवासी ग्राम मुहामिदपुर कोतवाली रुदौली के रूप में हुई है। रुदौली जीआरपी चौकी प्रभारी शिवानन्द यादव ने बताया कि युवक दून एक्सप्रेस ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था, पैर फिसलने से युवक की मौत हो गई। बाराबंकी जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सर्वर रहा डाउन, बनें ऑफलाइन पर्चे

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बुधवार को सर्वर डाउन हो जाने के बाद मरीजों को ओपीडी के लिए रजिस्ट्रेशन कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सर्वर ठप होते ही दोपहर के समय नए भवन में मरीजों की लाइन लग गई। सर्वर रुक-रुक कर काम कर रहा था। इसके बाद कर्मचारियों ने ऑफलाइन पर्चे काटे। इस संबंध में जब अधीक्षक से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन ही नहीं लगा।



# रिश्वत के मामले में कैन्ट बोर्ड का जेई भी गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

▶▶ सीबीआई एन्टी करप्शन टीम ने की कार्रवाई, मेट को पहले दबोचा था

**अमृत विचार:** घूस लेते रंगे हाथ मंगलवार देर शाम पकड़े गये छावनी परिषद अयोध्या के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मेट विजय कुमार के बाद सीबीआई की एन्टी करप्शन टीम ने बुधवार को इसमें शामिल अवर अभियन्ता(जेई) अमित द्विवेदी को भी गिरफ्तार कर लिया। टीम उसे अपने साथ लेकर लखनऊ चली गई। छावनी परिषद कार्यालय में दो माह के भीतर दूसरी बार सीबीआई का छापा पड़ने से हड़कंप का माहौल रहा।

छावनी परिषद की मुख्य अधिशासी अधिकारी जिज्ञासा राज ने बुधवार को बताया कि सीबीआई एन्टी करप्शन टीम ने शिकायत पर जेई को गिरफ्तार अपने साथ ले गई। छावनी क्षेत्र में कार्यालय के बाहर छावनी परिषद के स्थाई कर्मचारी मेट विजय ने सूखे पेड़ की लकड़ी नीलामी के आदेश करवाने के एवज में 10 हजार रुपये की घूस मांगी थी। इसकी शिकायत पर सीबीआई एन्टी करप्शन टीम ने मंगलवार को कार्रवाई की। तय योजना के तहत घूस लेते ही टीम ने मेट विजय को मंगलवार शाम रंगे हाथों दबोच लिया और उसे लेकर छावनी परिषद कार्यालय पहुंची। रात करीब आठ बजे कार्यालय कर्मचारियों व सीईओ को बुलाया गया। मुख्यद्वार बंद कर घंटों जांच चली। सीईओ जिज्ञासा व कार्यालय कर्मियों से भी टीम ने पूछताछ की। इस बीच सीबीआई टीम ने मेट विजय से संविदा कर्मी जेई अमित को फोन करवाया। फोन पर पैसा मिलने की बात व उसके संलिप्तता की पुष्टि होने के बाद टीम ने जेई अमित द्विवेदी को भी देर रात उनके आवास से धर दबोचा। छावनी क्षेत्र में सूखे पेड़ों की कटाई के बाद 1, 37,500 रुपये की लकड़ी की नीलामी होनी है। उसके लिए नीलामी आदेश करवाने के नाम पर घूस मांगी गई थी। सीईओ जिज्ञासा ने बताया कि सीबीआई टीम में छह लोग शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद टीम ने जेई अमित के आवास पर भी छानबीन की और संबन्धित कागजात अपने साथ ले गई। सीईओ ने कहा कि सीबीआई टीम का आना किसी अन्य मामले को लेकर नहीं था।



कैंट स्थित अवर अभियंता के घर में छानबीन करती सीबीआई की टीम।

## सार-संक्षेप

### कार से टकरा कर खाई में गिरी डीसीएम, तीन घायल

**मसौधा अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र में अयोध्या- प्रयागराज हाईवे पर मंगलवार रात तेज रफ्तार कार और डीसीएम में टक्कर हो गई। घटना में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। कार क्षतिग्रस्त हो गई और डीसीएम खाई में चली गई। दिव्यांशु चौहान निवासी बछड़ा सुल्तानपुर अयोध्या डीसीएम से सुल्तानपुर की दिशा में जा रहा था। अरूवावां गांव के सामने विपरीत दिशा से जा रही तेज रफ्तार कार डीसीएम से टकरा गई। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि खाई में गिरी डीसीएम को निकलवाया गया। चालक दिव्यांशु चौहान को हल्की चोटें आई जिसे सीएचसी मसौधा भिजवाया गया। ग्रेटर नोएडा नई दिल्ली निवासी सौरभ पांडेय के नाम से पंजीकृत कार में सवार लोग घायल बताए गए हैं। पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही खुद जिला अस्पताल चले गए।

### एचआईवी संक्रमितों को किया गया जागरुक

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के लिए एआरटी केन्द्रों से सामाजिक सुरक्षा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें संक्रमण से बचाव के साथ संक्रमित होने की स्थिति को लेकर जानकारी दी गई। ऐसे लोगों के समाज के मुख्य धारा में बनाए रखने के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि बुधवार को मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा ही इसका बचाव है। यदि कोई व्यक्ति इससे ग्रसित है तो उसे बिना किसी शर्म व झिझक के चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए और उसके द्वारा बताए गए उपचार पर अमल करना चाहिए। जागरूकता शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा, एआरटी नोडल अधिकारी डॉ. मो. अकरम, एआरटी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश प्रसाद मौर्या, ओएसटी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी मौजूद रहे।

### 2.28 करोड़ से बनेगा उप निबंधक कार्यालय, हुआ भूमि पूजन

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मिल्कीपुर उपनिबंधन कार्यालय के नये भवन का भूमिपूजन गुरुवार को हुआ। तहसील के बगल स्थित नलकूप विभाग के भवन में सन् 1995 से उपनिबंधन कार्यालय चल रहा था, अभी तक इस विभाग के पास अपना स्वयं का भवन नहीं था। रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को कार्यालय पहुंचने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। शासन के निर्देश पर गुरुवार को इनायत नगर के छता का पुरवा आस्था मैरिज लान के बगल चिन्हित भूमि पर भूमि पूजन हुआ। उप महानिरीक्षक निबंधन निरंजन कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबंधन योगेन्द्र प्रताप ने बताया कि 2 करोड़ 28 लाख की लागत से भवन का निर्माण हो रहा है जो मार्च तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस मौके पर संजय कुमार यादव उप निबंधन मिल्कीपुर, डॉ. अमृता जायसवाल उपनिबंधन बीकापुर, सुनील कुमार मौर्य अवर अभियंता निर्माण खण्ड मौजूद रहे।

### दीपोत्सव के लिए 26 को झारखंड से आएंगे 150 रामभक्त



दीपोत्सव में अयोध्या आने को तैयार झारखंड के रामभक्त।

**अयोध्या, अमृत विचार :** झारखंड के श्रीराम जानकी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट विगत कई वर्षों से दीपोत्सव कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाता रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजसेवी सुनील कुमार सिंह व प्रवक्ता शशि रावत के नेतृत्व में आदिम पहाड़िया जनजाति के 150 राम भक्त झारखंड के पाकुड़ गोड्डा दुमका से 26अक्टूबर को अयोध्या आएंगे। प्रवक्ता शशि रावत ने बताया कि सभी रामभक्तों के रहने खाने की निशुल्क व्यवस्था राम जानकी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा की जा रही है।

### महिला आरक्षियों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



रुदौली कोतवाली में महिला आरक्षियों को प्रशिक्षित करतीं ट्रेनर। अमृत विचार

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली, थाना पटरंगा,थाना मवई, थाना बाबा बाजार की महिला आरक्षियों के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन मिशन शक्ति के तहत किया गया। कोतवाली में हुई तीन घंटे की कार्यशाला में महिला महिला प्रशिक्षकों ने महिला आरक्षियों को प्रशिक्षित किया।आत्म रक्षा का डेमो भी दिया गया। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने बताया कि महिला आरक्षी को आत्मरक्षा के बारे में जानकारी दी जा रही।महिला आरक्षी की तैनाती ग्रामीण अंचल के साथ सुदूर क्षेत्र में भी रहती है। बिना शस्त्र के अपनी रक्षा कैसे की जाए इसको लेकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर कोतवाल संजय मौर्य, चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी, चौकी प्रभारी किला मुनि मनदुबे, नयागंज अविनाश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### अवध विवि में धरना दे रहे शिक्षकों से कुलपति ने की वार्ता

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय परिसर में धरना दे रहे आवासीय शिक्षक संघ के शिक्षकों से वार्ता करने बुधवार को कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल खुद धरना स्थल पर पहुंची। उन्होंने शिक्षकों से वार्ता की और धरना समाप्त करने की अपील की। हालांकि शिक्षकों ने धरना समाप्त करने से इंकार कर दिया। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र भी पहुंचे और वार्ता की। उन्होंने दीपोत्सव को लेकर धरना समाप्त करने और मांगों पर विचार का आश्वासन दिया। इसके बाद भी शिक्षक नहीं माने। संघ के महामंत्री प्रो. राना रोहित सिंह ने कहा कि जब तक लिखित नहीं दिया जाएगा धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का रुख ठीक नहीं है।

# जीवित प्रमाण पत्र के लिए पेंशनरों को नहीं लगाने होंगे विभागों के चक्कर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** अब पेंशनरों को जीवित प्रमाणपत्र (डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट) जमा करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। हाथ का फिंगर प्रिंट नहीं भी आ रहा है तो भी जीवित प्रमाण पत्र बन जाएगा। यह व्यवस्था अब डाक विभाग ने शुरू की है। पेंशनर को केवल डाकिया से संपर्क करना होगा। प्रवर डाक अधीक्षक ने बुधवार को इसको लेकर विभाग के लोगों के साथ बैठक की। इसे प्रभावी करने का निर्देश दिया।

पेंशनरों को हर साल सामान्यतया नवंबर और दिसंबर माह में कोषागार, बैंक या संबंधित विभाग में जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए दूरदराज इलाके के पेंशनरों को कोषागार आने में दिक्कत होती है। डाक विभाग ने पेंशनरों को इससे निजात दिलाने के लिए नई पहल शुरू की ही। इससे पेंशन प्राप्त करने के लिए दिए जाने वाले जीवित प्रमाण पत्र के लिए कोषागार, बैंक या अन्य किसी विभाग में जाने की जरूरत नहीं होगी। घर बैठे डाकिया के माध्यम से वह प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं।

प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव ने बताया कि पेंशनर अपने नजदीकी शहरी अथवा ग्रामीण डाकघर के डाकिया के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं। इसके लिए उन्हें मात्र 70 रुपये देने होंगे। कहा कि अब जीवित प्रमाण पत्र फिंगर प्रिन्ट के अलावा चेहरे से भी बन सकेगा जबकि इससे पहले सिर्फ फिंगर प्रिंट से ही सुविधा लागू थी । जीवन प्रमाण पत्र बनने के बाद यह प्रमाण पत्र स्वतः संबंधित विभाग को ऑनलाइन पहुंच भी जाएगा। इससे पेंशन मिलने में कोई रुकावट नहीं आएगी। यह सुविधा सभी डाकघरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने बताया कि पेंशनर इस सुविधा को लेने के लिए अपने डाकिया के साथ-साथ पोस्ट इन्फो मोबाइल एप से ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर को आधार नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक या डाकघर खाता संख्या और पीपीओ नंबर देना होगा।

बैठक में इंडिया पोस्ट पेमेण्ट के वरिष्ठ प्रबंधक चेतन जायसवाल, सहायक प्रबंधक पंकज पाल, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, विकास अधिकारी चन्द्रेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डाक विभाग के प्रवर अधीक्षक हरे कृष्णा यादव।

### सुविधा

▶▶ घर बैठे डाकिया से बनवाएं जीवित प्रमाण पत्र : यादव

▶▶ प्रवर डाक अधीक्षक ने कहा- फिंगर प्रिन्ट के अलावा चेहरे से भी बनेगा प्रमाण पत्र

## अब जिले के परिषदीय विद्यालयों में भी होगी एस्ट्रो लैब

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** निजी स्कूलों की तर्ज पर अब परिषदीय विद्यालयों को भी अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। इसके लिए प्रथम चरण में जिले के सभी 11 ब्लॉकों के 24 परिषदीय विद्यालयों में सुविधाओं से लैस एस्ट्रो लैब की स्थापना की जाएगी। लैब में छात्रों को प्रैक्टिकल कराने के लिए दूरबीन से लेकर कंकाल मौजूद रहेंगे। छात्र संख्या समेत विभिन्न मानकों के आधार पर सभी ब्लॉक से स्कूलों का चयन किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## देवराकोट में कोटे के चुनाव प्रक्रिया रह गई अधूरी

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** पिछले कई महीने से दुर्व्यवस्थाओं पड़ी और विचाराधीन चल रही तहसील की ग्राम पंचायत देवराकोट में रिक्त पड़े सस्ते गल्ले की दुकान का चुनाव जिला अधिकारी के निर्देश पर गठित टीम के द्वारा बुधवार को शुरू हुआ लेकिन शाम तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई अधूरी ही रह गई। ग्राम पंचायत सचिवालय स्थित प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव की अध्यक्षता व तहसीलदार रिशू जैन, एडीओ पंचायत अनिरुद्ध सिंह वर्मा व तीन ग्राम विकास अधिकारी की देखरेख में चयन की बैठक हुई। चुनाव प्रक्रिया अधूरी रह गई और कोटेदार का चुनाव संपन्न नहीं हो पाया। नायब तहसीलदार रौनाही रिशु जैन ने बताया दो महिला समूह से आवेदन आए हैं। जय बजरंगबली सहायता समूह व जय मां लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह ने आवेदन किया है। दोनों का आवेदन लेकर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है।



# अयोध्या प्रथम सोलर सिटी, करें व्यापक प्रचार : मंडलायुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि अयोध्या प्रथम सोलर सिटी है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करके लोगों को सुविधाएं प्रदान करें। वह बुधवार को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों सहित योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि यूपीनेडा विभाग के तहत संचालित पीएम सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। इस योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए कॉमन सर्विस सेन्टर व ग्राम स्तर पर ग्राम स्तरीय अधिकारियों का सहयोग लिया जाए। कहा कि दिव्यांगजन पेंशन में फैमिली आईडी से संबंधित लंबित कार्यों के निस्तारण के लिए मुख्य विकास अधिकारी प्राथमिकता पर कार्य करें। जल जीवन मिशन के तहत कंट्रोल रूम से मॉनीटरिंग का कार्य जारी रखा जाए। जो कटिंग की गई है उसको यथाशीघ्र सही कराया जाए। उन्होंने कौशल विकास और ओडीओपी में नामित संस्थाओं से दिए जा रहे युवाओं के प्रशिक्षण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे जाने का निर्देश दिया। सिंचाई विभाग को सिल्ट की सफाई समय पर पूरा करने के लिए कहा। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंडित दीनदयाल स्ट्रीट लाइट योजना, विद्युत आपूर्ति ग्रामों का ऊर्जीकरण, कृषि विभाग, कृषि रक्षा रसायन, जल निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की प्रगति, सेतुओं का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बिन्दुवार विवरण संयुक्त विकास आयुक्त विजय कुमार ने प्रस्तुत किया। उन्होंने राजस्व कार्यों की भी समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी अयोध्या चंद्र विजय सिंह, जिलाधिकारी अमेठी निशा अनन्त, बाराबंकी सत्येन्द्र कुमार, सुल्तानपुर कृत्तिका ज्योत्सना, अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी, सीडीओ अयोध्या कृष्ण कुमार सिंह, बाराबंकी ए. सुथन, अमेठी सूरज पटेल, सुल्तानपुर अंकुर कौशिक, मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण, सिंचाई, विद्युत, अधीक्षण अभियंता गण, वन संरक्षक, अपर निदेशक शिक्षा, संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





आयुक्त सभागार में प्रगति रिपोर्ट की मंडलीय समीक्षा बैठक लेते कमिश्नर गौरव दयाल।

▶▶ सिल्ट की सफाई का काम समय से पूरा कराएं सिंचाई विभाग

# मुरादाबाद व गोरखपुर प्रदेशीय फुटबॉल प्रतियोगिता के खिताबी दौर में

अयोध्या कार्यालय

## प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का आज होगा समापन



प्रदेशीय सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल से पूर्व गोरखपुर टीम आरएसओ के साथ। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र फुटबॉल संघ के समन्वय से डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के सातवें दिन बुधवार को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें मुरादाबाद मंडल ने प्रयागराज मंडल को तथा गोरखपुर मंडल ने अयोध्या मंडल टीम को पराजित कर प्रतियोगिता के खिताबी दौर में स्थान सुनिश्चित कर लिया। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को फाइनल मुकाबले के बाद सुबह 11 बजे प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा।

प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को पहला सेमीफाइनल मुरादाबाद मंडल व प्रयागराज मंडल टीमों के बीच खेला गया। पहले हाफ में प्रयागराज टीम ने मुरादाबाद मंडल पर दो गोल मार कर 2-0 से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में मुरादाबाद टीम ने ताबड़तोड़ तीन गोल मारकर 3-2 से बढ़त बनाई। कुछ ही समय बाद दोनों टीम ने फिर एक-एक गोल किया और अंततः मुरादाबाद टीम ने बाजी पलटते हुए 4-3 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। गोरखपुर व अयोध्या मंडल के बीच खेला गया दूसरा सेमीफाइनल के पहले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में गोरखपुर मंडल के एक गोल के जवाब में अयोध्या मंडल ने एक गोल मारकर 1-1 से मैच ड्रॉ कर दिया। निर्णय के लिए टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया। इसमें गोरखपुर मंडल ने 4-1 से जीत हासिल कर खिताबी दौर में स्थान सुनिश्चित कर लिया। इस मौके पर चयनकर्ता व क्रीड़ाधिकारी उन्नाव मुकेश सब्बरवाल, पर्यवेक्षक आरिफ नजमी, उपक्रीड़ाधिकारी लखीमपुर खीरी मो. इरफान, बैडमिन्टन संघ के सचिव अनूप दुबे, उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद अंसारी, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाए जौहर



तारुन में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों की न्यायपंचाय टिकरी की खेलकूद प्रतियोगिता कम्पोजिट विद्यालय तारापुर के खेल मैदान में हुई। ध्वाजारोहण ग्राम प्रधान सुनील कुमार द्वारा किया गया। सरस्वती प्रतिमा पर दीपप्रज्ज्वलन प्रधानाध्यापक अरुण कुमार वर्मा, नोडल शिक्षक संतोष उपाध्याय और नरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। शिक्षक राम जी द्विवेदी ने बताया कि जूनियर बालक वर्ग कबड्डी की प्रतियोगिता में तारापुर जीती। कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में का खेल दौदहा विजयी रही। जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी में दौदहा टीम ने बरेहटा की टीम को हराया। प्राथमिक स्तर कबड्डी बालक वर्ग में टिकरी की टीम ने गुरौली को हराया। प्राथमिक बालिका वर्ग कबड्डी में तारापुर टीम जीती। फाइनल कबड्डी प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में तारापुर की टीम ने टिकरी को हराया। सुलेख प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर में प्रथम प्राथमिक विद्यालय तारापुर की अर्पिता, द्वितीय प्राथमिक विद्यालय टिकरी की महिमा राज व तृतीय स्थान पर रक्षा प्रजापति रही। सुलेख प्रतियोगिता जूनियर स्तर में तारापुर की रोशनी प्रथम, बरेहटा की रीता द्वितीय, दौदहा की अंतरा गोस्वामी तृतीय स्थान पर रही। दौड़ प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 100मी. तारापुर के शिवम प्रथम, के संतोष द्वितीय स्थान पर रहे। दौड़ प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग 100मी. में प्रथम व द्वितीय स्थान पर गुरौली की छात्राओं रक्षा व दीपशिखा ने बाजी मारी। दौड़ जूनियर स्तर बालक वर्ग 200मी तारापुर के अनुराग प्रथम व द्वितीय अनमोल रहे। बालिका वर्ग 200मी. प्रथम अनामिका तारापुर व द्वितीय शीलू, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरेहटा ने बाजी मारी। खेल में रेफरी की भूमिका में खेल अनुदेशक जितेंद्र मौर्य ने निभाई।

## शराब की दुकानों की हुई जांच

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आबकारी आयुक्त के आदेश और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के मार्गदर्शन में लगातार शराब की दुकानों पर छापेमारी की जा रही है। यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में चल रहे इस अभियान के तहत बुधवार को एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीती सिंह और आबकारी निरीक्षक शिवानी चौहान द्वारा तहसील के विभिन्न शराब की दुकानों पर छापेमारी की गई। जिसके अंतर्गत देशी शराब दुकान घुसेड़िया, मोहद्दीनपुर व परसा तिराहा, अंग्रेजी शराब दुकान घुसेड़िया, औरेला और बीयर दुकान औरेला व घुसेड़िया में जांच की गईं। उन्होंने बताया कि सभी दुकानें आबकारी नियमों के अनुरूप संचालित होते पाई गईं।


## Ravi Children`s Academy

(Sr.Sec.Edu.) – Gonda **Affiliated to CBSE - New Delhi**

Near Dukh Haran Nath Temple, Station Road, Patel Nagar - Gonda
Email: rca.sr.sec.edu.gonda@gmail.com, Contact No.: 9450944999

**Situation Vacant**

Apply for the following post-

| Sl.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1. | Principal | Post Graduate, B.Ed, min 5 Years' Teaching Experience in a Recognized High School or Higher Secondary School, Fluency in English Speaking and Experience of Administrative Charge. (Female candidate will be preferred) |
| 2. | Office Assistant (Female) | Graduation with O Level, Tally ERP, |
| 3. | Lab Assistant | Intermediate (Science) |

Note: Apply online/offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Monday, 4 Nov 2024**
Date of interview: **Tuesday, 5 Nov 2024, Timing: 11.00 A.M.**
Venue: **The School Premises**


### बाइक बाजार : धनतेरस व दीपावली पर खरीदारी के लिए शुरू हुई बंपर बुकिंग

# शानदार लुक, जानदार बाइक, जबरदस्त रफ्तार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आज युवा महंगी और स्पोर्ट्स लुक वाली मोटरसाइकिलों के दीवाने हैं। सड़कों पर रफ्तार का जादू दिखाने के लिए 250 सीसी से ऊपर की ही मोटरसाइकिलें पसंद कर रहे हैं। झट से रुक जाए और पट से रफ्तार पकड़ ले। ऐसी बाइक्स की मांग बढ़ गई है। इसी कारण शोरूम्स पर इनकी बुकिंग शुरू हो गई है।

### रॉयल एनफील्ड में है 650 सीसी तक बाइक



रॉयल एनफील्ड की बाइक।

वजीरगंज स्थित चावला राइडर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक गिरधारीलाल चावला ने बताया कि रॉयल एनफील्ड 70 वर्ष से भी पुराना ब्रांड है। हर एक व्यक्ति चाहता है कि वह अपने दरवाजे पर एक बार बुलेट जरूर खड़ी करे। कई बार ऐसा भी देखा गया है कि जो लोग खुद नहीं खरीद पाते। वे अपने बच्चों की शौक पूरी करते हुए रॉयल एनफील्ड की बाइक दिलाते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पास रॉयल एनफील्ड के कई शेगमेंट हैं। 650 सीसी तक की बाइक्स हैं। 12 से भी अधिक कलर मिल जाएंगे। इस बार 100 से अधिक बाइक बेचने का लक्ष्य है। रॉयल एनफील्ड की क्लासिक बाइक की मांग ज्यादा है। इसमें डबल डिसब्रेक, नेविगेशन व एलईडी लाइट भी है। इसके अलावा स्पोर्टी लुक की हंटर भी युवाओं की चहेती बनी हुई है। मैटालिक बॉडी वाली इस बाइक में डिजिटल मीटर है। यह लाइट वेट भी है।

### जावा के साथ येज्दी भी है मैदान में



जावा की बाइक।

सहादतगंज स्थित शोरूम के संचालक अविरल शुक्ला ने बताया कि येज्दी एक बार फिर से सड़कों पर उतरने को तैयार है। इस बार जावा के साथ कोलाब्रेशन हुआ है। जावा की 42 बॉबर बाइक 334 सीसी की है। लुक वाइज भी जबरदस्त है। युवाओं को काफी भा रही है। जावा की 42 डुअल/सिंगल चैनल वाली बाइक की भी मांग है। इसके अलावा येज्दी की रोडेस्टर 334 सीसी भी लोगों को दीवाना बना रही हैं। धनतेरस पर खरीदारी के लिए 30 से अधिक बाइक्स की बुकिंग हो चुकी है।

## एसटीएफ ने बरामद की 60 लाख की चरस

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचारः** यूपी एसटीएफ ने तौसीफ नाम के तस्कर को पकड़ा है। उससे 60 लाख की ग्यारह किलो से ज्यादा की चरस बरामद की। आरोपी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करता है। जानकारी के मुताबिक तौसीफ पुत्र मोहम्मद जमाल, बिहार के सीतामढ़ी का निवासी है। जिसे जैदपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर टोल प्लाजा के पास से एसटीएफ ने देर रात पकड़ा है। एसटीएफ को काफी समय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों के तस्करों की तलाश थी। एसटीएफ को जानकारी मिली एक व्यक्ति नेपाल से भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर सड़क के रास्ते से दिल्ली जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ ने लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर घेराबंदी कर अहमदपुर टोल प्लाजा के पास तौसीफ को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त तौसीफ रजा ने पूछताछ में बताया कि उसका एक संगठित गिरोह है जो नेपाल से तस्करी कर यूपी और दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर इसकी सप्लाई करता है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बागसराय, वि०ख० मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024–2025 दिनांक–23.10.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बागसराय, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–24.10.2024 से 30.10.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत बागसराय, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक– 30.10.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बहराइच के घर से राघवपुर बॉर्डर तक मिट्टी एवं खड़ंजा निर्माण कार्य। | 1,96,284 रुपये। | एस0ओ0बी0 आदि सामग्री | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– बागसराय
वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0– बागसराय
वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर



## AYODHYA NAGAR NIGAM

**Invites**

**Expression of Interest (EOI) for the Selection of the agency for "Operation and maintenance of Parks at 3 different location In Ayodhya Smart City for Nagar Nigam Ayodhya"**

NIT No.1228/NNA/2024-25 Dated: 22/10/2024

Ayodhya Nagar Nigam invites Expression of Interest (EOI) for the Selection of agency for ***Operation and maintenance of Parks at 3 different location in Ayodhya Smart City for Nagar Nigam Ayodhya***. The documents can be downloaded from the UP-Government e-tender portal and the RFP has to be submitted through NIC e-tender website i.e., https://etender.up.nic.in/ as per below given time schedule:

| S.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Proposal Submission Start Date | [23/10/2024], [01:00 pm] (IST) |
| 2 | Prebid date & Queries | Queries must also be submitted through email at- **nagarnigamayodhya@gmail.com** 4 Nov. 2024 03:30 pm - 04:30 pm via Google Meet joining info Video call link: **https://meet.google.com/fpa-zrop-hxs** |
| 3 | Last Date for Submitting Response | [14/11/2024], [08:00 pm] (IST) All interested participants are requested to send their documents and presentation to our official mail-nagarnigamayodhya@gmail.com |
| 4 | Bid Validity Duration | 120 days from the last date of submission |
| 5 | EOI Fee | [EOI Fees_ ₹ 2950_Online] https://emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp |
| 6 | Earnest Money | ₹ **50,000 (Rupees fifty thousand) Including GST (Refundable)** to be submitted along with the proposal in either form by RTGS or Bank FDR issued in favor of "Municipal Commissioner, Nagar Nigam Ayodhya, Ayodhya" having valid for minimum period of 12 months. RFP shall be rejected if the original EMD is not submitted with the proposal. Bank Details: Kotak Mahindra Bank Ltd. Ac. No.: 2240015356 \| IFSC Code: KKBK0005333 Branch: Faizabad - Niyawan Branch 224001 Link for payment of EMD https://emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp |
| 7 | Performance Bank Guarantee | PBG will be ₹ 1,00,000 (Rupees One Lakh) which need to be submitted within 15 days from issue date of Award of Contract. |

Note: -The Schedule indicated above is tentative and NNA may change any or the entire schedule under intimation to Suppliers. Schedule for the presentation will be informed to the shortlisted participants after evaluation of submitted EOIs by the technical committee.

**Add. Municipal Commissioner**
**Ayodhya Nagar Nigam,**
**Ayodhya Uttar Pradesh 224001**
Contact No.: (+91) 7311165801/8299862275
Email at: nagarnigamayodhya@gmail.com




कुमारगंज में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

## कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ शुरू

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कुमारगंज में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा की शुरुआत बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुई। गायत्री परिवार की ओर से पिठला वार्ड स्थित मां आशा देवी मंदिर परिसर में महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ को लेकर गाजे- बाजे के साथ करीब दो किलोमीटर लम्बी कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में करीब 1000 श्रद्धालु शामिल हुए। जिसमें से 251 बहनों ने आशा देवी मंदिर परिसर से कलश में जल लेकर अयोध्या रायबरेली हाईवे होते हुए फिर यज्ञ स्थल पहुंचीं। जहा मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ स्थल में कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा के प्रभारी चंद्रबली सिंह ने बताया कि कथावाचक श्याम राठौर द्वारा 5 बजे से 9 बजे तक, सुबह 8 बजे से 11 बजे तक कथा सुनाई जाएगी। इसके साथ ही देव पूजन यज्ञ, विभिन्न संस्कार शांतिकुंज की ब्रहम वादिन बहनों द्वारा कराया जाएगा। इससे पहले जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। यात्रा में जोन प्रमुख अयोध्या देशबंधु तिवारी, गिरिजा प्रसाद पाण्डेय, डीएन यादव, के के गुप्ता, हरिशंकर श्रीवास्तव, भगवती सिंह, अद्या सिंह, तारा दत्त दुबे, विजयपाल सिंह, बब्लेश सिंह, दिनेश यादव, विनय कुमार सिंह, आजाद सिंह, विकास सिंह, चंद्रभानु पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## देवा महोत्सव : सूफी और देशभक्ति नृत्य पर दर्शक भाव-विभोर



कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मसौली की छात्राएं।

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचारः** देवा मेला ऑडिटोरियम में बुधवार की शाम कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सूफी और देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गये। मेले की रौनक दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरख की छात्रा अनन्या, गुलब्शा, वंदना, साक्षी, अंजली और नेहा ने सूफी गीत मेरा मुर्शिद खेले होली पर अपना नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मसौली की छात्रा कुसुमलता, निशा, ज्योति, ईशा, शगुन, नैन्शी, दीपांशी और अनामिका ने देश भक्ति गीत इतिहास का मैं आईना पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## अमृत विचार — क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2265494 का मूल प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **रामकृष्ण सिंह पुत्र अजय कुमार सिंह, निवासी– ग्राम– दंदवलिया पोस्ट–गंगवल जिला– बहराइच उ. प्र.**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1696616 वर्ष 2007 और इंटरमीडिएट की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1139725 वर्ष 2009 है वास्तव में कही खो गई है। **प्रदीप सिंह पुत्र धनराज सिंह निवासी चांदी पोस्ट बरद्वारा जिला चित्रकूट।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम HASHIM से बदलकर HASHIM ALI रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: ADALAT, R/O: VILL AND POST KUSUMBHA, BARABANKI

**सूचना**

सूचित हो, कि मैं Mohd Ahad Jalal Ashraf पुत्र Mohd Jalal Ashraf, **निवासी:– 09, कोर्ट रोड, प्रीत विहार कालोनी, सिविल लाइन्स, नवाबगंज, बाराबंकी** का हूँ, मैंने अपना नाम Mohammad Ahad Ashraf से बदलकर Mohd Ahad Jalal Ashraf कर लिया हैं, आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये

**सूचना**

मेरे पुत्र, शुभम पुत्र श्री सुरजीत सिंह, निवासी– बिजौली, तहसील– भरथना जिला इटावा के हाईस्कूल 2024 के अंकपत्र में त्रुटिवश जन्म तिथि 03.03.2008 दर्ज हो गई है। जबकि शुभम के आधार कार्ड और जन्म पंजीकरण प्रमाण पत्र में वास्तविक जन्म तिथि 03.03.2009 अंकित है। हाईस्कूल अंकपत्र में जन्म तिथि 03.03.2009 अंकित की जाए। **सुरजीत सिंह पुत्र बालक राम, निवासी– बिजौली, तहसील– भर्थना, इटावा**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RAVENDRA KUMAR S/O GIRIJA DATTA MISHRA था। भविष्य में मुझे RAVENDRA KUMAR MISHRA S/O GIRIJA DUTTA MISHRA BHALUIYA BALRAMPUR PINCODE 271201 के नाम से जाना, पहचाना, लिखा, पढ़ा जाए।

**सूचना**

सभी डेंटल डीलरों और डेंटल डाक्टरों को सूचित किया जाता है कि कोल्टीन व्हेलडेंट अपने सेल्सपर्सन या कर्मचारियों को किसी भी व्यक्ति से नकदी या कोई अन्य मूल्यवान वस्तु एकत्र करने से सख्ती से रोकता है। ऐसी गतिविधियों में शामिल कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम पर ऐसा करता है। ऐसे कार्यो से उत्पन्न होने वाले किसी भी परिणाम के लिए कोल्टीन व्हेलडेंट जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विजय कुमार पुत्र स्व0 नकछेद, निवासी– ग्राम व पोस्ट टीकरमाफी, जनपद सुल्तानपुर वर्तमान जिला अमेठी** यह कि बैंक आफ बडौदा देवां रोड़, बाराबंकी में मेरे पिता स्व0नकछेद, जिनका अंग्रेजी में नाम मतदाता पहचान पत्र में Nakachheda पुत्र महाराजदीन Maharajadeen अंकित है। वर्तमान में पिता नकछेद की मृत्यु दिनांक 12.01.2010 को हो गयी है। जिसमें मेरे पिता का नाम नकछेद जो अंग्रेजी में Nakachheda अंकित है, कि नकछेद व अंग्रेजी में लिखा हुआ Nakachheda नकछेदा यह एक ही व्यक्ति है। इन्हें दूसरा न समझा जाये।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रविन्द्र कुमार के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **रामवरन पुत्र तुलसीराम– निवासी– गौतला –थाना –अछल्दा –तहसील –बिधूना– जनपद– औरैया।**

**सूचना**

मै **सौरभ श्रीवास्तव (मो0न0–9619818758) मकान न0– 456, विराम खण्ड–1 गोमती नगर लखनऊ–226010** का निवासी हूँ। दिनांक 22.10.2024 लगभग 8 से 10 सुबह के बीच में घर वापस आते समय रास्ते में पेमेन्ट रशिद (ओमेक्श लिमिटेड) रसीद न0 1732769 राशि 2850000 पेमेन्ट दिनांक 21 नवम्बर 2019 और रसीद नं0– 1736028 राशि 156620.92 पेमेन्ट दिनांक 9 दिसम्बर 2019 रास्ते में खो गयी। निवेदन है जिस किसी को भी यह प्राप्त हो कृपया उपरोक्त पते पर सूचित करने का अथवा पहुंचाने का कष्ट करें।

## एक नजर

### चार आरोपियों को एक-एक वर्ष की हुई सजा

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। व्यापारी नेता राम चंदर जायसवाल हत्याकांड के चार आरोपियों को आर्म्स एक्ट में अब एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। इन चारों को पहले ही अन्य आरोपियों के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। बसखारी थाना क्षेत्र के शुकुल बाजार रामडीह सराय निवासी व्यापारी नेता राम चंदर जायसवाल की पांच वर्ष पहले गोली मारकर हत्या की गई थी। इस बहुचर्चित मामले में चार आरोपियों के कब्जे से असलहे को बरामदगी गिरफ्तारी के दौरान हुई थी। अब इसे लेकर ही मरीचा निवासी सत्यप्रकाश मौर्य, नरोत्तम मौर्य निवासी कादीपुर सुल्तानपुर और यहीं के प्रदीप यादव को एक-एक वर्ष की सजा जनपद कोर्ट ने सुनाई है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर दिए निर्देश

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर,

अमृत विचवार। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर आलापुर तहसील सभागार में बीएलओ व अन्य कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार धर्मेंद्र यादव ने बीएलओ व सुपरवाइजरों से कहा कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 29 अकटूबर 2024 को, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 29 अक्तूबर से 28 नवंबर 2024 तक होगी। नौ व 10 नववंर और 23 व 24 नवंबर को दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर 2024 तक होना है। निर्वाचक बोटर सूची का अंतिम प्रकाशन छह जनवरी 2025 को किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र में निवास कर रहे ऐसे युवा जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है और वे एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। वह अपना नाम सूची में जुड़वा सकते हैं।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार

## भाजपा नेता ने धनतेरस के दिन नगर के अंदर बड़े वाहनों को प्रवेश न देने की मांग की

जलालपुर, अंबेडकरनगर।


बैठक में मौजूद तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव व साथ में जलालपुर कोतवाल संतोष कुमार सिंह।

अमृत विचार। कोतवाली जलालपुर परिसर में धनतेरस, दीपावली और छठ पूजा को लेकर तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव की मौजूदगी में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोतवाल जलालपुर संतोष कुमार सिंह ने व्यापारियों के साथ किसी अनहोनी को लेकर व्यापारियों का आह्वाहन किया कि यदि वह बैंक या घर आते-जाते समय पुलिस की सुरक्षा चाहें तो वह तत्पर हैं।

कोतवाल प्रभारी ने सभी व्यापारियों से कहा कि पर्व में भीड़भाड़ का फायदा कोई उचक्के न उठा पाएं इस लिए सभी व्यापारियों को कोतवाली की तरफ से विशेष सुरक्षा दी जाएगी। जिन व्यापारियों को पुलिस की आवश्यकता है समय से सम्पर्क कर लें। इस दौरान व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल कसोधन ने धनतेरस के दिन नगर के अंदर बड़े वाहन को प्रवेश न दिए जाने की मांग की। भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने छठ पूजा के दौरान नगर के शिवाला घाट पर प्रमुख आयोजन होने की जानकारी देते हुए घाट की सफाई व उजाले का उचित प्रबंध करने की मांग की। बैठक के बीच तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने बैठक में मौजूद नागरिकों को आपस में मिलकर पर्व मनाने की बात करते हुए दुकानों व अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लगे कैमरे को दुरुस्त करा लेने को कहा।

### तहसीलदार ने रामलीला मैदान का किया निरीक्षण

तहसीलदार ने बैठक के बाद पटाखे की दुकानों के चिन्हित स्थान रामलीला मैदान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान में लगी खजले की दुकान के मालिक को निर्देशित किया कि वह त्योहार के तीन दिनों तक भट्टी आदि जलाकर यहां दुकान पर कोई सामान तैयार न करें। बैठक में ईओ नगरपालिका अजय कुमार सिंह, एसडीओ विद्युत मुकेश कुमार के अलावा मानिक चंद सोनी, अरुण कुमार सिंह, बेचन पांडेय, आनंद जायसवाल, संदीप गुप्ता, इब्ने अली जाफरी समेत तमाम व्यापारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बालिका को खौलते तेल से जलाने के मामले में सात आरोपी गिरफ्तार

टांडा, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सुडुंथर में बीते सोमवार की देर शाम गांव में आयोजित संस्कृतिक कार्यक्रम में पूड़ी छान रही बालिका पर तेल की कढ़ाई दबंगों द्वारा उलट देने के मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। टांडा कोतवाल दीपक सिंह रघुवमशी ने बताया कि घटना में शामिल शैलू उर्फ अविनाश वर्मा पुत्र सियाराम निवासी ग्राम संसारीपुर, सूरज यादव उर्फ गोलू पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम बहोरापुर, प्रदीप यादव पुत्र मिठाईलाल निवासी ग्राम चिंतौरा, नितेश साहू उर्फ गुड्डू निवासी मोहल्ला मिरान पूरा, नवनीत यादव पुत्र कुलदीप निवासी ग्राम बहोरापुर, विपिन गुप्ता उर्फ अवनीश पुत्र दिनेश निवासी ग्राम चिंतौरा, अभिषेक राजभर पुत्र राजेश्वर निवासी ग्राम बलया जगदीशपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया। जहां से सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि मेवाती देवी पत्नी स्व. मिठाई लाल निवासनी ग्राम हसनपुर सुंथर ने अभियोग पंजीकृत कराया था कि गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में वह अपनी बेटी पूजा के साथ समिति के बाहरी कलाकारों के लिए संजय पुत्र श्यामलाल के साथ पूड़ी छान रही थी। तभी शैलू उर्फ अविनाश वर्मा पुत्र सियाराम निवासी ग्राम संसारी पुर, सूरज यादव उर्फ गोलू पुत्र प्रकास निवासी ग्राम बहोरापुर, राज यादव पुत्र अज्ञात निवासी पकड़ी भोजपुर, प्रदीप, गुड्डू, नवनीत व तीन चार अन्य लोग आए और गांव के प्रदीप राजभर उर्फ दीपू को गाली देते हुए उन्हें खोजते आये और पूछा कि दीपू कहां है। मना करने पर उक्त सभी मुझे व मेरी पुत्री को गाली देने लगे। पुत्री के विरोध पर दोनों को इसी कढ़ाई में डाल देंगे कहते हुए कढ़ाई से उठाकर गर्म तेल बेटी पूजा के ऊफर डाल दिए। जिससे पूजा गंभीर रूप से जल गई। शोर पर सभी अभियुक्त धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने अभियुकतों पर मूकदमा दर्ज कर किया था। कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि अन्य कि तलाश अभी जारी है।

# 12 उम्मीदवारों ने 24 सेट में खरीदे पर्चे

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

### कटेहरी उपचुनाव

**बसपा के अमित वर्मा और राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी की उम्मीदवार कृष्णावती ने एक-एक सेट में दाखिल किया नामांकन पत्र**

अमृत विचार। कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर सरगर्मिया बढ़ गई हैं। बुधवार तक 12 प्रत्याशियों ने 24 सेट में नामांकन पत्र खरीदा है। वहीं बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार अमित वर्मा और राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी प्रत्याशी कृष्णावती ने एक-एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने सात सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है।

बता दें द्घकि नामांकन पत्र खरीदने व जमा करने के पांचवे दिन रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी भीटी सदानंद सरोज ने बताया कि बुधवार को मो. असद पीस पार्टी प्रत्याशी द्वारा दो सेट में नामांकन पत्र और बृजेश कुमार निर्दल प्रत्याशी द्वारा एक सेट में नामांकन पत्र खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 12 प्रत्याशियों द्वारा 24 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया जा चुका है। बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी अमित वर्मा ने एक सेट में और राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी प्रत्याशी कृष्णावती ने भी एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने सात सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है। कलेक्ट्रेट में टेलीफोन व वायरलेस की सुविधा से युक्त निर्वाचन कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत है। कॉल सेंटर द्वारा मतदाताओं से वार्तालाप की व्यवस्था की गई। कंट्रोल रूम का नंबर- 05271-244440, हेल्पलाइन नंबर-1950 है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कंट्रोल रूम में तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों का निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीएम और एसपी ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


मृतक के परिजनों से बातचीत करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में एसपी डॉ . कौस्तुभ। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के साथ विकासखंड भीटी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत रामपुर गिरंट के निषाद बस्ती में बीते दिवस दो भाइयों मनोराम निषाद व राजेश निषाद के आपसी विवाद में हुए हाथापाई और मारपीट में एक भाई मनोराम निषाद की मौत की घटना के बाद मौके पर पहुंचकर पीडित्त परिजनों से मुलाकात किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। जिलाधिकारी ने पीडित्त परिवार की स्थिति को देखते हुए मौके पर उपस्थित खंड विकास अधिकारी, लेखपाल व ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को जनपद में जारी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पीडित्त परिवार का यथासंभव मदद करने के निर्देश दिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी भीटी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बता दें कि बीते दिवस भीटी थाना क्षेत्र के रामपुर गिरंट गांव मं दो सगे भाईयों के बीच विवाद हो गया था। जिसमें छोटे भाई राजेश ने अपने वृद्ध भाई मनोरम को एक थप्पड़ मार दिया। जिससे उनकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मामले में मृतक की परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकमदा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

# डीजल एग्जास्ट फ्लुएड की अवैध फैक्ट्ररी का भंडाफोड़

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


पिकअप वाहन पर लदी 85 बोरी यूरिया के बारे में जानकारी लेते जिला कृषि अधिकारी।

अमृत विचार। प्रभारी निरीक्षक थाना इब्राहिमपुर ने उप जिलाधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकारी टांडा को इब्राहिमपुर थाना अंतर्गत अवैध यूरिया के मिलने की जानकारी दी गई। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उपजिलाधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकारी टांडा, जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय और प्रभारी निरीक्षक थाना इब्राहिमपुर के द्वारा मौके का निरीक्षण किया। मौके पर पाया गया कि एक बोलोरो पिकअप पर यारा फर्टिलाइजर कंपनी की कृषि क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली अनुदानित यूरिया लदी थी और उक्त पिकअप मीरानपुर सदर अली में स्थित एक बंद पड़ी राइस मिल के भीतर खड़ा था। राइस मिल के अंदर वाणिज्यिक वाहनों में उपयोग होने वाले डीजल एग्जास्ट फ्लुएड, एक्कस यूरिया सॉल्यूशन तैयार करने का संयंत्र और इस कार्य में उपयोग होने वाले पानी फिल्टर्ड पानी के लिए आररो प्लांट स्थापित पाया गया। तैयार उत्पाद को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम का इस्तेमाल करते हुए बाल्टी में पैक कर गैर जनपदों में भेजे जाने की जानकारी मिली। तैयार उत्पाद की बाल्टी पर लिखी सूचना अनुसार डीजल एग्जास्ट फ्लुएड, एक्वस यूरिया सॉल्यूशन वाहनों के एक्जास्ट सिस्टम के एमिशन के मानकों को पूरा करने के लिये प्रयोग होने वाली तकनीक में प्रयोग किया जाता जाता है। पिकअप पर 85 बोरी यूरिया लदी थी। जिसके बाबत पिकअप के ड्राइवर से पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने यूरिया गुप्ता बीज भंडार विशेश्वरगंज बस्ती से बीते देर शाम में लोड किया और रात को उक्त फैक्ट्री पर पहुंचे। मौके पर फैक्ट्री का संचालन विशाल और जय गणेश नामक व्यक्तियों द्वारा अन्य के साथ किया जा रहा था, जिनके द्वारा बताया गया कि उक्त संयंत्र के मालिक विवेक निवासी हरैय्या बस्ती है। इनके द्वारा यह भी बताया गया कि उक्त यूरिया का उपयोग डीजल एग्जास्ट फ्लुइड तैयार करने में किया जाता है और खाली हुई बोरियों को तत्काल जला दिया जाता हैं। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अनुदानित नीम लेपित यूरिया का डायवर्सन कर अनियमित तरीके से औद्योगिक उपयोग में लाया जा रहा है। यूरिया के अतिरिक्त अन्य बरामद सामग्रियों के संबंध में थाना. इब्राहिमपुर ने संयंत्र को सील कर दिया है। उक्त बरामद 85 बोरी अवैध यूरिया और बोलेरो पिकअप को उर्वरक नियंत्रण आदेश के उल्लंघन के कारण आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए सीज कर थाना इब्राहिमपुर को सुपुर्द कर दिया है।

# सगे भाई और पिता-पुत्र समेत पांच को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार ने हत्या के आरोपी सगे भाई और पिता-पुत्र सहित पांच को आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनायी है। अर्थदंड न अदा करने पर आरोपियो को 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

संतकबीरनगर नगर जनपद के धनघटा थाना क्षेत्र के भरवल पर्वता निवासी राकेश पाल अपने परिवार के साथ जीप से गत 5 फरवरी 2016 को राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कम्हरिया घाट स्नान करने जा रहे थे। कम्हरिया तिराहे के पास उसके गांव के प्रवीण पाल उर्फ अंशुल और श्रवण पाल पुत्रगण भास्कर पाल व उज्ज्वल पाल पुत्र अमरेंद्र पाल जो प्लेटिना बाइक पर सवार होकर आए और जीप के पास सटाकर प्रवीण पाल ने कट्टे से राकेश पाल पर फायर कर दिया। जिससे जीप चालक घबराकर जीप रोक दिया। तब तक गांव के ही अमरेंद्र पाल पुत्र नरसिंह व उनके साथी कोइचा निवासी अतुल सिंह भी आ गए और असलहे से ताबड़तोड़ फायर करने लगे। जिससे राकेश पाल की मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर राजेसुल्तानपुर थाने में आरोपियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध हत्या सहित अन्य सहित धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय पर प्रेषित किया गया। न्यायालय पर सत्र परीक्षण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिलीप सिंह ने गवाहों को न्यायालय पर परिक्षित कराते हुए आरोपियों को सजा दिए जाने का तर्क प्रस्तुत किया। न्यायालय पर सुनवाई के उपरांत न्यायाधीश ने सभी आरोपियो पर हत्या सहित अन्य धाराओं में दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनायी है।

### साथ रहने के लिए राजी हुए पांच जोड़े

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत कराए जा रहे सुलह-समझौते के क्रम में बुधवार को प्रभारी परिवार परामर्श प्रकोष्ठ महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी और महिला आरक्षी सोनी गौतम, महिला आरक्षी पूनम शर्मा के प्रयास से पति-पत्नी के कुल पांच वैवाहिक जोड़े जिनके बीच काफी समय से चले आ रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित परिवारों के दोनों पक्षों को बुलाकर पारिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी काउंसलिंग की गई साथ ही उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए जोड़ों को एक साथ रहने के लिए समझाया गया। परिजनों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराकर जोड़ों को विदा किया गया।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख के बाबा की तेरहवीं में शामिल हुए कई नेता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। कटेहरी पूर्व ब्लॉक प्रमुख के बाबा का निधन बीते चार अक्टूबर को लखनऊ में हुआ था। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह सिपाही के बाबा स्व. श्याम सहाय सिंह की तेरहवीं में शामिल होने के लिए उनके पैतृक आवास लोकनाथपुर में सुबह से लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया, जो देर शाम तक चला। पूर्व सांसद धनजय सिंह, सुशील सिंह सासंद औरंगाबाद झारखण्ड और बीजेपी के पूर्व सासंद व एमएलसी हरिओम पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह, डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अंशुमान सिंह और भाजपा नेता अजीत प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद, विद्यावती राजभर, पूर्व मंत्री व सांसद लालजी वर्मा, सपा के पूर्व मंत्री व वर्तमान टांडा से विधायक राममूर्ति वर्मा, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, विधायक रामअचल राजभर, बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, प्रदेश अध्यक्ष निशाद पार्टी, सपा जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव, पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी, पूर्व एमएलसी कांग्रेस दीपक सिंह, चेयरमैन हरैया कौशलेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी समेत कई मंत्रियों, सांसद और विधायक तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए।

# छेड़छाड़ करने के मामले में मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने कमरे के अंदर घुसकर सो रही युवती के साथ छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने मां की तहरीर पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र का युवक ऋतिक वर्मा निवासी अल्लीपुर घर में घुसकर सो रही युवती के साथ जबरिया युवक ने छेड़खानी करने लगा। युवती ने शोर मचाया तो युवक ने युवती को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। सुबह परिजनों ने जलालपुर कोतवाली पहुंच कर मुकदमा पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी है।

# खाद्य विभाग ने जांच के लिए 21 नमूने लिए

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय श्रवण कुमार त्रिपाठी और तहसीलदार जलालपुर पद्मेश श्रीवास्तव के निर्देशन में दीपावली और छठ पूजा पर्व पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अभियान चलाकर छापेमार किया।

टीम ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर संचालित विनिर्माण इकाईयों, प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी करते हुए अपमिश्रण के संदेह पर मिठाई, खोआ, पनीर, सरसों का तेल इत्यादि खाद्य पदार्थों के कुल 21 नमूनें संग्रहित कर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा है। टीम ने बैरमपुर बरवां स्थित सुबोध यादव के लड्डू विनिर्माण इकाई पर लड्डू निर्माण में प्रयोग किए जा रहे बेसन की गुणवत्ता में संदेह होने पर परिसर में मौजूद लगभग 78 किलोग्राम बेसन को सीज किया है। टीम द्वारा संग्रहित नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्रयोगशाला से आने के बाद मिलावट पाए जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जांच टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पाण्डेय, पुरन्दर यादव, मनीषा सिंह, दिनेश कुमार राय, चन्द्र प्रकाश यादव, ओम प्रकाश और आदर्श प्रताप सम्मिलित रहें।

### खाद्य सुरक्षा की टीम ने इन प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पारस नाथ यादव यादव चौराहा जलालपुर के प्रतिष्ठान से मिल्ककेक, राज स्वीट हाउस, यादव चौराहा जलालपुर के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई, रमन मद्धेशिया यादव चौराहा जलालपुर के प्रतिष्ठान से बूंदी लड्डू, शिवशक्ति मिष्ठान भण्डार जमालपुर चौराहा जलालपुर से बर्फी, जयशक्ति स्वीट हाउस जमालपुर चौराहा जलालपुर से क्रीम छेना मिठाई, बंगाली स्वीट्स अन्नावां बाजार के प्रतिष्ठान से छेना रसगुल्ला और खोये की बर्फी, राधेश्याम सोनी अन्नावां बाजार के प्रतिष्ठान से खोआ, मोदनवाल स्वीट अन्नावां बाजार के प्रतिष्ठान से छेना रसगुल्ला, सुबोध यादव बैरमपुर बरवां के विनिर्माण इकाई से बूंदी लड्डू और बेसन, जय गुरूदेव किराना स्टोर टाण्डा के प्रतिष्ठान से घी, छुहारा व आटा आदि का नमूना जांच के लिए भेजा है।

## सार-संक्षेप

### कटेहरी उपचुनाव के लिए 320 वाहन किए अधिग्रहीत

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए परिवहन विभाग ने तैयारी शुरू कर दिया है। 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में 320 छोटे-बड़े वाहनों की जरूरत पड़ेगी। उपसंभागीय परिवहन कार्यालय ने वाहन स्वामियों को 10 नवंबर की सुबह राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर परिसर में सुबह नौ बजे अधिग्रहीत वाहनों को उपलब्ध करानें के निर्देश दिए हैं। उपसम्भगीय कार्यालय के अनुसार जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ और अन्य अधिकारियों के लिए 200 छोटे वाहन अधिग्रहीत किया जा रहा हैं। इसके अलावा पोलिंग पार्टियों व सुरक्षा कर्मियों को बूथों तक पहुंचाने के लिए 120 बसों का अधिग्रहण किया जा रहा है। वाहन स्वामी 10 नवंबर की सुबह राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर परिसर में सुबह नौ बजे अधिग्रहीत वाहनों को उपलब्ध कराने के लिए एआरटीओ सतेंद्र यादव ने निर्देश दिए हैं। एआरटीओ ने बताया कि 320 वाहन अधिग्रहीत किए जा रहे है। स्कूल बस व निजी वाहन मालिकों को नोटिस भेजा गया है। अधिग्रहीत वाहन स्वामियों को वाहनों की फिटनेस समेत अन्य कार्य पूरे करा लेने के भी आदेश दिए गए हैं।

### पुलिस ने चोरी हुई बाइक को किया बरामद

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद नगपुर निवासी औन मोहम्मद अपनी बाइक से कोतवाली क्षेत्र के जाफराबाद में 21 अक्टूबर को भाजपा नेता अहसन रजा मीशम के यहां आए हुए थे और घर के बाहर बाइक खड़ी कर दिए थे। जिसको अज्ञात चोरों ने दिन में करीब 3 बजे लेकर फरार हो गई। जिसकी सूचना भाजपा नेता अहसन रजा मीशम ने जलालपुर पुलिस को दी।

### जिले के मदरसों की जांच करेगी एटीएस

बहराइच, अमृत विचार। प्रदेश के साथ बहराइच जिले में संचालित गैर मान्यता प्राप्त मद्रास को प्राप्त हो रही फंडिंग की जांच और सत्यापन एटीएस की ओर से कराया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से पत्र भेज दिया गया है। पत्र आने से जिले मदरसा संचालकों में हड़कंप मच गया है। नेपाल सीमा से सटे तराई के बहराइच जिले में 400 से अधिक मदरसे बिना मान्यता के संचालित है। इन मदरसों को विभिन्न मध्य से फंड प्राप्त हो रही है। गैर मान्यता प्राप्त मद्रास को प्राप्त हो रही फंडिंग की जांच और सत्यापन के लिए शासन की ओर से जिले के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। यह पत्र बहराइच जिले में भी दो दिन पूर्व आया है। जिसमें निर्देशक जे रीभा ने पत्र जारी कर इनके जांच एटीएस से करवाने की बात कही है। साथी पुलिस महानिरीक्षक एटीएस के निर्देशानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं यह पत्र अपर मुख्य सचिव और संख्या कल्याण पुलिस महानिरीक्षक आतंकवाद निरोधक दस्ता, जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक एटीएस और समस्त प्रभारी फील्ड यूनिट के नाम भेजा गया है। जिला संकट कल्याण अधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शासन का पत्र आया है इसके बारे में बुधवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी से वार्ता की गई है।

### अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान

रुपईडीहा, अमृत विचार। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा को दोपहर आदर्श थाना रुपईडीहा के प्रांगण में शांति सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अश्विनी कुमार पांडेय नानपारा ने की। एसडीएम नानपारा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा त्योहारों में किसी भी प्रकार का बाधा पहुंचाने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। उन्होंने लोगों से कहा किसी भी प्रकार की घटना होने पर स्वयं निर्णय न लें बल्कि घटना की जानकारी पुलिस और प्रशासन को तत्काल दें।

## आयोजन

**छात्रों द्वारा निर्मित डे नाइट मॉडल और प्राचीन भारत के वैभव को प्रदर्शित करता विजयनगर साम्राज्य का आर्किटेक्चर मॉडल रहा आकर्षण का केंद्र**

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए विभिन्न मॉडल

जलालपुर, अंबेडकरनगर।


रेडिएंट सेंट्रल एकेडमी जलालपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का फीताकाट कर उद्घाटन करते कोतवाल संतोष कुमार सिंह व साथ में संस्थान के निदेशक गौरव कुमार।


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते जलालपुर कोतवाल संतोष कुमार सिंह।

अमृत विचार। नवाचार को बढ़ावा देने तथा कौशल को निपुणता में बदलकर व्यावसायिक स्तर पर स्थापित करने के लिए रेडिएंट सेंट्रल एकेडमी जलालपुर द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन पुलिस क्षेत्राधिकारी अजेय कुमार शर्मा की शुभकामनाओं के साथ कोतवाल संतोष कुमार सिंह और संस्थान के निदेशक गौरव कुमार की उपस्थिति में किया गया।

विद्यालय के विज्ञान और सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। छात्रों द्वारा प्रदर्शित किए गए मॉडलों में राकेट इंजनों से संबंधित चुंबकीय तंत्र द्वारा रॉकेट प्रक्षेपण, नदी वह जलीय तंत्र की साफ -सफाई के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, मौसम परिवर्तन और ऋतु चक्र की जानकारी के लिए सोलर टैकल माड्यूल, कृत्रिम वर्षा, गांव में लकड़ी के चूल्हे की गर्मी से बिजली पैदा करने वाले मॉडल और लैब में निर्मित किए जाने वाले शारीरिक अंगों की कार्यविधि का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। इसके अतिरिक्त सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा प्रदर्शित अर्थव्यवस्था में शेयर बाजार से संबंधित निटी ग्रीटी मॉडल, प्राचीन भारत के वैभव को प्रदर्शित करता विजयनगर साम्राज्य का आर्किटेक्चर मॉडल, कक्षा सात के छात्रों द्वारा बनाया गया सेव अर्थ मॉडल और कक्षा छह के छात्रों द्वारा निर्मित डे नाइट मॉडल आकर्षण का केंद्र बना रहा।

### छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने लोगों का मोहा मन

रेडिएंट सेंट्रल एकेडमी के कला एवं संगीत संकाय द्वारा प्रशिक्षित विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की संगीतमय प्रस्तुतियों से आगंतुकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश शुक्ला ने मुख्य अतिथि के साथ-साथ समस्त अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी प्रतिभागियों और उनके प्रभारी शिक्षकों को सफल आयोजन की बधाई दी।

# बिजली, सड़क न पानी, रविदास नगर वार्ड की यही निशानी

## मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे लोग, अंधेरे में डूबे रहते हैं कच्चे मार्ग, हर तरफ कूड़ा व जलजमाव के चलते मच्छरों का बोलबाला

रमेश पांडेय, करनैलगंज

**अमृत विचार** : स्थानीय नगर पालिका परिषद की सीमा विस्तार के बाद बना वार्ड संख्या 2 रविदास नगर सड़क, नाली, पेयजल, बिजली, आवास जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझता नजर आ रहा है। रूके वार्ड में हर तरफ कूड़ा व जलजमाव के चलते मच्छरों का बोलबाला है। नगर से सटा होने के बाद भी यहां के लोग बाढ़ प्रभावित माझा इलाके के गांवों जैसी जिदंगी जीने को विवश है।

रविदास नगर वार्ड में प्रमुख रूप से शुर्तुखाना, नादीपुरवा व कंजर पुरवा का इलाका आता है। यहां नवनिर्वाचित सभासद रवि कुमार के अनुसार 1050 वोटर है। यहां की आबादी लगभग 5 हजार के आसपास है। वार्ड में अधिकतर मजदूरी पेशा वाले लोग ही निवास करते है। पूरे वार्ड में सफाई व्यवस्था न के बराबर है। तो वहीं कूड़ा व जलजमाव के चलते मच्छरों का बोलबाला है। जिससे यहां के लोग मच्छर जनित रोगों के शिकार हैं। अभी तक यहां विकास के नाम पर सिर्फ कटरा बाजार मार्ग से शुर्तुखाना तक 3 सौ मीटर इंटरलकिंग का कार्य ही कराया जा सका है। वार्ड के मार्गो पर अभी तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था तक नहीं हो पाई है। जिससे यहां के कच्चे मार्ग अंधेरे में डूबे रहते है। यहां के लोगों को अभी भी अपनी मूलभूत सुविधाओं की दरकार है।



वार्ड में जाने वाले रास्ते पर लटक रहा बिजली का तार। अमृत विचार

### सौतेलेपन का शिकार वार्ड का कंजरपुरवा गांव

गांववालों ने बताया कि कंजर पुरवा गांव बिजली विभाग के सौतेलपन का शिकार है। गांव के एक दो घरों में तो शहरी शेडयूल के हिसाब से बिजली सप्लाई की जाती है। बाकी गांव के लोगों को ग्रामीण शेडयूल के हिसाब से बिजली मिलती है। गांव के लोगों की मांग है कि जब हमारा गांव नगर परिषद में आ चुका है तो बिजली भी हमें शहरी शेडयूल के हिसाब से मिलनी चाहिए।

### वाटर सप्लाई की सिर्फ एक टोंटी से पानी पीता है पूरा गांव

रविदास नगर के कंजर पुरवा गांव में वाटर सप्लाई की सिर्फ एक टोंटी लगाई गई है। जिससे पूरा गांव पानी भर भर कर स्टोर करता है। क्योंकि यहां के खराब जल स्तर के चलते हैंडपंपों से निकलने वाला पानी दूषित है। कभी कभार तो यहां पानी के लिए आपस में झगड़े तक की नौबत आ जाती है।

### रविदास नगर में कहीं फूस तो कहीं टूटे घरों में मिले परिवार

पूरे वार्ड में लोगों को आवास की खास दरकार है। यहां के सभासद रवि कुमार का कहना है कि वार्ड में पात्र परिवारों को आवास जरूर दिया जाना चाहिए। क्योंकि कई परिवार ऐसे है जिन्हें आवास की वास्तव में दरकार है। नादी पुरवा में कमलेश का घर दैवी आपदा में क्षतिग्रस्त हो गया था। तभी से लिखा पढ़ी चल रही हैं। अभी तक मुआवजा की राशि नहीं मिली है। तो वहीं वार्ड की शफीकुन व हमीदुन जैसे परिवार फूस व पन्नी तानकर गुजारा कर रहे है।

### समस्याओं पर स्थानीय निवासियों ने रखी अपनी बात



शफीकुन। श्यामू। पांचू। विनोद। संगीता।

वार्ड निवासी शफीकुन बताते है कि अधिकतर परिवार फूस के घरों में या फिर तिरपाल या पन्नी तानकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। पात्र परिवारों को आवास सुविधा प्रदान की जाए। वहीं श्यामू का कहना है कि वार्ड के कच्चे रास्तों को पक्का किया जाए या फिर उन पर इंटरलाकिंग लगाई जाए। जिससे आवागमन सुलभ हो सके। पांचू कहते हैं कि वार्ड के नादी पुरवा गांव में कूड़ा निस्तारण व साफ-सफाई की व्यवस्था सही करवायी जाय। जिससे बीमारियों से निजात मिल सके। विनोद का कहना है कि पूरे वार्ड में नालियों का निर्माण करवाकर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही नालियों को नाले से जोड़ा जाए। वार्ड के संकरे मार्गों को दुरूस्त किया जाय साथ ही मुहल्लों को जाने वाली सड़कों को भी ठीक किया जाय। वार्ड निवासिनी संगीता की चाह है कि साफ-सफाई के साथ दवाओं का छिड़काव कराया जाय। जिससे मच्छरों से निजात मिल सके।

### वार्ड के लोग जलभराव से रहते हैं परेशान

पूरे वार्ड के लोग वार्ड में जल निकासी न होने की समस्या से जूझ रहे है। वार्ड में नालियों का आभाव है। या यूं कहें कि नालियां अभी तक बनी ही नहीं है। जिससे घरों से निकलने वाले पानी को लोग गड्ढे खोद कर उसमें स्टोर करते है। बाद में गडढा भर जाने पर बाल्टी की मदद से गांव के बाहर खेतों में डालते है। तो वहीं कंजर पुरवा प्राथमिक विद्यालय के सामने बरसात में सड़क तालाब बन जाती है। लोग पानी में होकर बाजार आते जाते है।

> वार्ड संख्या 2 रविदास नगर के विकास को लेकर नगर परिषद गंभीर है। सभी कार्यो की योजना बनाई गई है। जिसे बोर्ड मीटिंग में रखा गया है। शासन से स्वीकृति व धन मिलते ही विकास कार्य शुरू कर दिया जाएगा। साफ सफाई के लिए परिषद के कर्मियों को निर्देशित किया गया है।
>
> -डीडी सिंह, ईओ, नगर पालिका परिषद करनैलगंज

### समस्याओं को लेकर दिया है प्रस्ताव : सभासद

नगर पालिका के वार्ड संख्या दो रविदास नगर के सभासद रवि कुमार ने बताया कि वार्ड के लोगों को उनकी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए सभी समस्याओं को लेकर प्रस्ताव बोर्ड मीटिंग में दिया गया है। लेकिन अभी तक सिर्फ एक इंटरलाकिंग का कार्य पालिका की ओर से कराया गया है। यहां विकास कार्य की दरकार है।

## एक नजर

### त्योहार में डीजे न बजाने पर दोनों समुदाय राजी

**परसपुर** : थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में सीओ व एसडीएम की पहल पर दोनों समुदाय ने डीजे न बजाने पर सहमति जतायी है। अफसरों ने नगर पंचायत परसपुर के व्यापारियों के साथ थाने में बैठक की। क्षेत्राधिकारी करनैलगंज उमेश्वर प्रभात सिंह ने बताया कि थाने पर लक्ष्मी पूजन आयोजकों एवं व्यापारियों के साथ बैठक कर किसी भी धार्मिक कार्यक्रम में डीजे न बजाने पर सहमति बनाई गयी।

### युवती लापता, मुकदमा दर्ज

**गोंडा** : वजीरगंज के एक गांव निवासिनी युवती बलेश्वरगंज बाजार से अचानक लापता हो गयी। युवती की भाभी ने गुमसुदगी दर्ज करायी है कि बीते दस अक्टूबर को दोपहर उसकी ननद (22) बालेश्वरगंज बाजार गई थी और जहां से लापता हो गयी। वो किसी व्यक्ति से फोन पर बात किया करती थी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना एसआई पंकज यादव को सौंपी गई है।

### छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा** : पुलिस ने पॉक्सो समेत एससीएसटी एक्ट के आरोपी चंदापुर निवासी रहिमन यादव उर्फ ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर की शाम को कोचिंग पढ़ के घर लौट रही छात्रा के साथ छेड़खानी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

### बाल अपचारी गिरफ्तार

**गोंडा** : वजीरगंज पुलिस ने पॉक्सो समेत दुष्कर्म के बाल अपचारी को गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि 21 अक्टूबर को रिश्तेदारी में आये किशोर पर गांव के व्यक्ति द्वारा उसकी पुत्री से बहला फुसला कर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। बुधवार को पुलिस ने संबंधित बाल अपचारी को राजा सगरा से गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय बोर्ड भेज दिया।

## किशोरी को किया अगवा, केस दर्ज

**तरबगंज, अमृत विचारः** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर कर अगवा कर ले गया। मामले में किशोरी के भाई ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने थाने पर शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि उसकी 17 वर्षीय बहन को बहराइच जिले का रहने वाला सुनील कुमार अगवा कर ले गया है। आरोपी पहले भी किशोरी को भगा ले गया था। पुलिस ने उसे पकड़कर जेल भी भेजा था। शिकायत कर्ता ने बताया कि आरोपी ने धमकी दी थी की जेल छूटकर आते ही वह फिर से किशोरी को अगवा कर लेगा।उसने आशंका जतायी कि आरोपी उसके बहन की हत्या कर सकता है। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## सरकारी हैंडपंप दे रहे दूषित पानी, फैल रहीं बीमारियां



कमडावा गांव में खराब पड़ा हैंडपंप।

**गोंडा, अमृत विचारः** हैण्डपम्प के रिबोर व मरम्मत में फर्जी अभिलेखों को तैयार कर बजट का बंदरबांट करने से शुद्ध पेयजल का सपना धूमिल हो रहा है। ग्रामीणों दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हो रहे है।

मामला विकासखंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत कमडावा से जुड़ा हुआ है जहां पर ग्रामीणों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए हैं। ग्राम पंचायत के हनुमान मंदिर पर लगा हैण्ड पम्प, फूल चंद्र तिवारी के घर के बगल लगे हैण्डपम्प सहित कई हैण्डपम्प कई वर्षों से खराब पड़े हुए हैं तो कुछ दूषित पानी दे रहे हैं। ग्रामीण ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिम्मेदार लोग कागजों में रिबोर व मरम्मत का कार्य दिखाते हुए फर्जी अभिलेखों को तैयार कर धनों का बंदरबांट कर रहे है। हैण्डपम्प के रिबोर व मरम्मत में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। जिन हैण्डपम्प को रिबोर कराया गया है वह सभी मानक विहीन हैं। साठ से सत्तर फुट की गहराई तक रिबोर कराए गये हैंडपंप को 100 से 110 फुट दिखाया जा रहा है। जिम्मेदार अधिक लागत व फर्जी अभिलेख तैयार कर भुगतान कर ले रहे हैं। ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए उच्च अधिकारियों से मांग की है।

इस संबंध में प्रधान पति जगमोहन दूबे ने बताया कि ग्राम पंचायत में कई हैण्ड पम्प खराब पड़े हुए हैं जिन्हें जल्द ही सही कराया जाएगा। खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी



विज्ञान प्रदर्शनी को देखते कार्यक्रम के अतिथि। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** सेंट जेवियर्स स्कूल, पंतनगर में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गयी। जिसमें छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के माडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन प्रधानाचार्या परमिन्दर संधू एवं जनपद के दंत चिकित्सक पियूष रंजन ने किया।

विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में थर्मो इलेक्ट्रिक जनरेटर, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम, प्लास्टो स्कोप, कार एगजास्ट पॉल्यूशन टू इंक सिस्टम, टेक इनोवेषन के माध्यम से छात्रों ने भविष्य की आधुनिकताओं को ध्यान में रखकर प्रस्तुति दी। इस विज्ञान प्रदर्शनी में लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर आर पी सिंह बघेल, डॉ मनोज मिश्रा एवं प्रबंधक सुजैन दत्ता, प्रधानाचार्या परमिन्दर संधू उपस्थित रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में प्रबंधक सुजैन दत्ता ने विद्यार्थियों को हमेशा सकारात्मक सोच रखने की सलाह दी एवं कहा कि विद्यार्थी कुछ नया सोचे, इसी में अपनी ऊर्जा लगायें। बच्चों को प्रेरित करते हुये प्रबन्धक ने कहा कि आज इनोवेशन का जमाना है। नवाचार को हर क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है। इससे अच्छे परिणाम आ रहे है। उन्होने नवाचार को और बढ़ाने पर बल दिया।

## 273 आशा कार्यकर्ताओं की नौकरी पर मंडराया खतरा

▶▶ **आभा पहचान पत्र बनाने में लापरवाही पर डीएम ने जतायी नाराजगी, कार्रवाई के निर्देश**

**गोंडा, अमृत विचारः** जिले में विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत 273 आशा कार्यकर्ताओं की नौकरी पर खतरा मंडरा गया है। इन आशा कार्यकर्ता ने लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा आभा कार्ड बनाने में घोर लापरवाही बरती है। आभा आईडी निर्माण के मामले में लापरवाही पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है और कार्रवाई का निर्देश दिया है।डीएम के इस निर्देश के बाद स्वास्थ्य बैंक में खलबली मच गई है।

अप्रैल 2021 से लेकर 21 अक्टूबर 2024 तक जिले में 273 आशा कार्यकर्ता ने 100 से भी कम आभा आईडी बनाए हैं। इसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को आशा कार्यकर्ता की सूची सौंपी है। आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) का निर्माण स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटाइज करने की एक अहम पहल है, जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को एक यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी जारी की जाती है। इसके माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का डेटा आसानी से प्रबंधित किया जा सकता है। लेकिन जिले के कई क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता की ओर से इस योजना में अपेक्षित कार्य न किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में 21 अक्टूबर को आयोजित एक समीक्षा बैठक में यह गंभीरता से उठाया गया कि जिले के 273 आशा कार्यकर्ता ने अब तक 100 से कम आभा आईडी कार्ड बनाया है। इस बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि अगर 1 नवंबर तक आभा ID बनाने में कोई प्रगति नहीं दिखाई गई, तो इन 273 आशाओं की सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी रश्मि वर्मा ने 100 से कम आभा आईडी बनाने वाली आशा कार्यकर्ता की विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक मनकापुर सीएचसी की 10, बेलसर की 22, बभनजोतः 25, छपिया की 25, कर्नलगंज की 12, हलधरमऊ की 21, इटियाथोक सीएचसी की 23, झंझरी सीएचसी की 35, कटरा बाजार की 22, मुजेहना की 16, नवाबगंज सीएचसी की 11, परसपुर सीएचसी की 7, रूपईडीह सीएचसी की 20, तरबगंज सीएचसी की 16, यूपीएचसी सिविल लाइंस की 2, वजीरगंज की 6 आशा कार्यकर्ता पर कार्रवाई लगभग तय हो गई है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि जो आशा कार्यकर्ता अपने कार्य में सुधार नहीं लाएंगी और आभा आईडी निर्माण में प्रगति नहीं करेंगी, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस निर्णय का उद्देश्य आभा पहचान पत्र योजना को तेजी से लागू करना और स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटल लाभ पहुंचाना है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस दिशा में तत्परता से कार्य करें और समय सीमा का पालन सुनिश्चित करें। आभा पहचान पत्र योजना के तहत कार्यरत हर आशा कार्यकर्ता का उत्तरदायित्व है कि वह अपने क्षेत्र में सभी लाभार्थियों को जोड़ने का प्रयास करें और योजना को सफल बनाएं। अगर इस दिशा में लापरवाही बरती गई तो भविष्य में ऐसे अन्य लापरवाह कार्यकर्ताओं पर भी कड़ी कार्रवाई होगी।

## वर्ग पहेली-231

**बाएं से दाएं**

4. मेंढक।
5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।
6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ। 4. मनसे, मन के द्वारा।
7. जीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बहादुर, वीरता 2. रणकौशल।
2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।
3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-उपासना; मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।
6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।



### वर्ग पहेली -230 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | 2 ख | ■ | 3 अ |
| र | ■ | ■ | ट | ■ | यो |
| 4 म | हा | वी | र | ■ | गि |
| ल | ■ | ■ | 5 प | 6 द | क |
| ■ | 7 मॉ | नी | ट | र | ■ |
| 8 झा | ■ | ■ | र | ■ | 9 जी |
| 10 वा | इ | न | ■ | 11 खा | जा |

## सुडोकू -144

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 8 | 2 |
| | 4 | | | | 6 | 9 | | 5 |
| | 1 | 2 | | 8 | | | | 6 |
| 3 | 6 | | | | | | 1 | 4 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 1 | 9 | | | | | | 2 | 8 |
| 5 | | | | 6 | | 3 | 4 | |
| 9 | | 7 | 2 | | | | 6 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 25 अक्टूबर 01.58 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** — आज आपको अभिमानी व्यवहार से बचना चाहिए। संपत्ति विवाद होने आशंका है। मैनेजमेंट छात्रों का प्रदर्शन पढ़ाई में बहुत ही अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करने से आपको बचना चाहिए। आत्मविश्वास में कमी के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृष** — आज समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नए प्रकार के अनुसंधान में आप रुचि लेंगे। आपके जीवन पर जीवनसाथी का काफी प्रभाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। व्यापार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज ऐसे लोगों से दूर रहें, जो आपको अतिवादी प्रतिक्रिया के लिए उकसाते हों। अटकी हुई पेमेंट आपको मिल सकती है। व्यापार में आमदनी बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपकी नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। लोग आपकी कार्यशैली की प्रशंसा करेंगे।

**कर्क** — आज दूसरों से आपको सम्मान मिलेगा। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग मिलने से काफी प्रसन्न रहेंगे। पुराने अनुभवों की सीख काम आएगी। नई विधाओं को सीखने को लेकर प्रयत्नशील रहेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा।

**सिंह** — आज आपको त्वरित निर्णय लेने से बचना चाहिए। अधिकारी वर्ग के प्रति मन में नकारात्मक विचार चलते रहेंगे। अपने धन का दुरुपयोग न करें। आपके मन में अजीबोगरीब विचार जन्म ले सकते हैं। कष्टकारक यात्रा हो सकती है।

**कन्या** — आज आपकी प्रतिभा में निखार आएगा। नवीन वस्त्र और आभूषण खरीदने का विचार कर सकते हैं। विवाह को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। व्यस्तता के बावजूद आप परिवार को समय देंगे। अधिकारियों की कृपा दृष्टि आपके ऊपर रहेगी।

**तुला** — आज पूरा दिन काफी अच्छा रहेगा। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो दिन अनुकूल है। आपकी सोच काफी सकारात्मक रहेगी। सामाजिक मुद्दों पर खुलकर आप अपनी राय रख सकते हैं। पैतृक संपत्ति प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको लाभ होगा। परिजनों के यहां घूमने जा सकते हैं। महिलाएं घरेलू कार्यों से ऊब सकती हैं। कारोबार में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए।

**धनु** — आज मन में अनचाहे विचारों की भरमार रहेगी। कड़वी जबान का प्रयोग करने से बचें। खानपान की गुणवत्ता का ध्यान रखें। कुछ गुप्त बातें खुलकर सामने आ सकती हैं। स्वास्थ्य बेहतर बनाये रखने के लिए व्यायाम अवश्य करें।

**मकर** — आज व्यर्थ के कार्यों से आपको बचना चाहिए। व्यापार में आपको उत्तम लाभ होगा। परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। आपकी स्मरणशक्ति काफी प्रखर रहेगी। भोग-विलास के साधनों पर आप काफी धन खर्च कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज सब लोगों से विचार-विमर्श कर निर्णय लेंगे, इसीलिए सबके चहेते बने रहेंगे। लोग आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करेंगे। चैरिटी से जुड़े कार्यों में भाग ले सकते हैं। आप योजनाबद्ध तरीके से सभी कार्य करेंगे।

**मीन** — आज एक साथ कई काम लेने के कारण मानसिक तनाव हो सकता है। दूसरों की मदद करने का प्रयास करेंगे। संतान के व्यवहार से आप नाराज हो सकते हैं। परिवार के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। प्रियजनों की समस्याओं का ध्यान रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 06.15 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
खेल — सुबह : 09.00
गुडबॉय — शाम : 06.00

&pictures
खिलाड़ियों का खिलाड़ी — सुबह : 11.15
अखंडा — रात : 07.30

SONY PIX
ब्राइटबर्न — सुबह : 11.07
स्पाइडर मैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
सीटीमार — सुबह : 11.22
वीरा द पॉवर — शाम : 04.40

ZEE ACTION
इंटरनेशनल खिलाड़ी — सुबह : 10.47
जाल — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 04.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुम बहुत स्वार्थी हो।
पति- भगवान के वास्ते अब बताओ भी, हुआ क्या है?
पत्नी- वो जो तुम्हारे लैपटॉप में एक फोल्डर है, तुम उसका नाम तुम उसका नाम अवर डाक्यूमेंट भी तो रख सकते थे न।
अब पति ने माइक्रोसॉफ्ट को मोडिफिकेशन के लिए मेल किया है।

लड़की से लड़का बोला- डार्लिंग मुझे तुम्हारी आंखों में सारी दुनिया दिखाई देती है।
पीछे से एक बूढ़ा बोला- हमारी गाय नहीं मिल रही, दिखे तो बताना बेटा

## एक नजर

### शांति व्यवस्था भंग करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**रुपईडीह** : आगामी दीपावली पर्व पर क्षेत्र मे लक्ष्मी पूजन व विसर्जन को शांति पूर्वक संपन्न कराये जाने के लिए कौड़िया थाना के पुलिस चौकी आर्यनगर पर थानाध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह की देखरेख में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से लक्ष्मी पूजन महोत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुझाव के बारे मे जानकारी हासिल की तथा शांति व्यवस्था भंग किए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी। इस दौरान चौकी प्रभारी राजेश कुमार दुबे, पूर्व प्रधान तिलक सिंह, विकास तिवारी, सूरज कश्यप, संदीप जायसवाल, बबलू सिंह, अंकित जायसवाल, अमित सिंह, पप्पू शुक्ल, विवेक चतुर्वेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

### बकरी चराने के विवाद में मारपीट, तीन गिरफ्तार

**परसपुर** : बकरी चराने के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डेहरास निवासी रामसेवक तिवारी, अरूण तिवारी, राहुल तिवारी तथा मेराज, यासीन, साबीरा के बीच मंगलवार की शाम 4बजे बकरी चराने के विवाद को लेकर एक दूसरे पर हमलावर हो गये तथा जमकर लाठी डण्डा चलाये दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गये। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मुकदमा दर्ज कराया है।थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से मेराज, राम सेवक, अरूण तिवारी को गिरफ्तार किया गया है।

### नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

**करनैलगंज** : ब्लॉक संसाधन केंद्र हलधरमऊ पर चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान शिक्षामित्रों ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। हलधरमऊ के शिक्षामित्र संघ के संरक्षक श्याम बाबा भारती ने शिक्षामित्र परिवार के साथियों के साथ नवागत खंड शिक्षा अधिकारी हलधरमऊ श्रवण कुमार तिवारी को फूल माला पहनाकर एवं उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर देवकीनंदन शुक्ला, चंद्र कुमार शुक्ला, यादवेंद्रधर द्विवेदी, राम जी मिश्रा, प्रयाग दत्त पांडे, प्रेम मोहन तिवारी, विनय तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, अनिरुद्ध गोस्वामी, राम कल्प गोस्वामी, विजय जायसवाल, कुलदीप सिंह, जवाहरलाल आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में 180 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण


नेत्र परीक्षण कराने आए लोग। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार**: जिला अंधता निवारण समिति गोंडा के तत्वावधान में बुधवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्क्रीनिंग नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र परीक्षण अधिकारी एके गोस्वामी ने बताया कि शिविर में 180 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें ऑपरेशन योग्य पाए गए मरीज छेदी लाल, मालती देवी, धन पता, जय नाथ, भोंदू, संतराम, हवलदार, मणि शंकर, राजित राम, राजमणि, बद्री, प्रसाद, प्रतिमा सिंह, प्रीति देवी, तुलसीराम आदि को निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा ऑपरेशन के लिए निजी वाहन से अयोध्या नेत्र चिकित्सालय भेजा गया।

# राशन कार्ड नहीं है तो बनवाइए फैमिली आईडी कार्ड

संवाददाता, गोंडा

**सुविधा**
- जनसेवा केंद्र पर मात्र 30 रुपये में होगा फैमिली आईडी का रजिस्ट्रेशन
- मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



**अमृत विचार**: अगर आपके पास राशन कार्ड नहीं है तो आपको चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। राशन कार्ड की अब जगह फैमिली आईडी कार्ड बनाया जाएगा। आप फैमिली आईडी कार्ड बनवा कर सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने फैमिली आईडी के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त हुए आवेदनों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि फैमिली आईडी की जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उनको पूरी गहनता के साथ परिक्षण करते हुए आगे के लिए वेरिफाई किया जाए।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित उन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है। ऐसे परिवार जो राशनकार्ड धारक नहीं है उन्हें फैमिली आईडी पोर्टल https://familyid.up.gov.in के माध्यम से फैमिली आईडी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है जिससे भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। प्रत्येक फैमिली आई०डी० पंजीकरण हेतु परिवार के सभी सदस्यों का आधार (मोबाइल नम्बर से लिंक) होना चाहिए। पंजीकरण के समय परिवार के सभी सदस्यों का आधार संख्या के सापेक्ष ओटीपी आधारित ई-केवाईसी होगा। फैमिली आईडी प्राप्त करने की प्रक्रिया फैमिली आईडी प्राप्त करने के लिए 30 रुपये निर्धारित शुल्क देकर जनसेवा केंद्रों या सीधे फैमिली आईडी पोर्टल https://familyid.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है, जो पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं से जो लोग वंचित हैं उन्हें फैमिली आईडी की सहायता से परिवार के सभी पात्र लोगों को सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

फैमिली आईडी सत्यापन की प्रक्रिया फैमिली आईडी के आवेदन में अंकित समस्त सदस्य एक परिवार के रूप में अध्यासित है अथवा नहीं, की पुष्टि सत्यापन के दौरान की जाएगी। परिवार का कोई वयस्क सदस्य दिए गए पते पर निवासरत होना चाहिए किसी संशय की स्थिति में आस-पड़ोस के लोगो से पूछताछ कर परिवार को सत्यापित किया जायेगा। बैठक में यह भी बताया गया है कि आवेदन करते समय विशेष ध्यान देने की जरूरत है, तथा पूरे परिवार का आधार कार्ड एकत्रित करने के बाद ही आवेदन करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, उपजिलाधिकारी मनकापुर, नायब तहसीलदार तरबगंज, नायब तहसीलदार करनैलगंज अल्पिका वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, डीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, राजेश पाण्डेय, ईडीएम अमित गुप्ता, समस्त बीडीओ सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डंपर ने बाइक सवार 3 को रौंदा, महिला की मौत

## दो घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

संवाददाता, कटरा बाजार, गोंडा




**अमृत विचार**: कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अमोडवा के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठी एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जबकि मृतका के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला सूरज बुधवार को बाइक लेकर किसी रिश्तेदारी में जा रहा था। उसके साथ गांव की दो महिलाएं चंदा व मंगला देवी भी थी। सूरज अमोड़वा मोड़ के पास पहुंचा था कि तेज गति से जा रहे डंपर ने अनियंत्रित होकर उसकी बाइक में ठोकर मार दी। डंपर की ठोकर लगते ही सूरज व दोनो महिलाओं व बाइक समेत सड़क पर जा गिरा। इस हादसे में मंगला की मौके पर ही मौत गयी जबकि सूरज व चंदा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक जम पर छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।अज्ञात डम्पर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### अनियंत्रित कार ने होमगार्ड के भाई को कुचला, मौत

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में गोण्डा- बेलसर मार्ग स्थित पहड़वा चौराहे के पास मंगलवार की देर रात एक युवक भागवत कथा सुने के लिए अपने भतीजे के साथ पैदल ही जा रहा था। सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दिया जिस से घायल हो गया। मरणासन्न हालत में उसे मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लौवा टेपर गांव के निवासी 50 वर्षीय श्याम मनोहर पांडेय पुत्र जमुना प्रसाद पांडेय अपने भतीजे 12 वर्षिय राज के साथ पैदल ही भागवत कथा सुने पहड़वा गांव जा रहे थे। तेज रफ्तार से आ रही कार उन्हे टक्कर मारते हुए निकल गई। श्याम मनोहर को मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। मृतक के भाई होमगार्ड हरिमनोहर पांडेय ने बताया कि उसके भाई दुर्गा नगर बाजार में गाड़ी का पंचर बनाने की दुकान करते थे। बगल के ही गांव पहड़वापुर में भागवत कथा का कार्यक्रम चल रहा था। दुकान बंद करने के बाद भागवत कथा सुनने जाया करते थे। मंगलवार की रात भी वह कथा सुनने जा रहे थे कि रास्ते में हादसा हो गया। मृतक के तीन बच्चे है। सब से बड़ी बिटिया चंचल, गुड़िया फिर पुत्र हनुमंत लाल पांडेय है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के गोंडा बेलसर मार्ग पर दुर्गा नगर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विष्णु उपाध्याय ने बताया कि ग्राम पंचायत लौवा टपरा के नागिया निवासी श्याम मनोहर पांडे (48) गांव के निकट भागवत सुनने गए थे पैदल वापस लौट रहे थे। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए जिन्हें उपचार केलिए गोंडा भेजा गया वहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल देहात डी के श्रीवस्तव ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

## सड़क हादसे में सफाईकर्मी की मौत

**करनैलगंज** : गोंडा-लखनऊ मार्ग पर कोंचा कासिमपुर के पास सड़क हादसे में बाइक सवार एक सफाई कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। वह करनैलगंज के अहिरौरा में तैनात था। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया।


रामकुमार वाल्मीकि।

गोंडा के रानी पुरवा जानकी नगर निवासी 35 वर्षीय रामकुमार वाल्मीकि मंगलवार की रात नौ बजे बाइक से अपने घर जा रहे थे। वह प्राथमिक विद्यालय कोंचा कासिमपुर के निकट पहुंचे थे की तभी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मिट्टी लदे डंपर से बाइक की टक्कर हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलधरमऊ ले जाया गया, जहां सीएचसी बन्द मिला। फिर उसे करनैलगंज सीएचसी पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक डॉक्टर अनुज कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर करनैलगंज सीएचसी पहुंचे मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों ने बताया कि राम कुमार सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था, उसकी तैनाती अहिरौरा में थी। मृतक की पत्नी वर्षा, बेटी वर्तिका व दो बेटे विशन, रुद्र इस घटना से सदमे में है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि घटना संज्ञान में है तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### शोक सभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि

सफाई कर्मचारी की मौत पर शोक सभा का आयोजन किया गया। मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर परिवार को इस अपार दुख सहन करने की शक्ति की कामना की। इस दौरान एडीओ आईएसबी दिनेश चंद्रा, एडीओ पंचायत राजेश कुमार वर्मा, सुभाष चंद्र पाण्डेय, रमेश मिश्र, श्याम किशोर पाण्डेय, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, रवि कुमार गोस्वामी, शिवमोहन अवस्थी, हरिशंकर आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### क्विज में ताज मोहम्मद, निबंध में अंशिका मौर्य रहीं प्रथम


प्रतियोगिता में परीक्षा देते बच्चे। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार** : बुधवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आझाराम में स्वच्छता अपनाओ, बीमारी दूर भगाओ व संचारी रोग कारण व बचाव विषय पर चित्र कला, निबंध लेखन व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक व जुनियर स्तर के बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें लक्ष्मी, संध्या, पूनम, संगीता, माधुरी, अर्चना, रूमा,करन, ताज मोहम्मद, संजू, नंदनी, रूबी, अंशिका भारती, रोशनी भारती, कुसुम, उन्नति, पूनम, क्रान्ति,अंशू, चांदनी,दीपक, अमन,आकाश सहित लगभग पैंतीस बच्चों ने हिस्सा लिया।जुनियर स्तर में चित्र कला में रूबी, नन्दनी व लक्ष्मी संयुक्त रूप से प्रथम, संजू, उन्नति व पूनम संयुक्त रूप से द्वितीय तथा संगीता भारती तृतीय स्थान पर रही। प्राथमिक स्तर में साकिरा प्रथम,करन द्वितीय व ज्योति तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन में ताज मोहम्मद प्रथम, पूनम द्वितीय व संजू तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंशिका मौर्य प्रथम, संजू द्वितीय व पूनम तृतीय स्थान पर रहीं। बच्चों ने लिखा वातावरण को स्वच्छ बनाएंगे संचारी रोगों दूर भगाएंगे,हम सब ने यह ठाना है संचारी रोग को भगाना है। आदि स्लोगन का अपने चित्रकला व निबंध लेखन में प्रमुखता से स्थान दिया। इस अवसर पर यूनीसेफ ऐक्शन एड की नूरजहां शाह, प्रधानाध्यापक आलोक कुमार भारती, शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया, शताब्दी वर्मा, अरुण कुमार सिंह, पूनम वर्मा, देवेन्द्र प्रताप, सुरेश कुमार, अमर ज्योति,चित्रावती मौर्य, अनुराधा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### सजा काटकर लौटे शख्स की जमीन व घर पर कब्जा

**कटरा बाजार, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव मे 20 वर्ष की सजा काट करके आए एक कैदी जब घर पहुंचा तो उसका मकान गांव के लोगों ने कब्जा कर लिया था। इतना ही नहीं उसकी खेती वाली जमीन लोगों की कब्जे में थी। पीड़ित ने जब अपनी जमीन पर कब्जे की बात की तो कब्जेदारों ने मारने के लिए दौड़ा लिया। मामला कटरा बाजार थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव का है यहां के निवासी संगम लाल 20 वर्ष पहले हत्या के मामले सजायाफ्ता था। जो सेंट्रल जेल बनारस में सजा पूरी करके बीते महीने घर पहुंचे तो गांव के ही करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने उसके घर और खेत पर कब्जा जमा रखा था,जब उसने अपना हक जताया तो उक्त लोगों ने उसे जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। पीड़ित ने अपना घर और जमीन दिलाए जाने के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। संगम लाल ने बताया कि जिलाधिकारी ने न्याय भरोसा दिलाया है।

### रामकथा दुनिया के लिए अचूक औषधि : मिथिला शरण


कथावाचक संत मिथिला शरण का स्वागत करते आयोजन समिति के लोग।

नवाबगंज, अमृत विचार : सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद में स्थित सिद्धपीठ कटरा कुटी धाम पर हनुमान जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर नव दिवसीय रामकथा का प्रख्यात मानस मर्मज्ञ कथावाचक मिथिला शरण महराज जी ने श्रोताओं को रसपान कराते हुए कहा कि गंगा तो शरीर धुलती है, किंतु रामकथा मन का कलुष धुलती है। उन्होंने रामचरितमानस और मंगलाचरण विषय पर श्रोताओं को समझाते हुए कहा कि आज विषाक्त होती दुनिया में श्रीराम कथा अचूक औषधि की भांति है।बस हम लोगों को रामकथा को मनोरंजन ना मानकर उसे पूरी गहनता से ग्रहण करना चाहिए। रामकथा में अंत :करण का रस-रसायन में बदलने की क्षमता है। संत गुरुदेव गुरु ब्राह्मण आदि की चरण वंदना करना चाहिए। कथा व्यास ने कथा से पूर्व मुख्य यजमान डॉ सुशीला रानी पत्नी राममणि पांडेय ने व्यास पूजन किया। पीठाधीश्वर महंत चिन्मयानंद महराज जी ने सभी आचार्यों को अंग वस्त्र माल्यार्पण कर दक्षिणा देकर स्वागत किया।कथा को विश्राम कर भगवान् की आरती उतारी गई। और समस्त श्रोताओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया।इस पावन अवसर पर कथावाचक भुवनेश्वर शास्त्री,पं विकास, रिंकू पांडेय, डॉ अरुण कुमार सिंह, विनोद कुमार गुप्ता,प्रवीन सिंह, गोपाल सिंह, सुभाष सोनी, बबलू तिवारी, श्याम तिवारी, समाजसेवी डॉ उमेश प्रताप सिंह, डॉ कुमार,राका शर्मा परशुराम शर्मा, रजनीश गुप्ता, गौरीशंकर गुप्ता दीपा तिवारी समेत सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

### श्रीराम जन्म की लीला देख भावविभोर हुए श्रद्धालु


रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**करनैलगंज** : श्री बालरामलीला कमेटी के तत्वावधान में क्षेत्र के ब्रह्मदेव स्थान छतईपुरवा में चल रहे श्री बालरामलीला उत्सव के दूसरे दिन मंगलवार रात में स्थानीय कलाकारों द्वारा रावण अत्याचार और रामजन्म की लीला का जीवंत मंचन किया गया। रामलीला के मंचन में दिखाया गया कि रावण के अत्याचार से त्राहि-त्राहि करती पृथ्वी गौ माता के रूप में इंद्र, कुबेर, शंकर व ब्रह्मा से जब अपनी आपबीती सुनाती हैं तब सभी देवता विष्णु भगवान से रावण के अत्याचार का दुखड़ा सुनाते हैं। उसके बाद विष्णु भगवान पृथ्वी पर जन्म लेकर रावण का वध करने का आश्वासन देते हैं। उधर राजा दशरथ वृद्धावस्था की ओर अपने को होता देख चिंतित होते हैं और महर्षि वशिष्ठ को दरबार में आमंत्रित कर कहा कि हे महर्षि हमारे बाद अयोध्या का राजपाठ कौन देखेगा और पुत्र प्राप्ति के लिए काफी चिंतित हो गए। इस लीला में रावण का किरदार अविनाश पाण्डेय व दशरथ का अभिनय श्रीलाल शुक्ल ने निभाया। वहीं, सोनू पाण्डेय, सर्वेश पाण्डेय, गुलशन पाण्डेय, हरिकेश पाण्डेय, कृष्ण कुमार, रितेश, कमल कांत, विक्की, नील कमल आदि ने भी अभिनय किया।

# फुटपाथ पर की जा रही वाहनों की पार्किंग

**मुश्किल**
- जाम की समस्या से जूझ रहे नगर के लोग

**मनकापुर, अमृत विचार**: कस्बे में सड़क किनारे होने वाली वाहनों की पार्किंग की वजह से लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या पर जिम्मेदार प्रशासन एवं व्यापारियों के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है। स्थिति यह है कि बैंकों या बाजारों में खरीददारी, लेनदारी के लिए आने वाले ज्यादातर लोग मजबूरी में सड़क किनारे या सड़कों पर ही अपनी वाहन खड़े करते हैं।

इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार व्यापारी जो अपने अपने दुकानों में बिकने वाली सामानों को दुकान के बाहर जमाकर विक्रय के लिए प्रदर्शित करते हैं उन्हें तनिक भी इस बात पर गंभीरता नही रहती। वैसे ही सड़कों की चौड़ाई जिला मुख्यालय के मुख्य बाजार के स्तर की नहीं है, उस पर भी बिना पार्किंग स्थल के बाजार में ग्राहकों को अपने वाहन खड़े करने की जगह नहीं मिलती। इस पूरी खींचतान में आम आदमी परेशान हैं। आम तौर पर देखने में आता है कि बाजार से लेकर मेन रोड स्थित बैंक की शाखाओं, शैक्षणिक संस्थाओं व अन्य जगह पर आने वाले लोगों के लिए पार्किंग व्यवस्था पर अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया है। शहर के यातायात को बिगाड़ने में बेहद गंभीर समस्या बनी अवैध पार्किंग से निबटने के लिए नगर पंचायत ने भी कोई ठोस उपाय नहीं किए हैं। वह यहां खरीदारी करने के लिए बाजार के लोगों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रो के लोग भी आते हैं। पार्किंग न होने से खरीदार और व्यापारी अपने दोपहिया, चारपहिया वाहनों को दुकानों के सामने खड़ा करते हैं जिससे जाम लगता है।



सड़क किनारे फुटपाथ पर खड़े वाहन। अमृत विचार

कस्बे की आबादी करीब 20 हजार है। नगर पंचायत में 10 वार्ड हैं। पूरे नगर में 10 से अधिक निजी अस्पताल और 1 हजार छोटी-बड़ी दुकानें हैं। इसके बाद भी नगर में एक भी पार्किंग नहीं है। कटी तिराहे से बाजार स्थित पेट्रोल पंप तक पूरी बाजार है जहां करीब 15 किलोमीटर क्षेत्रफल के लोग यहां बाजार करने आते हैं।

### कॉमर्शियल भवनों में भी पार्किंग की सुविधा नहीं

कस्बे में रेडीमेड कपड़े तथा अन्य वस्तुओं के बड़ी बड़ी दुकाने हैं। इसके अलावा 10 से अधिक बैंक, 10 से अधिक निजी अस्पताल तथा अनेक शिक्षण संस्थान हैं। इनमें किसी के पास भी अपनी स्वयं की पार्किंग नहीं है। नियमानुसार कॉमर्शियल भवन पार्किंग के बिना पास नहीं हो सकता।

# कमरे में फंदे से लटक कर महिला ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचार**: मनकापुर कोतवाली अन्तर्गत ग्राम चांदपुर लखपतराय की रहने वाली एक महिला ने मंगलवार की रात अपने कमरे में फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला ने फंदा क्यों लगाया पुलिस इसकी जांच कर रही है।

मनकापुर के ग्राम चांदपुर लखपतराय की रहने वाली सुक्खा (40) के पति रामभान की पांच साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गयी थी। सुक्खा के पास एक बेटी स्नेहा व बेटा राज हैं। स्नेहा की शादी हो चुकी है। सुक्खा घर पर वह 12 साल के अपने बेटे के साथ रहती है। मंगलवार को बेटा अपने ननिहाल गया था। सुक्खा घर पर अकेली थी। पड़ोसियों का कहना है कि जब बुधवार की सुबह उसका दरवाजा नहीं खुला तो लोगों ने उसके भाई

अशोक उर्फ पायलट चौहान निवासी ग्राम बल्लीपुर को दी। भाई ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़कर भीतर पहुंची तो सुक्खा का शव उसकी साड़ी के फंदे से पंखे में लटक रहा था। महिला का शव देख लोगों के होश उड़ गये। पुलिस ने शव के नीचे उतारा और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतका के भाई के सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

**दिशा-निर्देश** एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# त्योहारों को लेकर सतर्कता बरतें पुलिसकर्मी : डीआईजी

कार्यालय संवाददाता, गोंडा


अपराध समीक्षा करते डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह व एसपी विनीत जायसवाल।

**अमृत विचार**: पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज अमेन्द्र प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी त्योहारों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर चर्चा की गई।

अपराध समीक्षा बैठक में सबसे पहले पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके निराकरण का निर्देश दिया गया। एसपी ने थाना प्रभारियों से कहा कि दंगा निरोधी उपकरणों जैसे-एंटी राइट गन, रबर बुलेट, आंसू गैस के गोले, टियर गैस ग्रेनेड, डंडा, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, कैंशील्ड, हैंड गार्ड व लेग गार्ड आदि की साफ-सफाई सुनिश्चित करते हुए उनका अभ्यास कर लिया जाए। त्योहार रजिस्टरों को चेककर पूर्व के विवादों को मीटिंग कर सुलझाना सुनिश्चित किया जाए तथा थाना क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के छोटे से छोटे विवादों पर कड़ी नजर रखी जाए। डीआईजी ने कहा कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अवैध रूप से पटाखों की फैक्ट्री एवं दुकान संचालित करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए तथा लाइसेंसी दुकानों की चेकिंग करते हुए मानक के अनुरूप दुकानों को संचालित करने कड़े निर्देश दिए जाएं। साथ ही आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सड़कों, चौराहों, पार्क, होटल, ढाबों, स्कूल, बैंक व पेट्रोलपंप पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरों को चेक करना सुनिश्चित करें तथा गडबड़ी की स्थित में उन्हे दुरूस्त कराया जाए। दिवाली के दिन अग्निशमन विशेष रूप से सतर्क रहे। बिजली विभाग से समन्वय स्थापित कर जुलूस के रास्तों में झूले हुए तारों को दुरूस्त कराया जाए, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में जुलूस के समय रूफ टॉप ड्यूटी ड्रेगन लाइट के साथ लगायी जाए तथा जुलूस में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएं।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने यातायात प्रभारी को जनपद में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा की भीड़ भाड़ वाले जगह को चिन्हित कर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए आगामी त्यौहार को लेकर सभी पुलिसकर्मी सजग रहे हैं। इस अवसर पर जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### मिल जुलकर शांति से मनायें त्योहार: शिल्पा वर्मा

**इटियाथोक** : आगामी दीपावली पर्व व लक्ष्मी पूजन महोत्सव , विसर्जन को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने को लेकर इटियाथोक थाना कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा ने दीपावली पर पटाखों के संयमित प्रयोग करने को लेकर चर्चा की। उन्होंने डीजे बजाने को लेकर भी सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बिना प्रशासन की अनुमति के मूर्ति की स्थापना नहीं की जाएगी। आप सभी लोग प्रयास करें कि सूर्यास्त से पहले मूर्ति विसर्जित हो जाए। वही थाना प्रभारी शेषमणि पांडेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कहीं कोई समस्या होने पर तुरंत पुलिस को अवगत कराए। स्वयं कानून को हाथ में ना लें जहां तक हो सके त्योहारों की मर्यादा बनाए रखें। दूसरे समुदाय के घरों के सामने डीजे न बजाएं। त्योहारों को त्यौहार की तरह मनाएं। जो लोग त्योहार में खलल डालेंगे उनके खिलाफ पुलिस दंडात्मक कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। व्यापार मंडल के पदाधिकारी, डीजे मालिक व मूर्ति स्थापना करने वाले लोग उपस्थित रहे।

# संलिप्तता में छिनेगी प्रधानी, नपेंगे चौकीदार

**बहराइच हिंसा**

## हिंसा प्रभावित गांवों में ग्राम प्रधानों और चौकीदारों की भूमिका की होगी जांच

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के महराजगंज बाजार में हुई हिंसा के बाद पुलिस-प्रशासन काफी सतर्क है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक ने हिंसा प्रभावित गांवों में ग्राम प्रधानों और चौकीदारों की भूमिका की जांच कराने की बात कही, साथ ही चेतावनी दी कि अब अगर किसी गांव में हिंसा हुई तो प्रधान और चौकीदारों के भूमिका की भी जांच होगी। उनकी संलिप्तता मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

हरदी थाना परिसर में बुधवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, चौकीदार, कोटेदार और अन्य लोगों को बुलाया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि अगर आप लोग थोड़ा सतर्कता बरतते तो कहीं भी विवाद न होता। विवाद की स्थिति में समय रहते गांव के चौकीदार और प्रधान इसकी जानकारी पुलिस को दें। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि हिंसा की घटना से दोनों पक्षों को नुकसान होता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर दोबारा हिंसा हुई तो इसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी ग्राम प्रधान और चौकीदार की भूमिका की भी जांच होगी, साथ ही हिंसा में प्रयुक्त होने वाले हथियारों के बारे में भी जानकारी एकत्र की जाएगी। जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर चौकीदार दोषी हुए तो उन्हें नौकरी से हटा दिया जाएगा। ग्राम प्रधान दोषी पाए गए तो उनकी प्रधानी भी जा सकती है। इस दौरान उपजिलाधिकारी महसी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सीओ, खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



हरदी थाने में बैठक को संबोधित करतीं डीएम मोनिका रानी और एसपी वृंदा शुक्ला।

### हिंसा के बाद बाजार में लौटने लगी रौनक

**भगवानपुर, बहराइच।** जनपद के महाराजगंज में हिंसा के बाद धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। बुधवार को सड़कों पर चहल पहल दिखी। हिंसा के बाद पैदा हुए तनाव के चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे। बाजार में सन्नाटा पसरा था। पुलिस और पीएसी जवानों की तैनाती से लोगों में सुरक्षा के प्रति विश्वास जगा और बुधवार को लोगो ने बाजार में खरीदारी की। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है। लोग बाजार में दिख रहे हैं। आवागमन भी कर रहे हैं।

### हिंसा में शामिल दो और लोग गिरफ्तार

**बहराइच।** हरदी पुलिस ने महाराजगंज में हुई हिंसा के मामले में बुधवार को दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हरदी थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि हिंसा में शामिल प्रेम कुमार और सबुरी मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। मेडिकल जांच के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। मालूम हो कि हिंसा में अब तक 100 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस हिंसा में पुलिस ने हरदी थाने में अब तक 14 मामले दर्ज किए हैं।

### बहराइच दंगा अफसरों की लापरवाही से: जमीयत

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार।** जमीअत उलमा के प्रदेश उपाध्यक्ष कानपुर के मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने उलेमा की टीम के साथ बहराइच स्थित दंगा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ितों का हाल-चाल लिया। उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि ये घटना स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण हुई है।बहराइच से वापस कानपुर आने के बाद जमीअत के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि ये घटना बहराइच के स्थानीय अधिकारियों और प्रशासन की विफलता का ज्वलंत प्रमाण है। मौलाना ने कहा कि हमें युवक की मौत का दु:ख है। पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाती तो न तो युवक की मौत होती और न ही कोई दुर्घटना होती। वहां एक विशेष वर्ग के मकानों, कारोबार, दुकानों को आग के हवाले किया गया, लूटपाट की गई लेकिन पुलिस आंख बंद किये रही। मौलाना कासमी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। जो अधिकारी और लोग इस घटना में शामिल हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। राज्य के मुखिया को पक्षपात से मुक्त होकर निष्पक्षता के साथ मामले को हल करने की कोशिश करनी चाहिए। जमीअत उलमा मध्य उत्तर प्रदेश की कार्यसमिति के सदस्य मौलाना शब्बीर अहमद कासमी ने पीड़ितों को कुछ नकद और खाद्य सामग्री बतौर मदद दी। प्रतिनिधि मंडल में अब्दुल मुईद चौधरी, मुफ्ती इजहार मुर्करम कासमी, मौलाना अंसार अहमद जामई, मुफ्ती महफुजुर्रहमान कासमी और कारी कलीम आदि थे।


एक घर में जलाए गए सामान को देखते उलेमा।

> सीमावर्ती गांवों में ग्राम सुरक्षा समिति सक्रिय है, लेकिन अब पूरे जिले में इसे सक्रिय किया जाएगा, जिससे इन समिति के सदस्य गांव के विरोध को शांत कर सकें
>
> -मोनिका रानी, जिलाधिकारी

# सपा हिंसा पीड़ितों के साथ करेगी हरसंभव मदद : यासर


हिंसा पीड़ित लोगों से मुलाकात करते पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह।

संवाददाता, बहराइच

▸▸ **अपने आवास पर पूर्व मंत्री यासर शाह ने पीड़ितों से की मुलाकात**

**अमृत विचार।** जिले के महराजगंज बाजार में हिंसा पीड़ित परिवार के लोगों को समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह ने आवास बुलाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ितों के साथ है और हरसंभव उनकी मदद करेगी। सपा हर हाल में उन्हें न्याय दिलाने के प्रति प्रतिबद्ध है। जिले के महसी तहसील क्षेत्र के हरदी थाना अंतर्गत महाराजगंज बाजार में लगभग 10 दिन पहले हिंसा हो गई थी। इस हिंसा में एक की मौत हो गई थी। उपद्रवियों ने कई लोगों के मकानों, प्रतिष्ठानों और वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। इसे देखते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह ने हिंसा से पीड़ित लोगों को शहर स्थित अपने आवास पर बुलवाया। सभी से मुलाकात की। सपा नेता ने सभी की परेशानी व समस्याओं को सुना एवं सभी पीड़ित परिवारों को जल्द ही न्याय व हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हर समय आपके साथ है। शाह ने परिवारों को समझाते हुए बताया कि आगे किसी भी विपरीत परिस्थिति मे कानून व्यवस्था को हाथ में न लें। यदि कोई ऐसी बात होती है तो सबसे पहले पुलिस, प्रशासन या फिर मुझसे स्वयं सम्पर्क कर जनाकरी दें और हर परिस्थिति में शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द कायम रखें। इस दौरान काफी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### त्योहार के लिए थानावार नामित हुए मजिस्ट्रेट

**बहराइच, अमृत विचार।** आसन्न धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, मैयादूज एवं छठ पूजा इत्यादि त्योहारों को धार्मिक आयोजन हेतु शासन द्वारा निर्गत गाईडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए शान्ति एवं सौहादपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा प्रत्येक थाना क्षेत्र के लिए 01-01 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर पुलिस अधिकारी की तैनाती की गयी है। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी सम्पूर्ण थानाक्षेत्र अन्तर्गत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होंगे। त्यौहारों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर स्थित आपदा कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 05252-230132 है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के लिए तहसीलदार सदर मोबाइल नंबर 9454416038 व प्रभारी निरीक्षक को.नगर मो.नंबर 9454402976 है। इसके अलावा अन्य के मोबाइल जारी किए गए हैं।

### कोटेदार संघ के अध्यक्ष बने कृष्ण मुरारी

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचार।** विकासखंड फखरपुर ब्लॉक सभागार में बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से कृष्ण मुरारी त्रिपाठी को ब्लॉक कोटेदार संघ का अध्यक्ष चुना गया तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदय भान सिंह बनाए गए। उपाध्यक्ष विनोद कुमार व करीम अहमद आनंद पांडे अजय सिंह तथा महामंत्री अमरेश पांडे व राकेश वर्मा कोषाध्यक्ष बदरुद्दीन, मीडिया प्रभारी राम आधार को चुना गया। संगठन की अध्यक्षता की अगुवाई ब्लॉक प्रमुख रणवीर सिंह उर्फ मुन्ना एव सीताराम पाण्डेय ने की। बैठक के दौरान कोटेदारों के रास्ते में आने वाली अड़चनों के बारे में चर्चा हुई एवम् उसका समाधान निकालने के लिए किए रणनीति तय हुई। बैठक के दौरान कोटेदार पुत्तीलाल, शैलेश कुमार, बाबू राम सिंह, शिव कुमार, किस्मत उल बेगम, मूलचंद पाठक, संदीप सिंह, सुरेश कुमार, राम अवतार, कौसरा बेगम, कुलदीप कुमार, मोहम्मद जहूर, कविता मिश्रा, राजकुमार, सत्य प्रकाश, मंजू देवी आदि कोटेदार मौजूद रहे।

### स्वर्ण जयंती के दूसरे दिन हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार।** गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिसिया में स्वर्ण जयंती समारोह एवं महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय प्रोफेसर कन्हैया लाल श्रीवास्तव के 19वीं पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विचार गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# इंस्पेक्टर और दरोगा हुए रिवर्ट

संवाददाता, बहराइच

▸▸ **पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई कर मूल पद पर भेजा**

**अमृत विचार।** जिले के जरवल रोड थाने पर तैनात रहे इंस्पेक्टर और दरोगा को पुलिस अधीक्षक ने रिवर्ट कर उनके मूल पद पर भेज दिया है। इसको लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है।

जिले के जरवल रोड थाने में थानाध्यक्ष के पद पर विनोद राव जनवरी माह में तैनात थे, जबकि जरवल चौकी इंचार्ज के पद पर असलम तैनात थे। इन दोनों को पुलिस अधीक्षक ने एक मामले में फरवरी माह में निलंबित कर दिया था। इसके बाद से सभी पुलिस लाइन में तैनात थे। इसकी जांच विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक ने जांच रिपोर्ट मिलने के बाद थानाध्यक्ष विनोद राव को उनके इंस्पेक्टर के पद से रिवर्ट करते हुए दरोगा और दरोगा असलम को सिपाही पद पर रिवर्ट कर दिया है। इसकी रिपोर्ट बनाकर पुलिस अधीक्षक ने शासन को भेज दी है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक के सीयूजी मोबाइल नंबर पर फोन मिलाया गया तो उनके पीआरओ ने बताया कि दोनों को रिवर्ट करते हुए उनके मूल पद पर भेज दिया गया है।

### जमीन विवाद में हुई थी कार्रवाई

जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल कस्बा में जनवरी माह में एक अपराधी ने कुछ लोगों की जमीन पर अपना कब्जा कर लिया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने जांच के बाद दोनों को निलंबित कर दिया था। इसके बाद निलंबन की जांच की गई। फिर 14/1 की कार्रवाई हुई। इसके बाद तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी ने कार्रवाई की है।

# नीचे बैठ रहा पुल का हिस्सा, हो सकती है समस्या

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार।** लखनऊ-बहराइच हाईवे पर स्थित कुड़वा गांव के निकट रेलवे लाइन के ऊपर बना पुल के ऊपरी हिस्सा में 6 इंच दक्षिणी छोर का हिस्सा नीचे धीरे-धीरे बैठ रहा है। ऐसे में कभी भी आवागमन प्रभावित हो सकता है। लखनऊ बहराइच मार्ग पर जरवल रोड में स्थित पुल की स्थिति खराब हो रही है। इसी पुल से फर्राटा भर रहे वाहनों को आवागमन मे छोटे बड़े वाहन उछाल मार रहे हैं। जिससे वाहनों के साथ जान को भी खतरा है। नवनिर्मित पुल का उद्घाटन 28 अगस्त 2018 को हुआ था। ओवर ब्रिज करीब 60 करोड़ रुपये की लागत से बना था। सपसा निवासी पवन सिंह ने देखा एक बाइक सवार इस गड्ढे में गिरकर घायल हो गया था। लखनऊ-गोरखपुर रेल प्रखंड गुजरने वाले लाइन के पास बीच पुल पर 6 इंच से अधिक का उछाल है। जिससे आए दिन लोग चोटिल होते हैं। इस ओवर ब्रिज पुल से लखनऊ बहराइच श्रावस्ती व पड़ोसी देश नेपाल को हजारों वाहनों प्रतिदिन आवागमन होता है। इस मामले में एसडीएम आलोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सड़क मार्ग के अधिकारियों से रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्यवाई होगी।

# सड़क हादसों में किशोर समेत 3 की मौत, 2 घायल

संवाददाता, बहराइच

▸▸ **मोतीपुर में हुए हादसे में भाई की मौत, बहन और सहेली घायल**

**अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बुधवार को सड़क हादसे हो गए जिसमें एक किशोर समेत 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि किशोर की बहन और युवक की पत्नी समेत 2 घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बगहा के मजरा सरपंच पुरवा निवासी उमेश मिश्रा की बेटी भूमिका मिश्रा राजकीय हाईस्कूल राजापुर में पढ़ती है। बुधवार सुबह 7:00 बजे उमेश का बेटा उदित अपनी बहन भूमिका और सहेली मोनिका को बाइक से लेकर स्कूल जा रहा था। गायघाट मटिया मोड मार्ग पर चोर पुरवा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल हो गया आसपास के लोगों की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में पहुंचाया गया। यहां पर उदित की मौत हो गई। जबकी सहेली को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से लखनऊ रिफर कर दिया ,लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। उधर श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी ननकऊ (22) पुत्र अब्दुल्ला की पत्नी खैरीघाट थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में थी। जिस पर युवक अपनी पत्नी को लेने ससुराल आया था। वह बाइक से पत्नी को लेकर जा रहा था नानपारा कोतवाली क्षेत्र में नानपारा इमामगंज मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में ठोकर मार दी, जिससे पति की मौत हो गई जबकि पत्नी घायल हो गई।

## सार-संक्षेप

### मुकीद बने एआईएमआईएम के जिला सचिव



**जरवल, बहराइच, अमृत विचार।** क्षेत्र के हंसना धंवरिया निवासी मोहम्मद मुकीद को एआईएमआईएम पार्टी का जिला सचिव मनोनीत किया गया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष फिरोज बागवान ने मुकीद की कार्यक्षमता और लोकप्रियता को देखते हुए पार्टी का जिला सचिव मनोनीत कर दिया है। श्री बागवान ने कहा कि निष्ठावान लोगों को पार्टी से जोडकर पार्टी को जिले व अपने क्षेत्र में मजबूत करें। पार्टी की नीतियों का ब्यापक प्रचार प्रसार करना तथा उर्जावान लोगों को पार्टी से जोडना है। इससे पहले मोहम्मद मुकीद को खुशी फाउंडेशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। मुकीद कई वर्षों तक विभिन्न किसान संगठनों से भी जुडे रहे तथा किसानों की आवाज को उठाते रहे इनके मनोनयन पर शाजिया खान, नसीफ अहमद, मोहम्मद आरिफ शाह,आजम अली सिद्दीकी, नूर अहमद, शादाब खान, अब्दुल कलाम ने हर्ष जताया है।

### अभियुक्तों का फास्ट ट्रैक कोर्ट में चले केस

**बहराइच, अमृत विचार।** परशुराम सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने बुधवार को मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिसमें हिंदुओं का उत्पीड़न रोके जाने, ब्राह्मण आयोग का गठन करने समेत अन्य मांग शामिल है। परशुराम सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित शत्रुघ्न पांडेय के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष भानु प्रताप पांडेय की अगुवाई में सैकड़ों लोग बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। पंडित महेंद्र नाथ तिवारी कहा कि हरदी के महराजगंज में हुए हिंसा में पुलिस हिंदुओं का उत्पीड़न कर रही है। इस पर रोक लगाते हुए बिना प्रमाण के किसी की गिरफ्तारी न करने, ब्राहमण आयोग का गठन करने, पीड़ित ब्राहमण परिवार को सुरक्षा प्रदान करने, मृतक राम गोपाल के परिवार को एक करोड़ मुआवजा देने, गिरफ्तार अभियुक्तों का केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने समेत आठ सूत्रीय ज्ञापन दिया। सभी ने कहा कि यदि मांगों पर अमल नहीं किया गया तो पांच नवंबर को हिंदू समाज धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### लेखपाल की लापरवाही से वरासत के लिए भटक रहे ग्रामीण

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास में तैनात लेखपाल लापरवाही का मामला सामने आया है। जानकारी देते हुए ग्रामीणों बताया गया कि गन्ना पेराई सत्र शुरू होने पर है, लेकिन कागजों के तालमेल ने तो कमर ही तोड़ कर रख दी है। क्षेत्रीय लेखपाल की लापरवाही से बहुत से किसानों का सट्टा मजबूत नहीं हो पाया है। जिससे पारले चीनी मिल में गन्ना बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। गांव निवासी सत्यम, शिवम, सुंदरम, ने बताया कि बीते 6 माह से अंश निर्धारण के लिए लेखपाल से गुहार लगा रहे हैं। इसके बावजूद भी उनका अंश निर्धारण नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से गन्ना प्राइस सत्र में सट्टा का निर्धारण नहीं हो रहा है। सिपहिया हुलास के निवासी राजेश व बच्चू ने बताया कि उनके पिता की मौत बीते एक साल पूर्व हो गई थी। लेकिन अभी तक वरासत नहीं हो पाई है। जिससे किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभी ने इसकी शिकायत डीएम से की है।

### छात्र और छात्राओं को मिला सम्मान तो हुए खुश

**फखरपुर, बहराइच, अमृत विचार।** खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार के कुशल निर्देशन में बीआरसी केंद्र गजाधरपुर पर बुधवार को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि बीडीओ अजय कुमार सिंह व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना भैया मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में वैज्ञानिक एवं मानसिक सोच पर आधारित प्रश्नों की लिखित परीक्षा ली गई। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर चयनित 03-03 एवं कुल 120 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम चक्र में 25 सर्वश्रेष्ठ तथा दूसरे चक्र में साक्षात्कार के द्वारा 05 उत्कृष्ट धुरूप, अब्दुल रहीम, मुस्कान, विपिन शुक्ला और नीतू जायसवाल छात्र छात्राओं को जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता हेतु चयनित किया गया। बीईओ राकेश कुमार ने बताया कि बच्चों में विज्ञान एवं गणित जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई। सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अमरेश, लवकुश व अनोखी लंबी दौड़ में अव्वल

पयागपुर, बहराइच


पयागपुर में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमदापुर के परिसर में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय हटवा गोपाल, पूरे कालीमिश्र व झाला तरहर के बच्चों का दबदबा रहा।

पयागपुर विकास खंड क्षेत्र के न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता ब्यायाम शिक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह व नोडल शिक्षक संकुल राजेन्द्र नाथ शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुई, जिसमे न्याय पंचायत लालपुर के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक स्तर की दौड़ के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसमे बालक वर्ग में गुरुदत्त पुरवा के छात्र रोहन ने 50मीटर, हटवा गोपाल के छात्र दीपक ने 100 व अमरेश ने 200मीटर की दौड़ में परचम लहराया। जूनियर वर्ग के मुकाबले में हटवा गोपाल के कुलदीप ने 100, झाला तरहर के लवकुश ने 200पूरे काली मिश्र के नरसिंह ने400 व अनोखी ने 600मीटर की दौड़ में विजय हासिल की। खो खो प्रतियोगिता बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय झाला तरहर प्रथम व पूरे काली मिश्र द्वितीय स्थान पर रहा। ऊंची कूद में अमदापुर की छात्रा मांडवी प्रथम, झाला तरहर की रिंका द्वितीय व पूरे काली मिश्र की प्रियांशी तृतीय स्थान पाने में सफल रहीं। प्रतियोगिता में हिंदी व अंग्रेजी विषय की सुलेख प्रतियोगिता भी सम्पन्न हुई जिसमें हटवा गोपाल की छात्रा प्रीति हिंदी व अंग्रेजी के लेखन में प्रथम स्थान पर रहीं। इस अवसर पर शिक्षक संकुल दीनानाथ दीक्षित, राकेश कुमार, विनोद कुमार सिंह, अनुदेशक विजय यादव, मनीष मिश्रा, तेजनारायण, योगेश गुप्ता, त्रिपुरेश उपाध्याय, आशीष सिंह, पंकज मिश्रा सहित विद्यालय की प्रधान शिक्षिका करुणा सिंह व प्रतिभागी बच्चे मौजूद रहे।

# कक्षा 9 के छात्र को 3 छात्रों ने पीटा, आरोपी स्कूल से बर्खास्त

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल में नौ के एक छात्र को तीन छात्रों ने जमकर पीटा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्कूल प्रबंधन ने घटना छह माह पूर्व की बतायी है। इसके अलावा दोषी तीन छात्रों को स्कूल से बर्खास्त कर पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक छात्र को विद्यालय परिसर में कुछ छात्र पिटाई कर रहे हैं। यह वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जानकारी ली गई तो वीडियो सही पाया गया साथ ही यह वीडियो 18 मार्च 2024 का है। प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र नायक ने बताया कि वीडियो विद्यालय का है। स्कूल के बाहर कक्षा 9 के छात्र अभिनव से विवाद हुआ। इसका बदला कक्षा 9 में पढ़ने वाले सरफराज, आसिफ और अब्दुल्ला ने विद्यालय पहुंचकर लिया। आरोपी तीन छात्रों के पिता को पत्र लिखा गया और सभी को विद्यालय से बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद तीनों छात्रों को कोतवाली देहात पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### अभी तक नहीं आई शिकायत

स्कूल में मारपीट और वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली है। लेकिन अभी तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं है। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों के बीच मामले में सुलह की बात कही जा रही है।

-परमानंद तिवारी, कोतवाल देहात

# दो पक्षों में चले लाठी डण्डे, आठ घायल

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार।** जरवलरोड थाना क्षेत्र के रेवढा पंडित पुरवा गांव में दो पक्षों में जमीनी विवाद चल रहा है। एक पक्ष मकान बनवाने के लिए नींव भरवाने लगा, तो दूसरा पक्ष नींव भरने से रोकने के लिए बुधवार को पहुंच गया। इस बीच दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी डंडे लेकर हमलावर होकर एक दूसरे पर टूट पडे। लाठी डण्डे और ईंट से हुयी मारपीट में रामवती (60), कमला देवी (60), सुनीता (30), सुशीला (35), तेजस्विनी (19), रेनू (20), बच्चू लाल (67), नीरज (17) घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**जानकारी** — तारा महिला इण्टर कालेज में आयोजित हुआ महिला विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर

# अपराधों के खिलाफ पुलिस की सहायता लें महिलाएं

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज़-5 के अन्तर्गत तारा महिला इण्टर कालेज में महिला विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि, तारा महिला इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या कमला देवी, बाल संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्या, वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रचना कटियार और उपनिरीक्षक महिला थाना अमरनाथ चौहान सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

शिविर को सम्बोधित करते हुए सचिव शिरोमणि ने उपस्थित महिलाए, छात्राएं को जागरुक करते हुए बताया गया कि न्यायपालिका किसी भी जनतंत्र के तीन प्रमुख अंगों में से एक है। न्यायपालिका संविधान और कानून की रक्षक है। भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत प्रत्येक जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यरत है, जो समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करती है। आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता पा सकता है। इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में जानकारी दी गयी। बाल संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्या ने कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने और उनकी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। रचना कटियार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए सरकार द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। महिला सुरक्षा के उद्देश्य से संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 1076, 112, 181, 1098, 1090 की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी महिला किसी भी समय अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं।



शहर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सीओ। अमृत विचार

# न्याय न मिलने पर पीड़िता ने की आत्महत्या की कोशिश

संवाददाता, बहराइच

▸▸ **सीडब्ल्यूसी ने डीजीपी समेत वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा शिकायती पत्र**

▸▸ **साक्ष्यों के बावजूद पुलिस ने मामले में लगा दी थी फाइनल रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र की 15 वर्ष बालिका से घर में ही उसके सौतेले भाई द्वारा नशे की गोली खिलाकर तीन बार दुष्कर्म किए जाने की घटना की एफआईआर दर्ज कराए जाने और पुलिस व जुडीशियल मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान व दुष्कर्म की की पुष्टि होने के बावजूद पुलिस द्वारा इस मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। इससे क्षुब्ध बालिका ने ननिहाल में दो बार आत्महत्या करने की कोशिश की। इस संबंध में बाल कल्याण समिति डीजीपी, आईजी व पुलिस उपमहानिरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन को पत्र भेजकर शिकायत दर्ज कराई है।

पत्र में कहा गया है कि नानपारा कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के साक्ष्यों के बावजूद एफआर लगा कर मामले को रफा दफा कर दिया। इससे पीड़िता के मन पर गहरा आघात लगा है। उसने अपने ननिबाल में दो बार आत्महत्या की कोशिश भी की। इस पर पीड़िता ने मौसी के साथ बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष न्याय की गुहार लगाई। समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने घटना की सूचना डीजीपी, आईजी व पुलिस उपमहानिरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ को भेजी है और निष्पक्ष जांच कराकर शीघ्र न्याय दिलाने का कहा है। समिति ने कहा है जिन पुलिसकर्मियों ने अवैधानिक रूप से मुकदमे में आरोपपत्र की जगह फाइनल रिपोर्ट लगाई है, उसके विवेचक व पयर्वेक्षक अधिकारी के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दुग्ध विक्रेता की मौत

बलरामपुर, अमृत विचार। ललिया थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव में अनियंत्रित बाइक के चपेट में आने से खोया बेचने गए किसान महन्त यादव घायल हो गया। इलाज के दौरान सीएचसी शिवपुरा में मौत हो गई। वहीं दो महिला समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज जारी है। ललिया थाना क्षेत्र के बजरडीह गांव के मजरे पिपरहवा गांव निवासी महन्त यादव उम्र 65वर्ष सिंहपुर बाजार में साइकिल से खोया बेचने गए थे। बुधवार के दोपहर में ललिया शिवपुरा बाजार मार्ग पर सिंहपुर बाजार से अनियंत्रित बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे चार लोग घायल हो गए। जनपद श्रावस्ती थाना सिरसिया में स्थित शिवगढ़ गांव निवासी सब्बीर अपने रिश्तेदार की महिला ताहिरा, सबीना निवासी टेगनवार थाना हरैया को एक बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। चार घायलो को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शिवपुरा में भर्ती कराया गया। सीएचसी शिवपुरा में महन्त यादव को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी कोयला, लड़की रीता देवी, बेटा मंगल देव यादव का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक बीएन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### विक्रेताओं को नैनो यूरिया व डीएपी की बताई गईं खूबियां

बलरामपुर, अमृत विचार। मंडी समिति स्थित इफ्को बाजार केंद्र में बुधवार को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उर्वरक विक्रेताओं को नैनो यूरिया व नैनो डीएपी की खूबियां बताते हुए किसानों को इसके प्रयोग के लिए प्रेरित करने की बात कही गई। प्रशिक्षण में 60 फुटकर उर्वरक विक्रेता शामिल हुए। अयोध्या से आए इफ्को के क्षेत्रीय अधिकारी दिलीप त्रिपाठी ने दुकानदारों को आधुनिक विधि से बनाए गए नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि नैनो तरल यूरिया की आधा लीटर की शीशी एक बोरी यूरिया से कहीं ज्यादा काम करती है।

# बहराइच ध्वस्तीकरण नोटिस पर जवाब न मिलने पर कोर्ट नाराज

## कहा- जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण, उसका दो दिन में दें ब्यौरा

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच के महाराजगंज में लोक निर्माण विभाग के सड़क पर कथित अतिक्रमण को हटाने के विरुद्ध दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान नाराजगी जतायी है। न्यायालय ने कहा कि हमने रविवार को पारित आदेश में स्पष्ट रूप से पूछा था कि जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण की बात कही जा रही है, उसकी कैटेगरी क्या है, वहां कितने घर बने हुए हैं। न्यायालय ने कहा कि उक्त स्पष्ट आदेश के बावजूद उपरोक्त



बिंदुओं पर राज्य सरकार की ओर से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 4 नवंबर की तिथि नियत की है, साथ ही दो दिनों में विस्तृत जवाब दाखिल करने का आदेश भी दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की

**4 नवंबर को होगी मामले की अगली सुनवाई**

जनहित याचिका पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने ध्वस्तीकरण की नोटिस से प्रभावित लोगों को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय देने का आदेश दिया था। साथ ही न्यायालय ने मुख्य स्थाई अधिवक्ता को आदेश दिया था कि वह मामले में सरकार से विस्तृत निर्देश प्राप्त करें कि जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण का आरोप है, उस सड़क की कैटेगरी क्या है, क्या यह एक मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड है या अन्य किसी प्रकार की सड़क है। न्यायालय ने इस संबंध में भी अवगत कराने को कहा था कि कुंडसार-महसी-नानपारा-महाराजगंज रोड के किलोमीटर 38 पर कितने घर बने हैं और इस सड़क के संबंध में कौन से नियम लागू होते हैं। न्यायालय ने कहा कि तथ्यों के संबंध में पूछे गए इन प्रश्नों का कोई जवाब नहीं दिया गया और मात्र पोषणीयता पर आपत्ति दाखिल की जा रही है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने पोषणीयता पर आपत्ति के साथ-साथ विस्तृत जवाब कोर्ट की रजिस्ट्री में दाखिल करने का आदेश सरकारी वकील को दिया है।

# दिवाली व छठ पर चलेंगी अतिरिक्त बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने आगामी दिवाली व छठ पर्व पर यात्रियों की सुरक्षित, सुगम्य यात्रा के लिए अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कहा कि परिवहन निगम 29 अक्टूबर से 10 नवंबर तक अधिक से अधिक बसें संचालित करें। पूर्वी उप्र. के यात्रियों के लिए अधिक संख्या में बसें चलायी जाएं। प्रोत्साहन अवधि में इमरजेंसी को छोड़कर रोडवेज के किसी भी अधिकारी-कार्मिक का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए। अनुबन्धित बसों को भी अवकाश स्वीकृत न किया जाए।

परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने परिवहन मंत्री के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रीय, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धकों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। एमडी ने बताया कि प्रोत्साहन अवधि में चालकों-परिचालकों कार्मिकों को, जो न्यूनतम 12 दिवसों में उपस्थित होकर दैनिक रूप से निर्धारित औसत 300 किमी प्रतिदिन का संचालन करते हैं तो 350 रुपये प्रति दिवस की दर से एकमुश्त 4200 रुपये का विशेष प्रोत्साहन का भुगतान किया जायेगा।

### इन शहरों के लिए होगा अतिरिक्त बसों का संचालन

प्रोत्साहन अवधि में दिल्ली से लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर के लिए लगभग 4,000 अतिरिक्त बसों का संचालन परिवहन निगम की ओर से किया जायेगा। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ एवं इटावा क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त बसों के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक आवश्यकतानुसार बसों के संचालन को घटा-बढ़ा सकते हैं।

### कुंरदकी से बसपा व फूलपुर से सपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा की नौ सीटों पर हो रहे उप चुनाव में बुधवार को मुरादाबाद की कुंरदकी सीट से बसपा प्रत्याशी रफतुल्ला, फूलपुर सीट से सपा प्रत्याशी मोहम्मद मुज्तबा सिद्दीकी व कानपुर नगर की सीसामऊ सीट से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही, मैनपुरी की करहल सीट से बसपा से अवनीश कुमार ने नामांकन किया। खैर सीट को छोड़कर सभी सीटों पर कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रत्याशी 25 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे। बुधवार को आठ विधानसभा क्षेत्रों में 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

# 18-19 आयु वर्ग के मतदाता पंजीकरण पर दें विशेष ध्यान

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने कहा कि 18-19 आयु वर्ग के मतदाता पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाय। वह बुधवार को मुख्य निर्वाचन कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम व मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक तय की गई है। पुनरीक्षण के दौरान 9, 10, 23 और 24 नवम्बर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। अंतिम मतदाता सूची 6 जनवरी को प्रकाशित की जाएगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अपने विभागीय वेबसाइट पर मतदाता जागरूकता बैनर के माध्यम से मतदाता पंजीकरण अभियान का प्रचार-प्रसार करें।

# भाजपा में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू, कार्यशाला 28 को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश संगठन की बुधवार को हुई पहली बैठक के साथ सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई। प्रदेश स्तर की कार्यशाला 28 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर 5 नवम्बर को कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यशालाओं के माध्यम से संगठन के चुनाव की प्रक्रिया संबंधित पदाधिकारियों तक पहुंचेगी और बूथ, मंडल व जिले की समितियां गठित होंगी।

पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी हिमांशु दुबे ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में पार्टी के सांगठनिक चुनाव की बैठक बुधवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित हुई। यह बैठक चुनाव की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री व प्रदेश सदस्यता प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश के सह चुनाव अधिकारी हरीश कुमार सिंह, अनिल चौधरी, रंजना उपाध्याय, मुकुट बिहारी वर्मा, कमलेश कुमार और राजेन्द्र तिवारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

> भाजपा संवैधानिक व्यवस्था से संचालित होने वाला देश का एक मात्र राजनीतिक दल है। सदस्यता अभियान के बाद संगठन की संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप संगठनात्मक दायित्वों के लिए चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई है। आगामी समय में संगठन में चुनाव के माध्यम से योग्य कार्यकर्ता विभिन्न दायित्वों पर पहुंचेंगे। – **भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष**

> केन्द्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने मुझे प्रदेश चुनाव अधिकारी तथा राज्य के 6 सहचुनाव अधिकारी घोषित किये हैं। संगठन के चुनाव कार्यक्रम में केन्द्रीय स्तर पर कार्यशाला हो चुकी है। अब प्रदेश व जिला स्तर पर भी कार्यशालाएं आयोजित कर चुनाव प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंडल, जिला तथा प्रदेश के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा केन्द्रीय चुनाव अधिकारी करेंगे। – **डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय, संगठन चुनाव अधिकारी**

# महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं पीड़िताओं की समस्याएं

**दौरा**

**शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने एक दिवसीय भ्रमण के दौरान जिले के विकास भवन सभागार में महिला कल्याणकारी योजना की समीक्षा की। सरकार द्वारा महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने प्रोबेशन विभाग, शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग आदि द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए पात्रों को लाभान्वित किए जाने का निर्देश दिया। कहा कि निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धापेंशन आदि का लाभ सभी को मिले इसके लिए कैंप लगाकर आवेदन प्राप्त किए जाए। इस दौरान उन्होंने महिला जनसुनवाई की एवं पीड़ित महिलाओं की शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। इस दौरान सदस्या राज्य महिला आयोग एकता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, अपर उप जिलाधिकारी राकेश जयंत, सीओ सिटी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, अपर सीएमओ, जिला दिव्यांजन अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के बाद सदस्या ने संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित वन स्टॉप सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र सेखुईकला तथा जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला कैदियों से मुलाकात कर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में महिला की समस्या सुनतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति। अमृत विचार

# जिले को मिलेंगे 22 नए ग्राम पंचायत अधिकारी, विकास कार्य होंगे तेज

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जिले के पंचायती राज विभाग को 22 नये ग्राम पंचायत अधिकारी मिल गए हैं। नव चयनित वीपीओ ने अपने आवश्यक अभिलेख डीपीआरओ कार्यालय में जमा कर दिए हैं। सभी का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जा चुका है। दीपावली के बाद सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों को गांवों में तैनाती दी जा सकती है।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने वर्ष 2018 में ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों की नियुक्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। अब इसका परिणाम आने के बाद चयनित कर्मचारियों को जिले का आवंटन कर दिया गया है। इसी क्रम में बलरामपुर में 22 ग्राम पंचायत अधिकारियों की तैनाती की गई है। निदेशालय से कर्मचारियों का नाम डीपीआरओ कार्यालय में भेजा गया है। सभी 22 ग्राम पंचायत अधिकारियों ने अपने अभिलेख जमा करते हुए सभी प्रक्रिया पूरी कर ली है। पंचायत राज विभाग के जिला परियोजना प्रबंधक संदीप कश्यप ने बताया कि सभी बलरामपुर के लिए चुने गए ग्राम पंचायत अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर अभिलेख जमा कर लिए गए हैं। दीपावली के बाद उन्हें गांव आवंटित किए जाएंगे।

### लोकभवन लखनऊ में मिलेगा नियुक्ति पत्र

उत्तर प्रदेश में नवचयनित 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी व 64 समाज कल्याण विभाग के पर्यवेक्षकों को 24 अक्तूबर को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इसी कार्यक्रम में जिले में भेजे गए 22 ग्राम पंचायत अधिकारी भी नियुक्ति पत्र लेने लखनऊ जाएंगे।

# पांच नए उपकेंद्रों का होगा निर्माण

सुशील सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जिले में बिजली विभाग ने विद्युत आपूर्ति सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाया है। विभाग जर्जर तार और बिजली खंभे बदलने के साथ-साथ नए उपकेंद्रों के निर्माण पर भी काम कर रहा है। इसके लिए 2021-22 में पांच उपकेंद्रों के निर्माण के लिए बजट जारी कर कार्यदायी संस्था का भी चयन कर लिया गया था। निर्माण के लिए जमीन तलाशी जा रही है।

बिजली उपकेंद्रों के निर्माण से गांवों और मुहल्लों की बिजली आपूर्ति सुधरेगी। करीब ढाई लाख लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। बिजली उपकेंद्रों के बन जाने से लंबी लाइनों से होने वाली परेशानियां कम होंगी। तेज हवा या मौसम खराब होने पर बिजली गुल होने की समस्या भी कम होगी।

जिले में पांच उपकेंद्र प्रस्तावित थे। जिनमें तुलसीपुर तहसील के रमईडीह, ललिया, पचपेड़वा और बलरामपुर तहसील में जुवाथान और कोतवाली देहात शामिल हैं। इन बिजली उपकेंद्रों के निर्माण के लिए लगभग छह करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। यह काम पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत किया जाएगा। कार्यदायी संस्था एनसीसी प्रा. लि. को उपकेंद्र निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन करीब तीन साल बीत जाने के बाद भी विभाग अभी तक जमीन ही नहीं तलाश पाया है।

अधिशाषी अभियंता बालकृष्ण ने बताया कि उपकेंद्रों का निर्माण आरडीएसएस फेज द्वितीय में होना ही। उच्चाधिकारियों को उपकेंद्र के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा गया है। शीघ्र ही उपकेंद्रों का निर्माण शुरू हो जाएगा। बिजली उपकेंद्रों के निर्माण से उपभोक्ताओं को सुविधा होगी। उपकेंद्रों के निर्माण हो जाने से बिजली आपूर्ति में भी सुधार होगा। इन केदो के निर्माण से जिले के ढाई लाख लोगों को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलेगी।

# विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को दिए कॅरियर संबंधी टिप्स

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत एमएलके पीजी कॉलेज के सभागार में कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. श्याम सुंदर पाठक असि. कमिश्नर स्टेट जीएसटी व विशिष्ट वक्ता के तौर पर डॉ. देवेन्द्र कुमार चौहान प्रवक्ता शिक्षाशास्त्र और एएनओ-एनसीसी और जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज द्वारा की गई। श्याम सुंदर पाठक ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए लक्ष्य निर्धारण और उसके प्राप्ति को लेकर प्रेरित किया तथा एकदिवसीय व सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे वहां उपस्थित अभ्यर्थियों की शंकाओ का निराकरण करते हुए तैयारी की रणनीति पर चर्चा की। साथ ही सचिन कुमार सिंह कोर्स को-ऑर्डिनेटर, अभ्युदय योजना बलरामपुर ने मंच संचालन के साथ बच्चों को तैयारी के साथ अभ्युदय योजना के महत्व को भी बताया। तत्पश्चात श्याम सुंदर पाठक ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के केंद्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण करने के साथ संस्थान में पढ़ रहे बच्चों से उनकी तैयारी की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान डॉ. राहुल गुप्ता जिला समाज कल्याण अधिकारी ने आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विगत प्रश्नों को हल करने और मुख्य परीक्षा में उत्तर लेखन के अभ्यास के महत्व पर चर्चा की। इस दौरान छात्र-छात्राओं के अलावा मनोज कुमार, अनुज कुमार, इन्द्रदेव मिश्र, रमेश यादव, नागेन्द्र विकल व अभ्युदय योजना के अन्य शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।



एमएलके पीजी कॉलेज में करियर काउंसलिंग के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं और अन्य

**सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे छात्रों की शंकाओं का किया समाधान**



# आपसी भाईचारे व प्रेम से मनाएं त्योहार : एसडीएम

श्री दत्तगंज बलरामपुर, अमृत विचार। उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह द्वारा आगामी त्योहार दीपावली, मां लक्ष्मी पूजा भाई दूज व गोवर्धन पूजा को शान्ति, सौहार्दपूर्ण सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत थाना श्रीदत्तगंज परिसर मेंबुधवार को थाना क्षेत्र के सभी सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी/ बैठक कर थाना क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने में सहयोग की अपील की गई। सभी से त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने तथा अफवाहों पर रोकथाम करने हेतु सभी को जागरुक किया गया तथा आपसी भाईचारा बनाकर त्योहार को सकुशल संपन्न कराने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवकों को समझाने के लिए बताया गया तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल डायल112/ थाना स्थानीय पर सूचना देने व शासन द्वारा प्राप्त आदेशों-निर्देशो को अवगत कराते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी से अपील की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनिल दीक्षित व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# संयुक्त जिला चिकित्सालय तथा जिला महिला अस्पताल को कायाकल्प अवार्ड

संवाददाता, बलरामपुर

**उपलब्धि**

**दोनों अस्पतालों को सरकार की तरफ से मिलेंगे तीन-तीन लाख रुपए**

**अमृत विचार।** संयुक्त जिला चिकित्सालय व जिला महिला अस्पताल को कायाकल्प अवार्ड योजना से आच्छादित किया गया है। संयुक्त जिला चिकित्सालय 85.27 फीसदी तो जिला महिला अस्पताल 81.30 फीसदी अंक पाकर कायाकल्प अवार्ड योजना के लिए चयनित हुआ है। इसके लिए दोनों जिला अस्पतालों को तीन-तीन लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में कायाकल्प अवार्ड स्कीम के तहत जिला अस्पतालों में इन्टर्नल, पीयर एवं एक्सटर्नल असस्मेंट किया गया था। इस दौरान अस्पताल की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था उच्च कोटि की पाई गई थी। जिसके कारण जिले के दो जिला अस्पतालों का चयन हुआ है। संयुक्त जिला चिकित्सालय की क्वालिटी प्रबंधक डॉ रुचि पाण्डेय ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड योजना स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। क्वालिटी एश्योरेंस सेल के द्वारा इस योजना के तहत अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा इस योजना के जरिय स्वच्छता, सफाई और संक्रमण नियंत्रण जैसे मामलों में सुधार लाने पर भी ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कायाकल्प अवार्ड से आच्छादित हुए अस्पतालों की सूची मिशन निदेशक स्तर से बुधवार को जारी की गई है। इसमें संयुक्त जिला अस्पताल 85.27 प्रतिशत अंक पाकर कायाकल्प में पास हुआ है। इसी तरह से जिला महिला अस्पताल ने 81.30 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इन दोनों अस्पतालों को तीन-तीन लाख रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंश एवं कायाकल्प अवार्ड स्कीम के अन्तर्गत चिन्हित गैप क्लोजर, सुदृढ़ीकरण, रख-रखाव, स्वच्छता आदि पर खर्च किए जाएंगे। 25 प्रतिशत धनराशि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्साह वर्धन पर खर्च किया जाएगा। संयुक्त जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके वर्मा व महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. सुमन गौतम, क्वालिटी एश्योरेंश सेल की जिला परामर्शदाता डॉ अनामिका सिंह ने टीम व अन्य कर्मियों को बधाई दी है।

# नाटक व नृत्य के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर,

**अमृत विचार।** उतरौला के सदर बाजार में बुधवार को पुलिस द्वारा "सतर्क नागरिक, सुरक्षित पहल" के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनता को सतर्कता, संवेदनशीलता, और सहायता के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में सही समय पर डायल 112 का उपयोग कर सकें।

कार्यक्रम में डायल 112 पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के साथ कलाकारों ने अपने नृत्य और कला प्रदर्शन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने अपने नृत्य के जरिए संदेश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं को अनदेखा न करें, संदिग्ध वस्तुओं या व्यक्तियों की उपेक्षा न करें, और बेजुबानों की सहायता के लिए आगे आएं। उन्होंने महिलाओं पर हो रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की भी अपील की।लोगों को बताया गया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में डायल 112 नंबर पर तुरंत कॉल करें। डायल 112 के तहत पुलिस सहायता, एंबुलेंस सेवा, और अग्निशमन सहायता 24 घंटे उपलब्ध है।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी राधवेंद्र सिंह ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हर नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

आत्मज्ञानं समारम्भ : तितिक्षा धर्मनित्यता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

जो अपने योग्यता से भली-भांति परिचित हो और उसी के अनुसार कल्याणकारी कार्य करता हो, जिसमें दु:ख सहने की शक्ति हो, जो विपरीत स्थिति में भी धर्म-पथ से विमुख नहीं होता, ऐसा व्यक्ति ही सच्चा ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# सहयोग के क्षेत्र

वैश्विक चुनौतियां एक के बाद एक उभर रही हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक कार्यों के बीच समन्वय की आवश्यकता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को यूक्रेन में संघर्ष और पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति के बीच गैर-पश्चिमी शक्तियों द्वारा अपनी ताकत दिखाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। भारत ब्रिक्स के भीतर करीबी सहयोग को महत्व देता है जो वैश्विक विकासात्मक एजेंडा, बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों को जोड़ने आदि से जुड़े मुद्दों पर बातचीत और चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि विश्व युद्धों, संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। उन्होंने चीन, रूस समेत पूरी दुनिया को नसीहत दी कि जंग किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। गौरतलब है कि ब्रिक्स सदस्य देशों की विविध सुरक्षा चिंताएं हैं, जिनमें आतंकवाद और क्षेत्रीय संघर्ष से लेकर साइबर खतरे तक शामिल हैं। भारत ने इन चिंताओं को एक साथ लाने और संयुक्त सुरक्षा पहलों का समन्वय करने के लिए सावधानीपूर्वक बातचीत की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ब्रिक्स के भीतर घनिष्ठ सहयोग को महत्व देता है। विश्व में उत्तर दक्षिण और पूर्व-पश्चिम विभाजन की बात हो रही है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने स्पष्टता के साथ सारी बातें रखीं। आतंकवाद और आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने के लिए सभी को एक मत होकर दृढ़ता से सहयोग देना होगा। ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं है।

युवाओं में कट्टरपन को रोकने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर समग्र संधि के लंबित मुद्दे पर मिलकर काम करना होगा। उसी तरह साइबर सुरक्षा, सुरक्षित एआई के लिए वैश्विक नियमन के लिए काम करना चाहिए। प्रत्येक देश की सुरक्षा का सम्मान करना और उसकी गारंटी देना, टकराव के स्थान पर वार्ता और साझेदारी को बढ़ावा देना तथा संतुलित, प्रभावी और टिकाऊ क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे के निर्माण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। ब्रिक्स देशों को साझा विकास में योगदानकर्ता बनना चाहिए। अगले दशकों में ब्रिक्स को प्रासंगिक बने रहने के लिए, इसके प्रत्येक सदस्य को अवसरों और अंतर्निहित सीमाओं का यथार्थवादी आकलन करना होगा। इसके अलावा, राजनीतिक आपसी विश्वास और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना, प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर संचार और समन्वय बनाए रखना और एक-दूसरे के मूल हितों और प्रमुख चिंताओं को समायोजित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है ।

# रामायण और पुरातत्व


भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

यह क्रीतदासों का इतिहास था, जो चीजों को सही संदर्भ देना भी नहीं जानते थे, परंतु शिक्षा और अनुसंधान के प्रतिष्ठानों पर एकाधिकार करके विभिन्न प्रयोजनों के नाम पर करोड़ों का कारोबार चला रहे थे।

पश्चिम एशिया में पहले अविश्वसनीय मानी जाने वाली कथाओं की ऐतिहासिकता की खोज करते हुए पुरातत्वविदों ने उनमें से अनेक का ऐतिहासिक आधार खोज निकाला। अब हम उनको सही देश-काल में रख सकते हैं। क्या ऐसा महाभारत और रामायण के विषय में भी किया जा सकता है? प्रो. नूरुल हसन के मंत्रित्व काल में यह प्रस्ताव प्रो. बी.बी. लाल ने प्रस्तुत किया और इसका कार्यभार संभाला, परंतु न जाने किस समझ से भारतीय पुरातत्व के अनन्य व्याख्याता प्रो. लाल ने पुरातत्व के साक्ष्यों की तलाश करते हुए इसके पुरातत्व को दूसरी शताब्दी ख्रिस्ताब्द पूर्व तक सीमित कर दिया, जिसे मानने को कोई तैयार न होगा। स्वयं वह भी नहीं (देखें उनका बाद का खनन और काल निर्धारण)। फिर पुरातत्व से मिली इस सूचना का क्या होगा?

हम प्रो. लाल को आंकड़ों में छेड़-छाड़ का दोषी मान सकते हैं, जिसका साहस मुझमें नहीं है। पुरातत्व की विश्वसनीयता पर संदेह कर सकते हैं, जो उससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। दो ही विकल्प बच रहते हैं: 1. उत्खनन के लिए स्थल/स्थलों के चुनाव में उत्खननकर्ता से चूक हुई, जिसकी पर्याप्त संभावना है। दूसरा यह कि रामकथा से संबंधित जिन स्थलों के नाम पर दूसरी शताब्दी ईसापूर्व में जिन स्थलों की पहचान बची रह गई थी, उनका वर्णन वाल्मीकिय रामायण में है, न कि प्राचीन अयोध्या और श्रृंगवेरपुर का। इसका अर्थ हुआ, वाल्मीकिय का वर्तमान पाठ दूसरी शताब्दी ईसापूर्व में या उसके बाद तैयार किया गया और संस्कृत भाषा पर अधिकार रखने वाले ब्राह्मणों द्वारा तैयार किया गया, न कि दस्यु से ऋषि बने और उल्टा नाम जपने वाले, अशिक्षित दस्यु द्वारा। वह उल्टा-नाम-जप से अपना हृदय-परिवर्तन कर सकता था, पर संस्कृत का उतना प्रकांड विद्वान नहीं बन सकता था, जितना रामायणम् का रचनाकार है।

कथा अवश्य पुरानी थी, जिसका उपयोग नई अपरिहार्यता के चलते वैचारिक द्वन्द्व के लिए किया गया और मूल कथावस्तु से छेड़छाड़ करते हुए किया गया। पहले हम खुदाई के गलत स्थल के चुनाव को लें। इसके लिए हम विंसेंट स्मिथ के मंतव्य पर ध्यान दें। उसने प्रमाण देते हुए यह

उत्तर भारत में नदियों ने धारा बदलते हुए पूर मैदानी भाग को इस तरह उलटा पलटा है जैसे किसान खेत जोतते हुए उसकी मिट्टी को उलटता-पलटता रहता है। यदि स्थल का धार्मिक महत्व हुआ तो पंडे-पुजारी नई बस्ती को भी पुराना नाम देकर अपना कारोबार चलाते रहते हैं।

दिखाया था कि तटीय स्थल जिन नदियों के तट पर बसे हुए थे वे उनसे बहुत दूर चली गई है। यहां तक कि समुद्रतटीय स्थल भी इसके अपवाद नहीं हैं। उदाहरण के लिए ताम्रलिपि कभी बंदरगाह हुआ करता था, परंतु उस नाम का स्थल ''समुद्र से कम से कम साठ मील (100 किलोमीटर) दूर है।'' यह तो उस स्थिति की बात है जब नदी या समुद्र पीछे की ओर हटा हो, यदि स्थल उसकी चपेट में आ गया हो तो पहचान ही लुप्त हो जाती है। पुरानी मदुरा कहते हैं समुद्र में चला गया। खंबात की खाड़ी में एक प्राचीन नागर बस्ती के अवशेष पाए गए हैं।

उत्तर भारत में नदियों ने धारा बदलते हुए पूर मैदानी भाग को इस तरह उलटा पलटा है जैसे किसान खेत जोतते हुए उसकी मिट्टी को उलटता-पलटता रहता है। यदि स्थल का धार्मिक महत्व हुआ तो पंडे-पुजारी नई बस्ती को भी पुराना नाम देकर अपना कारोबार चलाते रहते हैं। अयोध्या का हाल यह है कि इसका ऊंचाई वाला भाग सरयू के कगार पर पड़ता है जबकि जिस स्थल पर कभी राममंदिर बना था या जहां बाबरी मस्जिद बनी थी, वहां बची हुई अयोध्या के भी सबसे प्राचीन स्तर का पता नहीं चलेगा। विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर चले तो अयोध्या सरयू का दक्षिण तट आधे योजन से कुछ अधिक दूरी पर पड़ा था (अध्यर्धयोजनं गत्वा सरव्या दक्षिणे तटे, रा.1.12.11)। यह माप कुछ बढ़ाकर भी दी गई हो सकती है, परंतु इतना तो तय है कि नदी का कटाव विनष्ट अयोध्या की ओर रहा है और उसके पुराने नगर का बहुत छोटा सा हिस्सा ही ध्वंस के बाद बचा रह पाया है। अतः पुरातत्व रामकथा की उस कड़ी का जिसका संबंध दशरथ के पुत्र राम से है, निर्णय नहीं कर सकता। पश्चिम एशियाई पुरावस्तुः रामकथा की ऐतिहासिकता का एक अन्य बहुत क्षीण सूत्र है मिस्र के प्रतापी राजा रामसेस द्वितीय, जिसने 127-1213 ख्रिस्ताब्द पूर्व में 66 साल तक राज्य किया था और जिसे मिस्र में रामसेस महान के रूप में याद किया जाता रहा, उसके नाम में आए राम को एक ठोस आधार मानते हुए यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया कि राम की ऐतिहासिकता मिस्र के रामसेस से जुड़ी है और उसकी पौराणिकता भारतीय राम की अवधारणा से। इसके साथ ही एक हुरी राजा का नाम तुशरत्त था, जिसका भाई शत्तिवाज था। इसका हुर्री भाषा में नाम किलि-तेसुप था। सरस्वती से मिलता जुलता नाम अफगानिस्तान की नदी हरह्वती या हरौती का था, जिसे यूनानी हेराक्वैती कहते थे, इन तिनकों को जोड़कर भारतीय इतिहास लेखन के धर्मनिरपेक्षता की आड़ में चलने वाले 'माले गनीमत' वाले दौर में जब प्राचीन भारतीय इतिहास को नष्ट करने का अभियान चल रहा था, यह सिद्ध करने के प्रयास किए जाते रहे कि ये सभी 'आर्यों' के पश्चिम से भारत में आने के प्रमाण हैं और मूल सरस्वती नदी अफगानिस्तान में बहती थी और उसी के नाम पर भारतीय सरस्वती का नामकरण किया गया।

यह क्रीतदासों का इतिहास था, जो चीजों को सही संदर्भ देना भी नहीं जानते थे, परंतु शिक्षा और अनुसंधान के प्रतिष्ठानों पर एकाधिकार करके विभिन्न प्रयोजनों के नाम पर करोड़ों का कारोबार चला रहे थे। यदि इतिहास का विवेक होता तो वे समझते कि हरह्वती नाम संस्कृत में किसी तरह की कठिनाई नहीं पैदा करता, सरस्वती ईरानी में हरह्वती हो जाता है, अतः मूल नाम सरस्वती था और उन लोगों के प्रसार या प्रभावविस्तार के साथ यह नाम पश्चिम की नदी को दिया गया कि शत्तिवाज या सत्यवाज/शक्तिवाज नाम हुर्री का नहीं है, उसमें इसे किलि तेसुप कहा जाता था। इस भाषाई पर्यावरण में दशरथ और सत्यवाज का प्रवेश भारतीय भूभाग से गए हुए प्रभावशाली समुदाय में ही रखा जा सकता था। मिस्री में रा का अर्थ सूर्य है। सूर्योपासना मिस्र में भारतीय प्रभाव में आरंभ हुई थी और यह लंबे ससय तक नहीं चल पाई थी। ठीक यही बात रामसेस के मामले में भी देखी जा सकती है, यह नाम फराऊनों की नाम परंपरा से हटकर है और उस प्रभाव से उत्पन्न है, जिसमें तेल-एल-अमर्ना के संस्थापक अखनातेन ने सूर्योपासना का एक नया धर्म आरंभ किया था, जो उसके जीवन काल तक ही चला। नई राजखानी राजधानी अमर्ना भी जो उसके द्वारा स्थापित की गई और उसकी मृत्यु के बाद उपेक्षित और फिर विस्मृत हो गई। मितन्नी राजा तुशरत्त से हित्तियों के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अखनातेन के कूटनीतिक संबंध थे, जो तुशरत्त की पुत्री के अखनातेन के पुत्र से वैवाहिक संबंध में भी प्रतिफलित हुआ था।

दशरथ और दूसरे भारतीय नाम उस भिन्न भाषा-परिवेश में भारतीय प्रभाव के सूचक तो हैं, पर इन नामकरणों के पीछे भारतीय 'इतिहास' के दशरथ और राम से यदि कोई संबंध है या हो सकता है तो मात्र इस अर्थ में ही कि दशरथ और राम का काल चौदहवीं शताब्दी से पीछे जाता है कि मितन्नियों की राजधानी वसुकन्नि, जिसका अर्थ धन की खान होता है, जिस खाबुर नदी के तट पर था, उसे संभवतः वसु भी कहा जाता था और इसका एक क्षीण हवाला गोपथ ब्राह्मण में आया है, जिसमें कहा गया है कि इन्द्र का नगर वसु की धारा पर बसा था और इसे असुरों ने घेर लिया था - वसोर्धाराणां ऐन्द्र नगरम्। तं असुराः पर्युपेयुः। इसमें किसी युक्ति से इन्द्र का बचाव हो गया था। ये इन्द्रलोक भारोपीय प्रसार क्षेत्र में फैली व्यापारिक बस्तियां या उपनिवेश थे और वहां किसी तरह के संकट की सूचना मिलने के बाद सहायता के लिए जाने वाले और वहां से मालामाल होकर लौटने वाले भारतीय राजाओं के जो हवाले दुष्यंत से लेकर दशरथ तक के मिलते हैं वे सभी रघुवंशी हैं इनमें ऐतिहासिक सच्चाई हो सकती है, परंतु इसके बाद भी तुशरत्त का भारतीय दशरथ से केवल नाम का संबंध है, जो उनकी ख्याति का सूचक है न कि वंशधरता का। पुरातत्व में प्रमाणों का अभाव नहीं है, अभाव उस समझ का है जो इन्हें सही संदर्भ में रख सके।

## प्रसंगवश

# फसलों की सांस्कृतिक वैज्ञानिकता


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारत में खेती किसानी हजारों वर्ष से जीवन पद्धति के अभिन्न अंग के रूप में, तमाम ज्ञान-विज्ञान समेटे उत्तम कर्म रहा है। आरण्यक संस्कृति से उद्भूत खेती किसानी ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उद्घाटित किया।

इस धरती पर फसल की श्रेणी में आने वाले लगभग तीन लाख पौधे हैं, जिनमें से अब तक कुल तीन हजार पौधों को ही खाद्यान्न पौधों के रूप में ही चिह्नित किया जा सका है। कृषि का इतिहास लगभग दस हजार साल का इतिहास है। आज के वैज्ञानिक युग के पूर्व ही खेती- किसानी करने वाले किसानों ने एक एक फसल की हजारों लाखों किस्मों की खोज की थी। उनको अपने खेतों में पाला पोसा। अनुभव और परिक्षण से उनका वर्गीकरण किया कौन फसल किस मौसम में होगा? किस किस्म को कम पानी चाहिए किस किस्म को ज्यादा पानी चाहिए? इन वैज्ञानिक ऋषि किसानों ने खाद्यान्नों के बीजों को संरक्षित किया। एक शताब्दी पूर्व भारत में धान की लगभग एक लाख किस्में बोई जाती थी। एक-एक गांव में बीसों किस्म के अलग-अलग धान के खेत लहलहाते थे। पानी और बोली की तरह चार कोस पर धान की किस्में बदल जाती थी। दुर्भाग्यपूर्ण गाथा है कि दस हजार साल की किसानों की सृजनशीलता जो सांस्कृतिक वैज्ञानिकता थी उसे पिछले पचास साल के व्यापारिक वैज्ञानिकता ने नष्ट कर दिया। आज का वैज्ञानिक जैविक विविधता को परिभाषित करते हुए कहता है कि कोई भी दो प्रजातियां अपने पर्यावरण का उपभोग सामान रूप से नहीं करती तथा किन्हीं दो प्रजातियों के अनुवांशिक सूत्र भी एक समान नहीं होते।

हजार साल पहले के किसान को जैविक विविधता के संबंध में निश्चित रूप से यह व्यावहारिक रूप से ज्ञात था कि पर्यावरण के संतुलन के लिए आवश्यक है। फसल की सांस्कृतिक वैज्ञानिकता का एक मजेदार तथ्य है कि हमारे पुरखे लगभग दो हजार खाद्यान्न पौधों में से अपना भोजन चुनते थे। आज पूरे देश में खाद्यान्न लगभग दो सौ फसलों में ही सिमट कर रह गया है, उसमें भी हमारी थाली के भोजन के अन्न अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। फसलों की विशाल संपदा व्यापारिक विज्ञानवाद की भेट चढ़ता चला गया।

# आखिर सड़क हादसों में अव्वल क्यों है यूपी


संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

प्रदेश के ज्यादातर बड़े शहरों में अब ड्राइविंग के टेस्ट ट्रैक काम करने लगे हैं, लेकिन वहां की नई व्यवस्थाओं को आम जनता अभी आत्मसात नहीं कर पा रही है।

एक बार फिर उत्तर प्रदेश सड़क दुर्घनाओं में होने वाली मौतों में अव्वल आया है। खासकर इसलिए कि प्रदेश में आधुनिकतम सड़कों का जाल बिछा है और एक्सप्रेसवे के मामले में भी यह अग्रणी प्रदेश है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था भी बेहतर हुई है और ट्रैफिक अमले का विस्तार भी हुआ है। फिर आखिर क्या वजह है कि हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे। तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और राजस्थान के साथ उत्तर प्रदेश का मुकाबला पिछले कई सालों से चल रहा है। अनेक मामलों में प्रदेश ने इनसे बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं के मामले में हमेशा पहले तीन स्थानों पर रहना प्रदेश की नियति बन गई है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में हर साल औसतन 22 हजार लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती है। वर्ष 2023 के दौरान उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों की वजह से 23,652 लोगों की जान गई। ये आंकड़े पिछले साल के आंकड़ों से ज्यादा हैं और सोचने को मजबूर करते हैं कि या तो नीति-निर्माताओं और प्रशासनिक अमले से कहीं न कहीं कोई चूक हो रही है। एनसीआरबी के अलावा सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से हर साल जारी किए जाने वाले आंकड़ों में भी यूपी की लगभग यही तस्वीर सामने आती है। सड़क मंत्रालय की ओर से जारी किए गए 2018 से 2022 तक के आंकड़ों से पता चलता है कि 2018 से 2020 के बीच भारत में सड़क हादसों में कुछ गिरावट का रुख रहा, लेकिन 2020 के बाद पुनः सड़क हादसे बढ़ने लगे और यह क्रम जारी है, जहां तक उत्तर प्रदेश का प्रश्न है यहां 2018 में 42568 सड़क हादसे हुए थे, जो 2019 में बढ़कर 42572 हो गए। कोविड के कारण 2020 में हादसे अचानक घटकर 34242 पर आ गए थे, लेकिन 2021 में पुनः बढ़कर 37729 और 2022 में 41746 पर पहुंच गए। जहां तक यूपी में सड़क हादसों में मौतों का सवाल है तो 2018 में 22256 और 2019 में 22655 मौतें हुई थीं। वर्ष 2020 में मौतें घटकर 19149 पर आ गईं, लेकिन 2021 में पुनः बढ़कर 21227 और 2022 में 22595 पर पहुंच गईं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़े इससे काफी ज्यादा मौतों की ओर इंगित करते हैं।

वैसे तो यह समस्या पूरे देश में है, लेकिन यूपी में कुछ ज्यादा है। शायद एक्सप्रेस-वे व बढ़िया सड़कें ही समस्या की वजह बन गई हैं। यूपी में होने वाले 75 फीसद से ज्यादा सड़क हादसों की वजह ओवरस्पीडिंग को पाया गया है। इस कारण होने वाले हादसों में मौतों और घायलों का आंकड़ा भी ज्यादा होता है। जबकि दूसरी बड़ी वजह यातायात संबंधी अड़चनें हैं, जिनमें सड़कों पर गड्ढे, पानी, तेल, धूल, रेत या कंकड़-पत्थर का मौजूद होना, उचित यातायात संकेतकों का अभाव, सड़क के डिजाइन में खामी, प्रकाश की कमी, अंडरपास या ओवरब्रिज तक पहुंचने और निकलने वाले अप्रोच मार्ग का संकरा या गलत कोण या घुमाव, फुटपाथ के अभाव में पैदल यात्रियों का मुख्य मार्ग पर चलना, बिना हेलमेट के दुपहिया और बिना सीटबेल्ट के चौपहिया वाहन चलाने में चालकों की लापरवाही, वाहनों की फिटनेस और मेंटिनेंस की अनदेखी, ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमों के अनुपालन के नाम पर व्यस्त सड़क पर अचानक चेकिंग के कारण यातायात बाधित होना, मोटर ड्राइविंग की समुचित ट्रेनिंग और टेस्ट के बगैर ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, उल्टी दिशा या रांग साइड पर वाहन चलाना जैसी तमाम वजहें शामिल हैं। चूंकि सबसे ज्यादा गड़बड़ ड्राइविंग 18 से 25 तथा 25 से 35 आयु वर्ग के युवाओं द्वारा की पाई गई है।

प्रदेश के ज्यादातर बड़े शहरों में अब ड्राइविंग के टेस्ट ट्रैक काम करने लगे हैं, लेकिन वहां की नई व्यवस्थाओं को आम जनता अभी आत्मसात नहीं कर पा रही है। लोगों को टेस्ट देते वक्त अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मामूली गलती से टेस्ट में फेल होने के बावजूद लोग बिना लाइसेंस गाड़ी चलाते रहते हैं। इसे रोकने का कोई उपाय नहीं है। इस खामी को दूर करने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के जिन शहरों में सबसे ज्यादा मौतें सड़क हादसों के कारण होती हैं, उनमें कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, लखनऊ, उन्नाव, हरदोई और बरेली प्रमुख हैं। इन शहरों में क्या समस्या है और क्या किए जाने की जरूरत है इसकी समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं पहल करते हुए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई है। उम्मीद है कि समिति उचित विश्लेषण करते हुए सुधारात्मक उपाय सुझाएगी और उन सुझावों पर अमल होगा।

## सोशल फोरम

# क्या कुछ भी हिंसा के बाहर नहीं है


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

92 वर्षीय अमेरिकी चिंतक नोम चोम्स्की बदले विश्व में परमाणु युद्ध और पर्यावरण विनाश के अलावा एक अन्य संकट की ओर संकेत करते हैं-'जागरण को मिटा देने के प्रयास'। वर्तमान विश्व में लोगों की सैकड़ों साल के संघर्ष से अर्जित बौद्धिक उपलब्धियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मिटाया जा रहा है। इस दौर में जो कई आदर्श तेजी से अलोकप्रिय हो रहे हैं, उनमें अहिंसा और सह-अस्तित्व भी है।

किसी प्रत्यक्ष सरकारी रोक के बिना भी असुविधाजनक तथ्यों को अंधेरे में रखा जाता है, ताकि जो 'पूरी तरह से तर्कहीन' है उसकी प्रतिष्ठा हो सके। हर तरफ विकसित संसाधनों से 'अज्ञानता-निर्माण' का एक बड़ा घेरा पड़ा है। इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि जिस दुनिया में प्रेम, न्याय और शांति के आंदोलन सदियों तक चले, उसमें अहिंसा की जगह हिंसा राजनीतिक सार के रूप में फिर कैसे प्रतिष्ठित हो रही है? क्या सभ्यता पीछे लौट रही है, जिसे 'मध्यकालीनता' कहते थे, उस तरफ? इन दिनों आंख मूंदकर 'सबकी जरूरतों' की जगह सामुदायिक हित प्रधान बना दिए गए हैं, संकीर्णता बनाम संकीर्णता का खेल है। कांटा को कांटा से निकालो! लोग अतीत के तालाब में नहा रहे हैं और अपने नदियों-समुद्रों को भूलते जा रहे हैं। यह एक विडंबना है कि अब साझा मुद्दों पर लोगों को इकट्ठा करना कठिन है, 'मनुष्य' तथा 'नागरिक' की धारणाओं का क्षय हुआ है। समाज यहां आ खड़ा हुआ है कि केवल संकीर्ण नारों पर ही जनता को कुछ जोश आता है। लोग इन दिनों हमेशा सामुदायिक कोण से बहस करते हैं।

यदि किसी स्त्री का बलात्कार हुआ हो तो पहले देखते हैं कि वह किस धर्म या जाति की है। कोई अपराधी यदि अपनी जाति या पार्टी का आदमी है तो उसे बचाते हैं। इन दिनों अपराधी विजेता की तरह देखे जाते हैं। अगर कोई अपराधी राजनीतिक नेता हो गया तो वह हजारों लोगों के दिल पर राज करता है। कहना न होगा कि हमारे देश में अपराध को बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक वैधता मिली है।

**-फेसबुक वॉल से**

# चयन और प्रोन्नति में एसीआर की महत्वपूर्ण भूमिका


राम कृष्ण चतुर्वेदी
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

एसीआर यानी कि वार्षिक गोपनीय मंतव्य किसी भी सेवारत कर्मी की वर्ष भर के क्रियाकलापों के संबंध में उसके कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जानी वाली वह गोपनीय आख्या होती है, जिसमें वह संबधित कर्मी की कार्यप्रणाली के संबंध में अपना मंतव्य प्रकट करता है। हम लोगों की सेवा के काफी समय बाद तक यह मंतव्य परम गोपनीय होता था और संबंधित अधिकारी को यह भनक तक नहीं लग पाती थी कि उसके बास ने उसके बारे में क्या-क्या लिख मारा है। यदि प्रतिकूल प्रविष्टी होती थी तो उस प्रविष्टि का संबंधित भाग उस अधिकारी को सूचित किया जाता था कि वह उस प्रविष्टि के विरुद्ध अपील कर सके। यह बहुत कुछ रिपोर्टिंग अधिकारी के सोच, स्वभाव और मानसिकता पर भी निर्भर करता था।

आज की स्थितियां भिन्न हैं, शासन और व्यवस्था में आई पारदर्शिता के फलस्वरूप हर अधिकारी को उसके वार्षिक मंतव्य की प्रति उपलब्ध कराना संबधित विभाग की अनिवार्य जिम्मेदारी है, जिसके कारण कतिपय अधिकारियों की अकारण अपनी व्यक्तिगत कुंठाओं व नाराजगी के कारण ऊलजलूल लिखने की प्रवृत्ति पर रोक भी लगी है, पर हमेशा ऐसा नहीं होता और खासकर हम लोगों की पीढ़ी में वरिष्ठ अधिकारियों और अधीनस्थ अधिकारियों के बीच परस्पर भरोसा, विश्वास, निष्ठा सहयोग और एक दूसरे के प्रति सम्मान का ऐसा भाव होता था, जो आज की ब्यूरोक्रेसी में दुर्लभतम श्रेणी में आता है। यहां कुछ ऐसे ही अधिकारियों का उल्लेख करना है। बात 1994-95 की है मैं आतंकवाद ग्रस्त लखीमपुर जनपद में चार सफल वर्ष की सेवा पूर्ण कर वहां से स्थानांतरित होकर तत्कालीन जनपद गाजियाबाद में क्षेत्राधिकारी नोएडा के पद पर कार्यरत था तब पूरे नोएडा में केवल एक ही क्षेत्राधिकारी होता था। एक दिन अचानक वायरलेस संदेश आया कि पड़ोस के जनपद के एसएसपी ओपी सिंह जो बाद में डीजीपी यूपी के पद तक पहुंचे उन्होंने आज ही बुलंदशहर बुलाया है। ओपी सिंह लगभग डेढ़ वर्ष तक खीरी में मेरे एसपी रहे थे व उनके साथ आतंकवाद के विरूद्ध काम करने का पूरा मौका मिला था। खैर आदेश था देर शाम मैं बुलंदशहर एसएसपी निवास पर पहुंच गया। हाल-चाल, चाय-पानी के बाद कप्तान साहब ने अपने स्टेनों के बुलाया और कहा कि वह जो ड्राफ्ट लिखवाया था उसकी कापी ले आओ। दो मिनट में टाइपशुदा दो पृष्ठ लेकर स्टेनों बाबू हाजिर हुए। सर ने कागज लेकर उन्हें जाने को कह दिया। मैं असमंजस में क्या मामला है? अब तो मैं इनके अधीन भी नहीं हूं फिर सर ने चुप्पी तोड़ी और बोले कि ये तुम्हारा पलिया सीओ पीरियड का एसीआर है पढ़ लो कुछ छूटा हो तो बता दो। एक क्षण तो मुझे कुछ समझ में ही नहीं आया पर छूटते ही मैंने कहा कि नहीं सर मुझे नहीं देखना आपने जो भी लिखा होगा अच्छा लिखा होगा और वैसे भी आपने अंग्रेजी में लिखा होगा मैं तो हिंदी मीडियम का आदमी मेरी समझ में भी नहीं आएगा। सर आग्रह करते रहे मुझे नहीं देखना था तो नहीं देखा। हार मानकर उन्होंने अपना कागज वापस रख लिया। थोड़ी देर बाद जब मैं वापस आने के लिए निकला तो सर प्रोटोकॉल के विपरीत गाड़ी तक मुझे छोड़ने आए और जाते-जाते बोले कि अब मैं एक पैराग्राफ और लिखूंगा।

दूसरा उदाहरण गाजियाबाद का है, मैं एसपी सिटी गाजियाबाद था और मेरे एसएसपी थे डीएस चौहान पूर्व डीजीपी। गाजियाबाद के पहले वे एसएसपी गौतमबुद्ध नगर और मैं उनके अधीन एसपी नोएडा के पद पर लगभग डेढ़ वर्षों तक कार्यरत रहा था। फिर सर का स्थानांतरण गाजियाबाद हुआ और पीछे-पीछे मुझे एसपी सिटी गाजियाबाद बना दिया गया। यहां भी एक दिन शाम को कमांड हाउस पर तलबी हुई और सामान्य बातचीत के बाद सर ने एक कागज दराज से निकालते हुए कहा कि ये एसपी सिटी नोएडा पीरियड की एसीआर है पढ़कर देख लो। मैंने तुरंत मनाकर दिया कि सर ये मेरा काम नहीं है आपका है, जो किया होगा अच्छा ही होगा और मुझे इसे नहीं पढ़ना वापस रख लीजिए। सर ने ज्यादा जिद नहीं की। चाय मंगाई पिलाई और मीटिंग समाप्त हुई। जैसे ही मैं उठने को हुआ सर ने कहा तुम्हें पता है मैंनें पहले ही सोच रखा था कि अगर तुमने इसे पढ़ा होता तो तुम्हारी यही एसीआर फाइनल होती पर तुमने आंख मूंद कर भरोसा किया, अब मैं इसे दुबारा लिखूंगा। तीसरा उदाहरण मेरे इंडियन आयल के विजिलेंस में डेपुटेशन का है, जहां मेरे बॉस विलक्षण व्यक्तित्व के सीबी सत्पथी एडीजी ईडी विजिलेंस के पद पर थे। मैं इंडियन आयल के उत्तरी रीजन का विजिलेंस हेड था और दिल्ली हरियाणा छोड़कर पूरे उत्तरी भारत का क्षेत्राधिकार रखता था। मेरा ऑफिस ग्रीन पार्क में जबकि सर स्कोप बिल्डिंग मैं बैठते थे। अचानक एक दिन स्टाफ ऑफिसर का मैसेज आया कि सर बुला रहे हैं, सामान्य तौर पर किसी फाइल पर विचार के लिए यदा-कदा बुलाहट होती थी सो मैंने पूछा कौन सा मामला है कोई फाइल तो नहीं लानी। बताया कि ऐसा कुछ नहीं कहा है बस आप आ जाओ। मैं पहुंचा तुरंत चैंबर में बुलाया गया। बैठते ही सर ने बिना किसी भूमिका के कहा तेरी एसीआर लिखनी है बता क्या लिखूं? मैं हतप्रभ क्योंकि अभी तक एसपीएस एसपी से पाला पड़ा था, पर यहां तो बहुत बड़ा गैप था। एडिशनल एसपी और एडीजी और वो भी सत्पथी सर जैसे। बस मुंह से इतना ही निकला कि सर आप जो भी लिख देंगे वह आपका आशीर्वाद ही होगा। सर ने कहा जा तुझे जल्दी ही आईपीएस मिलेगा। जिन लोगों को सत्पथी सर के विषय में नहीं पता वे जान लें कि सर साईं बाबा के अनन्य भक्त और साधक हैं और अनुयायियों में पूजे जाते हैं, उनके बाहर जाने पर दर्शन हेतु लाइन लगती है।

कुल मिलाकर उक्त तीनों प्रकरण सीनियर-जूनियर के बीच परस्पर भरोसा, विश्वास, निष्ठा और एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना के ज्वलंत उदाहरण हैं, जिसका दिनों दिन क्षरण होता जा रहा है। अब तो सुनने में यह भी आया है कि कुछ सीधी भर्ती के आईपीएस कप्तान अपने सीओ से बात भी नहीं करते जो गंभीर चिंता का विषय है।

## आपका पत्र

# पर्यावरण का नुकसान

भारत विकासशील देश की श्रेणी में आता है। यहां वर्ष प्रतिवर्ष विभिन्न स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बालक और बालिकाओं को नई कक्षा में प्रवेश करने पर नए सिरे से कॉपी-किताबें खरीदनी पड़ती है। कॉपियां खरीदना तो समझ में आता है, किंतु नई-नई किताबें हर वर्ष खरीदना समझ से बाहर है। तमाम प्राइवेट स्कूल अगली कक्षा में चल रही पिछली किताबों के दो या तीन चैप्टर बदल देते हैं, मजबूरन नई क्लास में आने वाले बच्चों को नई किताबें खरीदनी होती हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो ऐसे विद्यार्थी अपने जूनियर अथवा सीनियर साथियों से किताबें खरीदकर अथवा उपहार में लेकर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं, लेकिन वर्ष प्रतिवर्ष नई पुस्तकों की आड़ में करोड़ों रुपये का कारोबार किताब विक्रेताओं को दिया जाता है।

नए सत्र में तमाम स्कूल निश्चित दुकान से कॉपी किताबें खरीदने के लिए दबाव बनाते रहे हैं। बार-बार नई किताबें खरीदने से करोड़ों रुपए का पर्यावरण का नुकसान होता है और दूसरी ओर करोड़ पेड़ों की कटाई होती है। फिर सरकार आम जनता में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत विद्यालयों में, पार्कों में, स्कूलों में अलग-अलग जगह पर वृक्ष लगवाने का कागजी अभियान भी जारी करती है। वहीं दूसरी ओर दुनिया का सबसे अमीर और विकसित एवं शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका में पुराने सत्र के समापन पर विद्यार्थियों से किताब लेकर स्कूलों द्वारा जमा कर ली जाती है और उसके बाद नए सत्र के नए विद्यार्थियों को वह किताबें पढ़ने के लिए दी जाती हैं। इससे जहां एक और अनावश्यक रूप से पर्यावरण के नुकसान को बचाया जाता है। उम्मीद है कि आने वाले नए सत्र में सरकार और प्रशासन मिलकर पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से उचित कदम उठाने का प्रयास करेंगे।

**- डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी,** 101 बड़ा बाजार, नैनीताल

## एक नजर

### जानलेवा हमले में आरोपियों को जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जानलेवा हमले के आरोप में जेल में बंद अमेठी जिले के रामगंज थाने के ग्राम नकछेद का पुरवा, सोनारी निवासी संदीप यादव और सुभाष चंद्र यादव को कोर्ट से जमानत मिल गई है। न्यायाधीश राकेश पांडेय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत मंजूर की। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि 14 सितंबर की घटना में आरोपियों पर सौरभ यादव को गोली मारने का आरोप था।

### दवा लेने गई युवती गायब, दी तहरीर

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किसनागरपुर निवासी प्रमोद की पत्नी आरती (35) मंगलवार को नजदीकी बाजार गोसैसिंहपुर दवा लेने गयी थी। शाम तक वापस न लौटने पर खोजबीन शुरू की, पर कहीं पता नहीं लगने पर बुधवार को प्रमोद ने थाना दोस्तपुर में गुमशुदगी की तहरीर दी। थाना प्रभारी पंडित तिवारी ने बताया तहरीर मिली है। पता लगाया जा रहा है।

### पूर्व मंत्री जंग बहादुर के मामले में सुनवाई 29 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह के खिलाफ हत्या की साजिश मामले में मंगलवार को सिपाही लक्ष्मीकांत से जिरह की कार्रवाई न आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक 2001 में दर्ज हुए केस में राजकुमार की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। एफआईआर के मुताबिक, आरोपियों ने राजकुमार को जबरन अपने साथ ले जाकर उसकी हत्या की थी। पुलिस जांच के दौरान पूर्व मंत्री और उनके सहयोगी राम विलास की भूमिका हत्या की साजिश में पाई गई थी।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार अधिवक्ता को कुचला, मौत

## सड़क पर शव रखकर अधिवक्ताओं ने लगाया जाम, करीब दो घंटे बाद एसडीएम के आश्वासन पर माने आक्रोशित लोग

कादीपुर, सुलतानपुर


घटनास्थल पर बिलखते परिजन।


अखंडनगर-कादीपुर रोड पर बैठकर अधिवक्ताओं ने लगाया जाम।

**अमृत विचारः** ट्रैक्टर के टक्कर मार देने से बाइक सवार अधिवक्ता की मौके पर मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कादीपुर-अखंड नगर मार्ग पर जाम लगा दिया। जिससे आवागमन बाधित रहा। एसडीएम के अधिवक्ताओं की मांगों को मानें जाने के उपरांत लगभग दो घंटे बाद मृतक का शव सड़क पर से उठाया गया। तब जाकर आवागमन चालू हुआ।

अखंड नगर थाने के पौधनरामपुर गांव के निवासी अधिवक्ता रामनारायण मौर्य (56) पुत्र राम चरन मौर्य अपने घर से बाइक से कादीपुर कचहरी में प्रैक्टिस करने के लिए आ रहे थे। वह बुधवार को सुबह लगभग 11 बजे जैसे ही अखंड नगर कादीपुर मार्ग पर चंदौली गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही अधिवक्ता की मौत हो गई। अधिवक्ता के मौत की सूचना मिलते ही बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश प्रताप शुक्ला, सचिव अखिलेश उपाध्याय अधिवक्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। घटनास्थल पर जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के तत्काल न पहुंचने पर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने जाम लगा दिया। प्रशासन विरोधी नारे लगाते हुए अधिवक्ता सड़क पर बैठ गए। जिससे जाम लग गया। मौके पर पहुंचे एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी, एसडीएम न्यायिक शिव प्रसाद, सीओ विनय गौतम, तहसीलदार घनश्याम भारती ने लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, किंतु अधिवक्ता नहीं मानें। काफी मशक्कत के बाद अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्री मांग पत्र एसडीएम को सौंपा। मांग पत्र में की गई मांगों को स्वीकार करने के आश्वासन के बाद लगभग एक बजे जाम समाप्त हुआ, तब जाकर आवागमन चालू हो सका। मांग पत्र में पीड़ित परिवार के मृतक आश्रितों को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिलाए जाने एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने तथा मृतक की पत्नी के नाम पांच बीघा कृषि भूमि आवंटित किए जाने, मृतक के बच्चों को शिक्षा सहायता दिलाए जाने, मृतक के बच्चों की समय पर शादी का अनुदान दिलाए जाने, परिवार को सड़क दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाने और मृतक के परिवार को सरकारी अनुग्रह राशि दिलाए जाने की मांग की गई है। एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी ने अधिवक्ताओं एवं परिजनों की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि तहसील के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी से चंदा वसूलकर मृतक के परिजनों को सहायता प्रदान की जाएगी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हार्वेस्टर चालक को पीटा, केस दर्ज

**सुलतानपुर। अमृत विचारः** विपक्षी के यहां नौकरी कर रहे चालक को गाली गलौज देते हुए पीट दिया। चालक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शाहजहांपुर जिले के खुटार थाना क्षेत्र के सरोजनी नगर निवासी शिव कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। शिवकुमार ने बताया कि वह सुलतानपुर हलियापुर थाना क्षेत्र के बड़ाडाड गांव स्थित अजीत विक्रम सिंह की राइस मिल पर रहता है। उनके पास हार्वेस्टर मशीन है, जिसका संचालन मैं करता हूं। उमरा गांव निवासी शैलेंद्र प्रताप व धर्मेंद्र प्रताप हमारे मालिक से रंजिश रखते हैं। मंगलवार की शाम दोनों लोग लात घूसे से मारने लगे। धमकी दी कि तुम यहां से चले जाओ नहीं तो मार डालेंगे।

# दुराचार के दोषी को 10 साल की कैद

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**▸▸ कोर्ट ने 25 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया**

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में छह साल पूर्व मां के साथ गई 16 वर्षीय किशोरी इलाज कराकर लौटते समय घर छोड़ने के बहाने दुराचार करने के दोषी राजकुमार कश्यप को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी रवींद्र प्रताप सिंह के मुताबिक 19 अगस्त 2018 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीडिता के माता ने आरोप लगाया था कि किशोरी का इलाज करा कर लौटते समय दोषी ने उसको घर छोड़ने के बहाने ले जाकर उसके साथ दुराचार जैसी वारदात को अंजाम दिया और किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने दोषी राजकुमार कश्यप 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

## प्रधान पति की हत्या मामले में क्लीनचिट पाए छह आरोपियों को कोर्ट ने किया तलब

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के महराजगंज में चार साल पहले प्रधान पति की हत्या के मामले में दर्ज केस में पुलिस द्वारा क्लीनचिट पाए गए छह आरोपियों को न्यायाधीश संतोष कुमार ने 8 नवंबर को अदालत में तलब किया है।

मामला 17 जून 2020 का है, जब वादी रमजान के पुत्र मैनुद्दीन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में इकबाल उर्फ बालू, गुलाम असगरी समेत 10 लोगों के खिलाफ बलवा, जानलेवा हमला, और हत्या जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ था। पुलिस की जांच के दौरान मनियारपुर निवासी हासिम, महराजगंज के बिलाल अहमद, एकलाख अहमद, शकील अहमद, रितेश राणा, और हरदासपुर निवासी रोहित तिवारी को क्लीनचिट दी गई, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में भेजी गई। वादी ने अधिवक्ता रवि शुक्ल के जरिए इन आरोपियों को तलब करने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी, जिस पर न्यायाधीश संतोष कुमार ने विचार करते हुए पुलिस की क्लीनचिट पाए सभी छह आरोपियों को तलब किया है। इस मामले की सुनवाई 8 नवंबर को होगी।

## नष्ट कराया आठ क्विंटल लहन, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** शासन के निर्देश पर जयसिंहपुर आबकारी निरीक्षक डॉ. संजय कुमार उपाध्याय आगामी दीपावली को देखते हुए विशेष अभियान चला रखा है। बुधवार को आबकारी निरीक्षक डॉ. संजय कुमार उपाध्याय मोतिगरपुर थाने के उप निरीक्षक भुवाली प्रसाद, बेलहरी चौकी इंचार्ज भारत सिंह के साथ संदिग्ध स्थान दियरा, खैरहा, बेलहरी में छापा मारा। इस दौरान आबकारी निरीक्षक ने आठ क्विंटल लहन नष्ट कराई साथ ही 60 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की। साथ ही चार लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि मदिरा की दुकानों की क्रॉस चेकिंग करते हुए चेकिंग कराई।

# पूर्व विधायक संतोष पांडेय के केस में दरोगा की गवाही दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लंभुआ के पूर्व विधायक संतोष पांडेय सहित 12 के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष न्यायालय में बुधवार को लम्भुआ व कोतवाली देहात में दर्ज हुए केस में बुधवार को गवाही दर्ज की गई।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में दर्ज हुए केस में प्रयागराज जिले के नवाबगंज थाने में तैनात अभियोजन गवाह दरोगा अनिल कुमार मिश्र की गवाही दर्ज की गई, जिनसे बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने जिरह की। वहीं, लंभुआ में दर्ज हुए केस में प्रतापगंज चौकी में तैनात प्रभारी चौकी इंचार्ज वर्तमान तैनाती थाना फुरसतगंज के दरोगा सुरेश कुमार की गवाही विशेष कोर्ट में दर्ज की गई। लंभुआ पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व सह आरोपितों पर 4 फरवरी 2022 में दो एफआईआर लंभुआ व कोतवाली देहात थाने में लिखाई गई थी। विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की।

## ब्यूटी पार्लर संचालिका को भेज रहे अश्लील मैसेज, रिपोर्ट दर्ज

**सुलतानपुर। अमृत विचारः** आम जनमानस के पैसे ठगने, महिलाओं के फोन पर अश्लील मैसेज भेजने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ने साइबर थाने पर तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी ब्यूटी पार्लर चलाती है। बीते कई माह से उसके मोबाइल पर फेसबुक व इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज आ रहे हैं। पीड़ित ने फेसबुक आई डी व इंस्टाग्राम आईडी भी पुलिस को दी है। अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। लेकिन जांच के नाम पर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाई है।

# तीन घरों से लाखों का माल चोरी

संवाददाता, सुलतानपुर

**▸▸ सूचना पर पहुंची पुलिस, जांच पड़ताल कर लौटी वापस**

**अमृत विचारः** जिले में अपराध व चोरी की घटनाएं रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक ने पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। इसके बावजूद बीती रात चोरों ने अलग-अलग तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर डाग स्क्वायड के साथ पहुंची पुलिस ने छानबीन की लेकिन चोरों का कहीं सुराग नहीं लगा।

मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के ललक का पुरवा मजरे भण्डरा परशुराम गांव का है। जहां चोरों ने नकबजनी कर मनोज तिवारी के घर में घुस गए।कमरे में रखे बक्से से झुमकी, पायल, मंगलसूत्र सहित अन्य जेवरात चोर उठा ले गए। दूसरी चोरी उसी गांव के मनोज तिवारी पुत्र बलराम तिवारी के घर में छत के रास्ते घुसे चोरों ने कमरे के अन्दर रखें बक्शों को मेन गेट का दरवाजा खोलकर बाहर निकल गए। तीसरी चोरी इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहगौली के कामापुर की है। जहां राम सुख शुक्ला के घर धावा बोलते हुए दीवार काट घर में घुस गए।परिवार के लोग निमंत्रण से वापस लौटे थे घर आकर सो गए। चोरों दीवाल काटकर कमरे में रखा बक्शा उठा ले गए। पीड़ित रामसुख शुक्ला ने बताया कि कुछ दूर पर टूटा बक्शा पड़ा था उसमें रखा जेवरात व नकदी चोर उठा ले गए। तीनों लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है। बुधवार की सुबह तीनों परिवारों को चोरी की जानकारी हुई तो इसकी सूचना डायल 112 को देते हुए थाने पर तहरीर दी है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कुड़वार चन्द्रभान वर्मा डाग स्क्वायड टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डाग पांच सौ मीटर के आगे जानकारी नहीं जुटा सका। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा लिखकर छानबीन की जा रही है।

### 22 को है बेटी की शादी

मनोज तिवारी पुत्र बलराम के बेटी की शादी 22 नवम्बर को है। पिता तिनका तिनका जोड़ कर बेटी के लिए लगभग दो लाख के गहने बनवाया था। पीड़ित पिता ने बताया कि बेटी की शादी के लिए गहने, कपड़े, नकदी आदि की धीरे-धीरे व्यवस्था करने में जुटे थे। जो चोर उठा ले गए, बिल छोड़ दिए है।

# अशरफपुर पूर्व प्रधान प्रत्याशी की हत्या में तीन आरोपी गिरफ्तार

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना बल्दीराय क्षेत्र के अशरफपुर गांव में इच्छानाथ यादव (30) निवासी ग्राम अशरफपुर थाना बल्दीराय की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें वादी शिवपूजन निवासी ग्राम अशरफपुर के प्रार्थना पत्र पर राकेश यादव आदि 5 के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

मुकदमा उपरोक्त में पूर्व में दो नामजद अभियुक्त अर्जुन यादव व राम अचल यादव निवासीगण ग्राम अशरफपुर थाना बल्दीराय को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तगण के विरुद्ध लगातार दबिश दी जा रही थी, जिसमें आज प्रकाश में आये अभियुक्त अनिकेत तिवारी उर्फ मोनू पंडित निवासी सीकीडीहा मौजा घाटमपुर थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या, सचिन यादव निवासी ककरहिया मौजा घुसेरिया थाना बन्धुआ कलां सुलतानपुर व अभिषेक गोस्वामी निवासी मलिकपुर बखरा थाना मोतिगरपुर सुलतानपुर को बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के भटपुरवा अंडर पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी में 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस तथा सचिन यादव के पास के एक तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

## सार-संक्षेप

### राकेश पटेल बने अपना दल के जिला अध्यक्ष

**संवाददाता, भदैया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भदैयां विकासखंड के हनुमानगंज बाजार स्थित एक मैरिज लान में बुधवार को शाम अपना दल के जिला अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ । प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पाल की अध्यक्षता एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल व पूर्व मंत्री राम-लखन पटेल की मौजूदगी में राकेश पटेल को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर कैबिनेट मंत्री ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष अविनाश पटेल,महिला शाखा की प्रदेश सचिव गीता वर्मा, सत्यप्रकाश,राजबहादुर वर्मा, बीडीसी जगन्नाथ वर्मा, शैलेंद्र सिंह अनिल कुमार वर्मा, मोहम्मद वै, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता से निखरती है नौनिहालों की प्रतिभाः बीईओ

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रतियोगिताओं के आयोजन से नौनिहालों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। उक्त बात उच्च प्रथमिक विद्यालय इसहाकपुर में चल रही न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा ने कही। प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रथमिक विद्यालय गणेशपुर कैथौली के राजवीर सिंह, बालिका वर्ग में प्रथमिक विद्यालय पिंडोरन की गुड़िया प्रथम रही। 200 मीटर की दौड़ में प्रथमिक विद्यालय पूरे धोबियान के अनूप तो बालिका वर्ग में भी इसी विद्यालय की अंजली प्रथम स्थान हासिल किया। वही 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथमिक विद्यालय वैदहा के छात्र अमन पाल तो छात्रा अंशिका प्रथम स्थान हासिल किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय इसहाकपुर के छात्र शाहबाज, इसी स्कूल के ही छात्रा अंशिका यादव प्रथम रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम अर्ज मिश्र तो व्यवस्था अजीत उपाध्याय ने की। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष दामोदर तिवारी, कांति सिंह आदि रहे। निर्णायक की भूमिका अरविंद यादव, बृजेंद्र कुमार व अशोक कुमार ने निभाई।

### देवी-देवताओं के नाम वाले ढाबों पर बेचा जा रहा मांस, विरोध

**संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार :** बुधवार को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश सिंह के नेतृत्व में परशुराम सेना युवा वाहिनी संगठन के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को सौंपा। उनकी मांग है कि शहर में एक वर्ग विशेष के लोगों द्वारा नगर कोतवाली से सटे न्यू भोला वेज बिरयानी कार्नर की दुकान है। जिस दुकान में मालिक सहित खाद्य सामग्री बनाने वाले सभी मुस्लिम हैं। सभी अपने को हिन्दू धर्म का बताते हैं हिन्दू देवता के नाम पर दुकान का भी नाम है जिससे सनातनी भ्रमित हो रहे है। वर्ग विशेष के लोगों द्वारा दुकान का नाम देवी देवताओं के नाम पर तो रखा जाता है लेकिन उनका सिम्बल लगाकर देवी देवताओं का मजाक उड़ाते हैं।गौरक्षक व पत्रकार सर्वेश सिंह ने कहा कि जिले में हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर गैर संप्रदाय के लोगों द्वारा दुकान खोलकर जो कि सनातन धर्म को बदनाम करने की एक सोची समझी साजिश के तहत एक विशेष वर्ग द्वारा लगातार किया जा रहा है। जब बोर्ड पर लिखे मोबाइल नम्बरों को ट्रूकॉलर पर चेक किया जाता है तो मुस्लिम नाम आता है। ये लोग अपना धर्म व नाम छिपाकर हिन्दू देवी देवताओं के नाम पर अपनी दुकान संचालित कर रहे हैं। जिससे सनातन धर्म का लगातार अपमान हो रहा है। जिससे हिन्दू जन समुदाय में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। डीएम द्वारा ऐसे दुकानों पर अगर 24 घंटे के भीतर ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई न होने पर गौरक्षा सेवा संघ और परशुरामपुर युवा वाहिनी सेना के कार्यकर्ताओं के साथ सड़क़ पर उतरने की चेतावनी दी है।

### पायल के साथ चोर गिरफ्तार

**संवाददाता, कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किए गए एक जोड़ी पायल बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 31 अगस्त को गोपालपुर नमाजगढ़ में लालदेई पत्नी चंद्रकेश गुप्ता के घर चोरी हो गई थी। चोरी के मामले में पुलिस ने बुधवार को गांव के ही पंकज गौतम को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी गए एक जोड़ी पायल बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### बेस्ट यूजर अवार्ड 25 को

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा बेस्ट यूजर अवार्ड-2024 का आयोजन 25 अक्टूबर को इंजीनियरिंग विभाग के सेमिनार हाल फरीदीपुर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमेश येरनागुला, निदेशक विदेश मंत्रालय पुस्तकालय, भारत सरकार, नई दिल्ली और विशिष्ट अतिथि सुनील प्रताप, सहायक विदेश मंत्रालय पुस्तकालय, भारत सरकार, नई दिल्ली होंगे। यह जानकारी पुस्तकालय के प्रभारी डॉ. राजेश पांडेय ने दिया है।

### युवती को शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

**संवाददाता, लंभुआ, सुलतानपुर। अमृत विचार :** जिले में प्रतापगढ़ की युवती के साथ काम कर रहे युवक ने शादी का झांसा देकर लगभग दो माह तक शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। सोशल साइट्स पर अश्लील फोटो व वीडियो डालने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर अटल नगर वार्ड निवासी आशीष मौर्य प्रतापगढ़ जनपद की निवासी एक युवती के साथ सुलतानपुर जनपद में स्थित एक कंपनी में साथ-साथ काम करते थे। उसी दौरान दोनों एक दूसरे को चाहने लगे। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां सुनवाई के बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# मृतक के परिजनों से मिले राजेश मसाला

**▸▸ व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी राजेश अग्रहरि ने बेटी के विवाह के लिए दिया एक लाख**

संवाददाता, सुलतानपुर


मृतक व्यापारी के परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे राजेश मसाला।

**अमृत विचारः** बीते 8 अक्टूबर को दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोशैसिंहपुर निवासी संतराम अग्रहरि की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद व कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। दो दिन बाद दोस्तपुर पुलिस ने दो नामजद व सात अज्ञात लोगों को जेल भेजने की कार्यवाही भी की थी। वही मामले में नामजद भाजपा नेता अर्जुन पटेल व उसका भाई अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

बुधवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी व अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी, जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह तहसील अध्यक्ष अरविंद गुप्ता के साथ मृतक के परिवार से मुलाकात की। प्रदेश प्रभारी राजेश अग्रहरि ने मृतक की पुत्री के विवाह के लिए एक लाख रुपए नगद राशि फिक्स डिपाजिट के लिए मृतक के पत्नी को दी। उन्होंने बताया कि अपराधी कोई भी हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि घटना में शामिल अपराधी हर हाल में जेल जाएंगे। मौके पर डॉ. कृष्ण कुमार अग्रहरि, गोपाल दास अग्रहरि, उदय प्रताप शुक्ला, डॉ. नरेंद्र कुमार धुरिया आदि मौजूद रहे।

# अनियमितता पर किसानों का हंगामा

लंभुआ, सुलतानपुर


लंभुआ में बीज भंडार पर हंगामा करते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जहां एक तरफ सरकार किसानों को सब्सिडी युक्त सस्ते और अच्छी क्वालिटी का बीज वितरण करने की जिम्मेदारी प्रदेश के सभी राजकीय बीज भंडारों के अधिकारियों को दी है। वहीं, राजकीय बीज भंडारों पर बैठे अधिकारी व कर्मचारी सरकार की मंसा के विपरीत किसानों को चूना व सरकारी योजनाओं को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

मामला लंभुआ राजकीय बीज भंडार का है। जहां पर गेहूं का बीज लेने आए किसानों ने राजकीय बीज़ भंडार में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों पर बीज वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया। आरोप है कि सरकार द्वारा निर्धारित निश्चित मूल्य पर उन्हें गेहूं का बीज़ न देकर बिना किसी रसीद व पर्ची के 1100 रुपए प्रति बोरी (40 किग्रा) के हिसाब से गेहूं का बीज दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत किसानों ने उप जिलाधिकारी मंजुल मयंक से की। वहीं सहायक कृषि विकास अधिकारी व राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी राजेश कुमार पासवान ने बताया कि पास मशीन पर किसानों का अंगूठा नहीं लग पा रहा है। जिससे उन्हें 1100 रुपये में गेहूं का बीज दिया जा रहा है अंगूठा लगने पर पैसा वापस कर दिया जाएगा। गेहूं का सरकारी रेट पूछने पर बीज भंडार प्रभारी राजेश पासवान ने बताया है कि 960 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से बेचा जा रहा है।

# जूनियर विद्यालय रामनगर चेती बना ओवरऑल चैंपियन

बल्दीराय, सुलतानपुर


विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते बीईओ। अमृत विचार

**अमृत विचारः** न्याय पंचायत सरैयामाफ़ी में परिषदीय वार्षिक खेलों का आयोजन जूनियर हाई रामनगर चेती के खेल मैदान मे आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी धनपतगंज श्याम बिहारी रहे।

प्रतियोगिता के प्राथमिक दौड़ संवर्ग मे छबि पाठक ने 50-100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर बालक वर्ग मे 100-200 मीटर मे कम्पोजिट बरासिन प्रथम रहा। 400 मीटर बालिका जूनियर दौड़ मे आरती गौड़ प्रथम रही। उच्च प्राथमिक रामनगर चेती की टीम बालिका खो खो की विजेता रही। लम्बी कूद बालिका में रामनगर की अन्नू ने बाजी मारी। जूनियर संवर्ग बालिका कबड्डी में समर्थपुर प्रथम रहा। मास पीटी में जूनियर रामनगर विजेता रही। प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण नवीन पांडेय अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम बहादुर गौड़, नोडल संकुल शिक्षक द्वारा अरुण कुमार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता निर्णायक अनूप त्रिपाठी, सुनील मिश्रा, मनोज सिंह, विजय प्रताप, वरुण सिंह, रामराज रहे।

## पीथीपुर पलिया की टीम बनी चैंपियन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत भदैया के कंधईपुर न्याय पंचायत खेल कूद का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय असवा में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्राथमिक संवर्ग बालिका में 50 मीटर में पुरुषोत्तमपुर की स्वाती, 100 मीटर में पलिया की लक्ष्मी बनी विजेता वहीं कबड्डी में पुरुषोत्तमपुर को हराकर पतिपुर ने जीत दर्ज की। प्राथमिक बालक में 50 मीटर में कंधईपुर के अरबाज और 100 मीटर में असवा के उदित ने बाजी मारी। कबड्डी में पलिया बना विजेता, जूनियर बालक 100 एवं 200 मीटर में असवा के अंश रहे विजेता, कबड्डी में पीथीपुर पलिया के बच्चों ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, खो खो में सकरसी बना विजेता,जूनियर बालिका में 100 मीटर में असवा की आस्था वहीं 200 में पलिया की लक्ष्मी रही विजेता, कबड्डी में पीथीपुर पलिया के बच्चे रहे विजेता। कार्यक्रम का समापन भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष ग्राम प्रधान अनिल त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया। प्रतियोगिता का संचालन मुन्नालाल और भानु प्रताप त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के जिला मंत्री दिनेश कुमार उपाध्याय, धर्मेन्द्र राय, विपिन यादव जूनियर संघ के जिला मंत्री कलहू पाल,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिव प्रताप सिंह, मुनेंद्र मिश्र, उमेश यादव, धर्मेन्द्र राय, देव प्रकाश पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, राजकुमार यादव, अंजनी, मानेंद्र सिंह,आरती सरोज, बीना तिवारी, ममता, सावित्री, पंचरत्न सिंह, यासमीन बानो, शिव बदन मौर्य, संतोष चौरसिया , एनपी सिंह,आदि उपस्थित रहे।

## गणित प्रतियोगिता 2024 में प्रत्युषा को मिला गोल्ड मेडल

**कादीपुर, सुलतानपुर।** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश से आयोजित क्षेत्रीय वैदिक गणित प्रतियोगिता 2024 में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड की छात्रा प्रत्युषा मिश्रा ने गोल्ड मेडल जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दिबियापुर औरैया में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय का परचम लहराया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रत्युषा ने क्षेत्रीय वैदिक गणित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अखिल भारतीय वैदिक गणित प्रतियोगिता के लिए चयनित की गई। यह प्रतियोगिता अनुगुण उड़ीसा में आयोजित की जाएगी। विद्यालय के छात्र उत्सव उपाध्याय ने वैदिक गणित नवाचार में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रत्युषा को प्रधानाचार्य ने एक हजार रुपए नगद एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। प्रत्युषा को तैयारी कराने वाले शिक्षक देवेंद्र सिंह एवं उत्सव उपाध्याय की तैयारी कराने वाले शिक्षक रामयश सिंह तथा वैदिक गणित के संकुल प्रमुख मनोज ओझा को भी सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### 461 केंद्रों पर की जाएगी धान की खरीद

गोरखपुर, अमृत विचार। वर्तमान सत्र 2024-25 हेतु शासन द्वारा गोरखपुर मण्डल का धान क्रय लक्ष्य 5,23,000 मी. टन निर्धारित किया गया है। जनपद गोरखपुर का 1,43,000 मी. टन, महराजगंज का 2,00,000 मी. टन, देवरिया का 1,06,000 मी. टन एवं कुशीनगर का 74,000 मी. टन मण्डल में अद्यतन अनुमोदित कुल 461 धान क्रय केन्द्रों (जनपद गोरखपुर 133, महराजगंज 167, देवरिया 95 एवं कुशीनगर 66) के माध्यम से न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत सामान्य धान 2300 रुपये प्रति कुन्तल एवं ग्रेड 'ए' 2320 रुपये प्रति कुन्तल की दर पर पंजीकृत कृषकों से धान क्रय किया जायेगा।

### बदमाशों ने सराफ से छीने जेवर व नकदी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बाइक सवार दो बदमाशों ने सराफ से जेवर व नकदी छीन ली। उसका थाना क्षेत्र के उसका राजा निवासी विनोद कुमार वर्मा ने उसका थाने में तहरीर दी कि उसकी दुकान भटिया चौराहे पर है। मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे वह ढाई किलो सोने व चांदी के जेवर देहात में बेचने जा रहा था। उसकी जेब में डेढ़ हजार रुपये भी थे। धोबहा वबुचहा के बीच बाइक सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर रोका और कनपटी पर असलहा सटा दिया और उसकी बाइक की डिक्की में रखा झोला लेकर भाग गये।

### मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी सम्पन्न

गोरखपुर, अमृत विचार। गोरखपुर, बस्ती व आजमगढ़ की मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी एनेक्सी सभागार में हुई। इसमें कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका गर्ग, गोरखपुर, बस्ती व आजमगढ़ के मंडल आयुक्त, जिलाधिकारी आदि मौजूद थे।

# समय से पूरे करायें निर्माण कार्य : डीएम

## बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा में कक्षाओं के निर्माण में गुणवत्ता की कमी पर जतायी नाराजगी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

डीएम ने पीएमश्री स्कूल में आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय की समीक्षा की। स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी होने पर कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के एई पर नाराजगी जताते हुए समय से व गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का उन्होंने निर्देश दिया।

डीसी निर्माण एवं एई डीआरडीए को निर्देश दिया कि अतिरिक्त कक्षा-कक्ष के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर स्पष्ट आख्या उपलब्ध करायें। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति एवं जिन भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, उन्हें हैण्डओवर कराकर संचालित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि थर्ड पार्टी की सत्यापन आख्या प्रत्येक बिन्दुओं पर स्पष्ट आने के पश्चात हैण्डओवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

डीएम ने बाल वाटिका के निर्माण के प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे भ्रमणशील रहकर नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षकों को अपने नियंत्रण में रखें सभी अध्यापक विद्यालय में उपस्थित होकर शिक्षण कार्य तथा सभी अभिलेखों को समय से अपडेट करें। बच्चों के नामांकन के सापेक्ष बच्चो की उपस्थिति भी होना चाहिए। स्कूल ड्रेस के साथ बच्चो की फोटो अपलोड कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही छात्रों का आधार सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा विद्यालयों के पुनर्निर्माण की प्रगति, अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि की प्रगति, निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा, स्वीकृत नवीन निर्माण कार्य की प्रगति, पुनर्निर्माण प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्कूलों में बेंच, पेयजल, बाउंड्रीवॉल, शौचालय आदि की पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। यू-डायस पोर्टल पर 100 प्रतिशत फीडिंग पूर्ण करायें। इसके अलावा कन्वर्जन कास्ट एवं रसोइयों के मानदेय, जिला टास्क फोर्स की स्थिति की समीक्षा की गयी। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिला पंचायतराज अधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म, हालत गंभीर

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। इटवा थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की सुबह एक व्यक्ति गांव की ही एक चार वर्षीया बच्ची बहला-फुसलाकर गांव के बाहर स्थित एक बगीचे में ले गया और उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बालिका रोती-बिलखती हुई किसी तरह घर पहुंची। परिजनों ने जब रोने का कारण पूछा तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। वह आरोपी का ठीक से नाम बता नहीं पा रही है। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची इटवा पुलिस ने पीड़ित बालिका को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है। परिजनों की तहरीर पर इटवा पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश में जुट गई । इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगाई गई हैं और शीघ्र ही अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# अपनी दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवायें व्यापारी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के चौकी बजहा में बुधवार देर सायं कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने कस्बा बजहा के स्वर्ण व्यवसायी सहित अन्य बड़े व्यापारियों के साथ बैठक की।

बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वर्ण व्यवसायी अपनी दुकानों के सामने अच्छे किस्म के सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। दुकान पर आने जाने वाले लोगों पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि दुकान बंद करने का निश्चित समय न रखें। एक ही रूट का प्रयोग न करें। कोशिश करें गांव के रास्ते अपने निवास को जाएं जिससे कोई दिक्कत होने पर ग्रामीण भी सहयोग कर सकते हैं जिससे लूट की घटना को अंजाम देने वाले शातिर भी डरने पर मजबूर होंगे। छोटे दुकानदार जिस चौराहे पर व्यवसाय करते हैं, उस जगह संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क कर उनको कोई लॉकर उपलब्ध करा दें। उसमें सामान रख कर घर जाएं। इस दौरान स्वर्ण व्यवसायी मीरा वर्मा, अरुण कुमार वर्मा, नंदलाल वर्मा, मनोज वर्मा, विनय कुमार वर्मा, विक्रम वर्मा सहित चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार, एसआई रवि प्रताप सिंह सेंगर, राजेश कुमार पांडेय व अन्य व्यवसायी उपस्थित रहे।

# 101 दिन में 2012 वाद निस्तारित

गोरखपुर, अमृत विचार। सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह ने अपने न्यायालय में चल रहे धारा 34, धारा 67 के अंतर्गत 101 दिनों में 2012 वादों का निस्तारण कर उपलब्धि हासिल की।

सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह 11 जुलाई 2024 को सदर तहसीलदार का पदभार ग्रहण किया था। उनके न्यायालय में 4500 मुकदमे लंबित थे उसको गुणवत्ता युक्त निस्तारित करने का दृढ़ संकल्प लिया कि प्रत्येक महीने में कम से कम 500 से अधिक धारा 34 धारा 67 के मुकदमों सहित अन्य धाराओं के मुकदमों का निस्तारण करेंगे जिससे सदर तहसील में आने वाले फरियादियों को न्याय संगत न्याय देकर बढ़ती हुई भीड़ को कम किया जा सके।

# अधिवक्ताओं का तहसील गेट पर प्रदर्शन

संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। साथी अधिवक्ता पर मुकदमा पंजीकृत होने पर अधिवक्ताओं ने तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन किया।

बुधवार को डुमरियागंज बार एसोसिएशन के नि. अध्यक्ष इंद्रमणि पाण्डेय, नि. महामंत्री रामबहादुर यादव की अध्यक्षता व वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, राजेश दुबे, आशीष श्रीवास्तव, शिवशंकर चतुर्वेदी आदि की मौजूदगी में सभी अधिवक्ता तहसील गेट पर एकत्रित हुए और तहसील गेट पर लगभग साढ़े नौ बजे से ही ताला लगा कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित व तहसीलदार रवि कुमार यादव पहुंचे और अधिवक्ताओं से वार्ता कर मामला शांत कराते हुए गेट खुलवाया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि डुमरियागंज बार एसोसिएशन के सदस्य शैलेन्द्र कुमार रावत के खिलाफ बिना किसी ठोस आधार के महज राजनीतिक भावनाओं एवं क्षेत्रीय विधायक के प्रभाव में आकर विधि विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी है जिसे वापस या एफआर लगाया जाए। इसी मामले को लेकर बार एसोसिएशन कार्यालय में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सदस्यों ने शैलेन्द्र कुमार रावत के ऊपर दर्ज मुकदमे को लेकर विरोध दर्ज कराया और यह निर्णय लिया कि जब तक अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार रावत पर दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिया जाता तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इसी के साथ बार एसोसिएशन डुमरियागंज ने पारित प्रस्ताव की प्रतिलिपि सिद्धार्थनगर, बांसी, इटवा, नौगढ़, शोहरतगढ़ बार को भेजकर समर्थन देने की अपील की हैं। इस दौरान अधिवक्ता हरिराम, देवेंद्र पाठक, राहुल सिंह, अनुराग, सुनील, इंद्रासन, मिथलेश, सुभाष विश्वकर्मा, सुभाष श्रीवास्तव, अवध बिहारी सिंह, भारत भूषण यादव, सोनू यादव, रजनीश पाण्डेय, रमन श्रीवास्तव, सरस, नदीम, विपिन आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# 10 सत्र में होगा कॅरियर काउंसिलिंग फेयर

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। केंद्रीय विद्यालय में 19 नवंबर को एक दिवसीय कॅरियर काउंसलिंग फेयर कार्यक्रम की सफलता के लिए डीएम डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में अम्बेडकर सभागार में बैठक हुई।

डीएम ने कहा कि कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों के के लिए 19 नवंबर को केंद्रीय विद्यालय में एक दिवसीय कॅरियर काउंसलिंग फेयर आयोजित किया जाएगा। इसकी सफलता के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियों को निभाना होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि कॅरियर काउंसिलिंग फेयर में 10 सत्र आयोजित किए जाएंगे। अलग-अलग सत्रों के विशेषज्ञ का चयन किया जा चुका है। इनमें सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु की कुलपति प्रो. कविता शाह, आईपीएस गौरव त्रिपाठी, दृष्टि आईएएस कोचिंग दिल्ली से अभिषेक कुमार मिश्र, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी, गीडा संस्थान गोरखपुर के निदेशक एमके सिंह, डॉ. आरएल श्रीवास्तव, मोमेंटम कोचिंग सेंटर के अरविंद त्रिपाठी, विकास अग्रवाल, एलवन कोचिंग वाराणसी के निदेशक डॉ. अरुण त्रिपाठी, माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजेश मोहन, सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु से डॉ. अखिलेश दीक्षित, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी कुमारी रिया श्रीवास्तव, क्रिकेटर अयान चौधरी प्रमुख रूप से शामिल किए हैं। सत्र विशेषज्ञों से समन्वय स्थापित करने के लिए अधिकारियों को लाइजनिंग आफिसर नियुक्त किया गया है, इनमें एसडीओ वन बीना तिवारी, जिला सेवायोजन अधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्रा, जिला प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग दीपक मिश्र, तहसीलदार सदर संतराज, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संदीप कुमार मौर्य, जिला युवा कल्याण अधिकारी विनय राव, एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजेश शर्मा, राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री हैं। बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव, केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज शुक्ला, जीआईसी नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, आदि मौजूद थे।



अम्बेडकर सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम डॉ. राजागणपति आर.।

# मृतकों के परिजनों से मिले नेता विरोधी दल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने बस दुर्घटना में मारे गये तीन लोगों के परिजनों से मुलाकात की।

पचपेड़वा से आ रही निजी बस ढेबरुआ के चरगवा नाले के पास होकर पलट गई थी। हादसे में खुरहुरिया निवासी मंगनीराम, मोहनकोला निवासी ग़म्मा एवं पैकी निवासी अजय शर्माकी मौत हो गयी थी। हादसे में कई यात्री घायल हा गए थे जिनका इलाज चल रहा है।

नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल',विधानसभा अध्यक्ष हरिनारायण यादव सहित सपा पदाधिकारियों ने तीनों मृतकों के घर जाकर संवेदना व्यक्त ककी और अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर शासन द्वारा निर्धारित राशि अविलंब पीड़ितों को दिए जाने का निर्देश दिया। घायलों का भी हाल जाना। इस अवसर पर मणेन्द्र मिश्रा, हरिनारायण यादव, इब्राहिम बाबा, शकील शाह,सागर पाठक, मसूद खान, जयकरन गौतम,रामू यादव,अजय चौरसिया,हरिनाथ यादव, डॉ विकास ,अमित कुमार, मुजम्मिल, मो मजहर, करतब यादव आदि थे।

## सार-संक्षेप

### अध्यापकों को किया गया सम्मानित



शिक्षकों को सम्मानित करते डीएम। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। निपुण की संकल्पना को साकार करने की दिशा में जिलाधिकारी के प्रेरक नवाचारी पहल बेस्ट प्रैक्टिसेज वाले विद्यालयों के साप्ताहिक सम्मान कार्यक्रम के क्रम में बुधवार को उसका बाजार ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नंदाडीह और खुनियांव ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय रुद्रौलिया के शिक्षण स्टाफ को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। इन विद्यालयों में शैक्षणिक नवाचारों,डी.ओ. लेटर एवं दोनों एसओपी के अनुसार गतिविधियों का बेहतर व सुव्यवस्थित क्रियान्वयन कर विद्यालय को निपुण बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों हेतु सम्मान प्रदान किया गया।

### प्रतियोगिता की विजेता टीमों का हुआ सम्मान



प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वावधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव में सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, लोकगीत, कविता, कहानी लेखन, चित्रकारी व भाषण आदि विधाओं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिताओं में सफल स्कूलों के टीमों को पुरस्कृत किया गया। रघुबर प्रसाद जायसवाल विद्या मंदिर के कला भवन में बुधवार को आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव ने किया गया। उत्सव के दौरान लोकनृत्य सामूहिक में शिवपति इंटर कालेज शोहरतगढ़ प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कालेज तेतरी बाजार द्वितीय, रघुबर प्रसाद जायसवाल इंटर कालेज तेतरी बाजार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य एकल शिवपति इंटर कालेज शोहरतगढ़ प्रथम, रघुबर प्रसाद जायसवाल इण्टर कालेज तेतरी बाजार द्वितीय, जीजीआईसी बांसी तृतीय स्थान हासिल किया। लोकगीत सामूहिक विधा में रघुबर प्रसाद जायसवाल इण्टर कालेज तेतरी बाजार प्रथम, शिवपति इंटर कालेज शोहरतगढ़ द्वितीय, जीजीआईसी बांसी तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकगीत एकल विधा में शिवपति इंटर कालेज शोहरतगढ़ प्रथम, रघुबर प्रसाद जायसवाल इण्टर कालेज तेतरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में जिला विकास अधिकारी जीपी कुशवाहा रहे। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को दिये गये प्रमाणपत्र



सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। उसका बाजार बीआरसी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रथम स्थान पर चुरिहारी, की अंकिता, दूसरे पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय उसका, तीसरे स्थान पर कस्तूरबा की सुभद्रा रही क्षेत्र के समस्त उच्च प्राथमिक स्तर के कक्षा छह से आठ तक के प्रत्येक विद्यालय स्तर पर चयनित तीन-तीन व विकास क्षेत्र के कुल 104 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 उत्कृष्ट छात्र-छात्राएं चयनित हुए। बाद में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, मैडल, प्रमाणपत्र एवं अन्य प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के प्रमाणपत्र खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने वितरित किए।

# कल होगा पूजा विशेष गाड़ी का संचालन

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा 04520/04519 अम्बाला कैंट-दरभंगा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचालन अम्बाला कैंट से 25 अक्टूबर को तथा दरभंगा से 26 अक्टूबर को एक फेरे के लिए किया जायेगा।

04520 अम्बाला कैंट-दरभंगा पूजा विशेष गाड़ी 25 अक्टूबर, को अम्बाला कैंट से 19.00 बजे चलकर सहारनपुर से 20.15 बजे, मुरादाबाद से 23.25 बजे, दूसरे दिन बरेली से 01.00 बजे, सीतापुर जं. से 04.40 बजे, गोरखपुर से 10.10 बजे, देवरिया सदर से 11.07 बजे, सीवान से 12.20 बजे, छपरा से 14.10 बजे, हाजीपुर से 15.30 बजे, मुजफ्फरपुर से 16.25 बजे तथा समस्तीपुर से 17.45 बजे छूटकर दरभंगा 19.00 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04519 दरभंगा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी 26 अक्टूबर को दरभंगा से 21.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन मुजफ्फरपुर से 00.25 बजे, गोरखपुर से 08.47 बजे, तीसरे दिन सहारनपुर से 00.25 बजे,अमृतसर 06.30 बजे पहुंचेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# तेजी से घूम रहे हैं कुम्हारों के चाक

संवाददाता, ककरहवा, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। दीपावली नजदीक आते ही कुम्हारों के चाक तेजी से चल रहे हैं। वे रोशनी के पर्व के लिए दीये बनाने में जुट गये हैं। हालांकि आधुनिकता की चमक-धमक के आगे मिट्टी के दीपकों की जगह इलेक्ट्रॉनिक झालर और लाइट ने जगह ले ली है।

मिट्टी के दीये बनाने का काम करने वाले नरेंद्र कुम्हार बताते है की पिछले दस वर्ष पहले रोजगार काफी जोर-शोर से चल रहा था, लेकिन आहिस्ता-आहिस्ता बढ़ती महंगाई और बाज़ार मे मिल रहे झालरों के कारण रोजगार कम होता चला गया। दुल्हा निवासी अशोक बताते है कि इलेक्ट्रॉनिक बत्तियां और जगमग झालर घरों में आसानी से लग जाती है इसके साथ ही दीये में तेल और रुई की बत्ती के झंझट से बचने के लिए लोग इलेक्ट्रॉनिक दीये और झालर खरीदने लगे हैं। सर्वेश वर्मा बताते हैं कि बदलते दौर मे भले ही लाइटें बाज़ार मे धूम मचाये हुए है लेकिन मिट्टी के दिये मे डूबी घी और तेल की रोशनी का जोड़ नहीं है।



दीपावली के लिए दीया बनाता कुम्हार। अमृत विचार

स्पर्धा | 31वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2024 का तीसरा दिन

# उत्तर रेलवे को हराकर पूर्वोत्तर रेलवे की टीम फाइनल में

संवाददाता, गोरखपुर,

अमृत विचार। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे के तत्वावधान में 21 से 24 अक्टूबर तक सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में खेली जा रहीं 31वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2024 के तीसरे दिन बुधवार को खेले गये सेमीफाइनल मैच में पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उत्तर रेलवे को 73-36 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से राम आसरे यादव, ए.बी. जडेजा, दीपक कश्यप, अजय मल्ल, अजीत तिवारी, सुनील महला, राकेश कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उत्तर रेलवे के राजेश एवं भवानी ने टीम के लिए काफी संघर्ष किया।

बुधवार को खेले गये अन्य मैचों में उत्तर रेलवे ने पश्चिम रेलवे को 47-35 तथा दक्षिण रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को 32-18 अंको से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

इसके पूर्व 22 अक्टूबर को हुए देर सायंकाल खेले गये मैच में पूर्वोत्तर रेलवे ने शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी रखते हुए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे को 41-22 एवं मध्य रेलवे को 68-25 अंको से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसी तरह दक्षिण रेलवे ने पश्चिम रेलवे को 48-38 अंको से एवं उत्तर रेलवे को 59-48 अंकों से तथा रेलवे सुरक्षा विशेष बल ने मध्य रेलवे को 39-21 अंकों से एवं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे को 43-20 अंकों से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई।

देर सायं सेमीफाइनल का दूसरा मैच दक्षिण रेलवे एवं रेलवे सुरक्षा विशेष बल के मध्य खेला जा रहा है। इस अवसर रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2024 का फाइनल मैच 24 अक्टूबर को सेमीफाइनल की विजेता टीम के मध्य खेला जायेगा तथा विजेता एवं उपजेता टीमों के अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



गोल पोस्ट में बॉल डालने का प्रयास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

शोहरतगढ़/ सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शोहरतगढ़ रेलवे क्रॉसिंग चेतिया मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से बुधवार को एक युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शव की शिनाख्त थानाक्षेत्र शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत महमुदवा ग्रान्ट टोला महमूनवा निवासी 21 बर्षीय जयदीप मौर्य पुत्र सुधाकर मौर्य के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया।

# सूदखोरों का धंधा, बना जानलेवा फंदा

## ब्याज पर रुपए देने वालों ने बना रखा है लंबा रैकेट, दबाव में लोग दे चुके हैं जान

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** ब्याज की रकम में चुका पाने की चलती जान देने की घटनाएं नई नहीं है इससे पहले भी जिले में कई लोग कर्ज के बोझ तले दबकर जान दे चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा संख्या ऐसे लोगों की है जो छोटी-मोटे धंधे करके अपनी जीविका चलाते हैं , अधिकतर ऐसे मामले में शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती है इसी कारण इन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है ।

ब्याज पर पैसा देने वाले सूद खोरों ने जगह-जगह एरिया में अपने रैकेट बना रखे हैं इनमें अधिकांश दबंग किस्म के लोग होते हैं । किसी के पास ब्याज पर रुपए देने का लाइसेंस नहीं है। यदि कोई व्यक्ति समय पर पैसा नहीं लौटा पता है तो उसे प्याज की रकम के साथ जो बनता है देना पड़ता है। जो 10 से शुरू होता है। ऐसे में रुपए लेने वाला व्यक्ति फस जाता है । यदि वह रुपए नहीं चुका पाता तो सूदखोर उसके साथ मारपीट करते हैं। गिरवी रखकर मोटी रकम ब्याज माफिया लेने के लिए व्यक्ति की 10 से 15% का ब्याज देना ही पड़ता है। वह रकम लेकर भाग न जाए इसके लिए उससे पहले ही मकान, दुकान, गहने आदि गिरवी रखे जाते हैं। कीमत उधार लिए रकम से कहीं ज्यादा होती है। यदि व्यक्ति रकम नहीं चुका पाता है तो इतना ब्याज लाद दिया जाता है, कि वह गिरवी रखा सामान सूदखोरों के पास छोड़ना पड़ता है या फिर उसे अपनी जान देकर कीमत चुकानी पड़ती है।

**केस 1 :**
3 अक्टूबर को धनघटा थाना क्षेत्र के मीठना सिठना निवासी सुशील ने सूदखोरों से तंग आकर फांसी के फंदा से लटक गए। उन्होंने अपनी जान दे दी, उसके मोबाइल में धमकी के मैसेज भी मिले, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन मामले की खुलासे में देरी हो रही है जिससे लोगों में आक्रोश है।

**केस -2 :**
मेंहदावल कस्बे में एक साल पूर्व व्यापारी संजय कुमार ने जरूरत के लिए दूसरे व्यापारी से सूद पर पैसा लिया। ब्याज दर लेकर मामला फंस गया और प्रकरण थाने पहुंचा। दोनों पक्षों के बीच कई बार पंचायत भी हुआ। बाद में कुछ स्थानीय लोगों के शामिल होने के बाद ब्याज का पैसा कम करके मामले को सुलझा दिया गया।

**केस -3 :**
जिले के महुली कस्बे में 3 साल पहले एक व्यापारी की बेटे ने आत्महत्या की थी । महुली कस्बे के व्यापारी हरिश्चंद्र के बेटे ने सूदखोरों के जाल में फंसकर 3 साल पहले आत्महत्या कर ली थी। पूरे मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था और आरोपी जेल गए थे। अभी तक आरोपी जेल में है ।

> जिले में कोई यदि सूद का कारोबार कर रहा है तो वह पूरी तरह से अवैध है , यदि किसी के जानकारी में यह मामला आता है तो सूचना दे, ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जाएगी
> – जय प्रकाश, एडीएम वित्त एवं राजस्व

# डीएम ने दिए रैंकिंग सुधारने के निर्देश

संवाददाता कुशीनगर।



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को देर सायं सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने अच्छे कार्य करने वाले विभाग अध्यक्षों की जहां सराहना की वहीं रैंकिंग प्राप्त करने वाले विभागाध्यक्षों के कार्यों की सराहना की व रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि शिथिलता या लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित नहीं हों इसके लिए पूरी तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें। विभागीय पोर्टल पर आवेदकों के लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के भी निर्देश दिया।कहा कि सितंबर माह की रैंकिंग के अंतर्गत डे एनआरएलएम बैंक लिंकेज, बीसी सखी , जल जीवन मिशन,पर्यटन विभाग की स्टेट सेक्टर की योजनाओं, पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत नई सड़कों के निर्माण के लक्ष्यों में रेटिंग खराब होने पर नाराजगी जताई।इसके अलावा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री आवास,जिला पंचायत राज विभाग,मध्यान भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति आदि को लेकर प्रोत्साहित करने एवं क्रियाशील करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी तथा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को फैमिली आईडी बनाने तथा उसके बनने से आम जनमानस को होने वाले लाभ के बारे में शासनादेश का विस्तारपूर्वक अध्ययन कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान । जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि जिनका एनपीसीआई तथा आधार पेंडिंग दिखा रहा उनकी सूची बना लें तथा उनके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर उन लाभार्थियों को लाभ दिखाने का प्रयास करें।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

**कुशीनगर, अमृत विचार।** जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा 2024 वर्षा काल में रोपित किए गए पौधों व उनकी सुरक्षा हेतु तार फेंसिंग, आयरन ट्री गार्ड को लेकर जानकारी दी। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत रोपित किए गए पौधों, बनाए गए स्मृति वनों, आयुष वनों, मित्र वन, कुश वन आदि की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण स्थलों की जियो टैगिंग शत प्रतिशत होनी चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हों, सभी अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें।समीक्षा बैठक में डीएफओ वरुण , जिला विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा, डीईएसटीओ श्रवण कुमार सिंह, संदीप , जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र, डीसी मनरेगा राकेश, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापकों ने ली बेहतर शिक्षा की शपथ

मेंहदावल

**अमृत विचार।** शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने ब्लाक सभागार में प्रधानाध्यापकों संग मासिक बैठक कर विचार किया। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले प्रभारी प्रधानाध्यापकों/ प्रधानाध्यापकों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपने स्कूलों पर अधूरे कामों को पूरा कर लें। बैठक में प्रधानाध्यापकों ने ब्लॉक को निपुण बनाने ने का शपथ लिया।

उन्होंने कहा कि हमारे हाथों में देश के भविष्य को बनाने का जिम्मा है। हमें ईमानदारी से काम करने की जरूरत है। आज के बच्चे ही कल को देश का भविष्य हैं। जिन्हें आठ वर्ष में शिक्षकों को शिक्षा रुपी कुछ बेहतर देना है। इसके लिए हमें अपने हर काम को बेहतर तरीके से अंजाम देना है।

बैठक में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने, एन एएस और एनएटी, कक्षा नौ में नवोदय प्रवेश आवेदन फॉर्म भरने, विद्याज्ञान के लिए फॉर्म, अभिभावक संपर्क और जागरुकता, विद्यालय परिवार की बैठक, पुस्तकालय प्रयोग, मिशन प्रेरणा, कायाकल्प, मिड-डे मील, डीबीटी, यूडाएस, कंपोजिट ग्रांट, टीएलएम, ऑनलाईन अवकाश, निपुण तालिका लक्ष्य, दूध, फल व खाद्यान्न, प्रिंट रिच मटेरियल जैसे बिंदुओं पर योजनाओं की समीक्षा की। अध्यापकों के लिए अवकाश संबंधित मानव संपदा पोर्टल की भी समीक्षा की। उन्होंने अध्यापकों से प्रेरणा लक्ष्य ऐप भी अधिक से अधिक संख्या में डाउनलोड करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने गांव में जाकर बच्चों को शिक्षा के लिए जागरूक करने के लिए कार्यक्रम करने के निर्देश दिए। शिक्षकों ने शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति दर्ज कराने की हामी भरी। इस अवसर पर वशिष्ठ प्रसाद, प्रेमनाथ पांडेय, रामहरि सिंह,अनूप सिंह, राज, नृपेंद्र त्रिपाठी, राकेश कुमार सिंह, समीउल्लाह, सरवरे आलम, चंद्रप्रकश, जुबेर अहमदअंसारी, मयंका शेखर गुप्ता, लक्ष्मी देवी समेत कई मौजूद रहे।

# बालिका से दुष्कर्म के आरोपी पर लगा एनएसए

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने 6 वर्षीया बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की है। दुधारा पुलिस ने आरोपी मुहम्मद नजीर उर्फ झिन्ना के खिलाफ पाक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने बीते 6 सितम्बर को बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की मां ने 7 सितम्बर को दुधारा पुलिस को तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। घटना के बाद तनाव उत्पन्न हो गया था। इसके चलते घटनास्थल पर दुधारा समेत कई थानों की पुलिस फोर्स ने कई दिनों तक तैनात रहकर स्थिति को नियंत्रित किया था। डीएम और एसपी समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था। दुधारा पुलिस ने 7 सितम्बर को ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। विवेचना के दौरान समुचित साक्ष्य संकलन कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। डीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

# भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें लोग

संवाददाता कुशीनगर।



**अमृत विचार:** बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर डॉ केएस प्रताप कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर आनन्द कुलकर्णी की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों धनतेरस, दीपावली व छठ पूजा को लेकर धर्मगुरुओं,सम्भ्रान्त व्यक्तियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई।

आयोजित बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा समस्त धर्म गुरुओं से एवं जनपद के सभी आमजनों से शान्तिपूर्ण एवं भाई-चारे के साथ रहते हुए त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने की अपील की गयी। बताया गया कि किसी प्रकार के भ्रामक संदेश प्रसारित न करें और भ्रामक संदेश प्राप्त होने पर तुरन्त नजदीकी पुलिस को सूचित करें। जनपद की पुलिस सोशल मीडिया सेल बारीकी से सोशल मीडिया की निगरानी कर रही है और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर जनपदीय पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, व अन्य उपस्थित रहे।

# मनरेगा कार्य में फर्जीवाड़ा का आरोप

**संतकबीरनगर , अमृत विचार ।** सांथा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुड़िला कला में खड़ंजा पर मिट्टी पटाई का कार्य चल रहा है। जिसमें पहला प्रोजेक्ट– तसव्वर के खेत से यासीन के खेत तक खड़ंजा के दोनों तरफ मिट्टी पटाई कार्य व दूसरा प्रोजेक्ट– मोबीन के खेत से सुखई के खेत तक खड़ंजा के दोनों तरफ पटरी पर मिट्टी पटाई कार्य। लोगो के अनुसार मनरेगा योजना के तहत फर्जी मास्टर रोल निकाल कर मनरेगा श्रमिकों का फर्जी तरीके से हाजिर लगवा कर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है । वहीं मनरेगा गाइडलाइन की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए सांथा ब्लाक के कुछ ग्राम प्रधान ,रोजगार सेवक एवं मनरेगा मेट द्वारा मनरेगा योजना में जमकर फर्जीवाड़ा चल रहा है जिसे देखकर भी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी इसे जान कर भी नजर अंदाज कर रहे हैं।

# एरियर के रूप में मिलेगी ओआरओपी

संवादाता, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने किया।

बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम अपर जिलाधिकारी एवं उपस्थित अन्य समस्त अधिकारी/पूर्व सैनिक का हार्दिक स्वागत, अभिनन्दन किया तत्पश्चात् पिछली सैनिक बन्धु की बैठक की समीक्षा भूतपूर्व सैनिक रमाकान्त, कल्याण संयोजक द्वारा किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद के शहीद सिपाही सत्यवान सिंह, वीर चक (मरणोपरान्त) की मूर्ति के बारे में, शहीद द्वार, ईसीएचएस/ इम्पैनल्ड अस्पताल, एनसीसी बटालियन की स्थापना एवं शहीद स्थल हेतु आगणन के प्रोग्रेस के बारे विस्तार से चर्चा किया । जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं विश्राम गृह के प्रोग्रेस यूपीसिडको का कोई प्रतिनिधि उपस्थित न होने के कारण विल्डिंग का प्रोग्रेस नहीं बताया जा सका। स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए पूर्व सैनिकों हेतु बजट पर चर्चा किया गया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने परेड हेतु रूचि दिखाई। कलेक्ट्रेट, संत कबीर नगर हेतु युद्ध टैंक पर चर्चा किया गया जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस विषय पर जिलाधिकारी के साथ विचारोंपरान्त अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

सभागार में उपस्थित समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को बताया कि यदि किसी का ओ.आर.ओ.पी. अभी तक नहीं आया है तो उसे एरियर के रूप में मिल जायेगा साथ ही साथ बताया गया कि पी.सी.डी.ए. प्रयागराज से स्पर्श टीम के लिए निमंत्रण देकर बुलायेगें और जिसका भी पेन्शन से सम्बन्धित समस्या होगा उसे निस्तारित किया जायेगा।

# प्रैक्सिस विद्यापीठ की छात्राओं को पुलिस ने किया जागरूक

रुधौली, बस्ती

**अमृत विचार।** मिशन महिला शक्ति योजना के तहत एक कार्यक्रम में प्रैक्सिस विद्यापीठ रुधौली की छात्राओं को जागरूक करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने छात्राओं को डिजिटल अपराधो व ठगी से बचने व व्यक्तिगत सुरक्षा से संबंधित बाते बतायी। निदेशक सुशांत पांडेय ने कहा कि आज के समय मे लड़कियां हर क्षेत्र मे अपना परचम लहरा रही है। वर्तमान में हर स्तर पर स्त्रियों में सुधार का प्रयास किया जा रहा है फल स्वरुप आज जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओ ने पदार्पण कर लिया है तथा देश का भाग्य बदलने में सहायक सिद्ध हो रही है। संस्था के प्रबंधक ने बताया कि देश की तमाम ऐसी बेटियां हैं जिन्होंने अपना नाम रोशन किया जैसे साक्षी मलिक, कल्पना चावला, सानिया मिर्जा ,आपला घोष, लोपामुद्रा आदि, हमें इनके पदचिह्नों पर चलकर इनका अनुसरण और अनुकरण करना चाहिए। इसलिए बहन बेटियों को पूर्ण रूप से शिक्षित करें ये वो देवी हैं जो वास्तव में आंगन का श्रृंगार होती हैं ।

# सहभागिता से शिक्षण स्तर में सुधार संभव

संवादाता, मेंहदावल।

**अमृत विचार।** ब्लॉक परिसर में बुधवार को ग्राम प्रधान व निकाय सदस्यों की ब्लॉक स्तरीय जागरूकता संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों व निकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न कार्यशाला में मुख्य अतिथि बीडीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव रहे। संगोष्ठी में प्रतिभागियों को स्थानीय निकाय और शिक्षा विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटरों से विद्यालयों को संतृप्त करने और निपुण भारत कार्यक्रम, डीबीटी के विषय पर प्रमुखता से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से शिक्षण स्तर में काफी सुधार संभव हो सकता है। जब गांव में प्रधान शिक्षा की ज्योति जलाने के लिए अग्रसर होंगे तो निश्चित ही शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। एडीओ पंचायत राजेश पांडेय ने बताया आज पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम प्रधान और शिक्षा विभाग का समन्वयन बैठक शिक्षा को एक नई गति और व्यापक सुधर देगा। शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हम लोग यहां इकट्ठा हुए हैं। एआरपी गिरिजेश पति त्रिपाठी ने निशुल्क शिक्षा व बाल अधिकार विषय पर जानकारी दी। विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों व शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एआरपी वशिष्ठ प्रसाद, गिरिजेश पति त्रिपाठी, प्रेमनाथ पांडेय और रामहरि सिंह द्वारा सहयोग किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामप्रकाश पांडेय ने किया। कार्यशाला में राकेश कुमार सिंह, सीमा सिंह, निशांत राय, कमलेश चंद्र त्रिपाठी, अनूप सिंह, प्रेम प्रकाश दूबे, अजयनाथ मिश्र, नृपेंद्र त्रिपाठी, सर्वेश त्रिपाठी, वैभव कुमार शुक्ल, सुरेश चंद्र, संजय गांधी, सुनील शुक्ल, प्रफुल्ल त्रिपाठी, सरवरे आलम, लक्ष्मी देवी, विपिन कुमार सिंह, अजय, आशुतोष सिंह, प्रशांत कश्यप, रजनीश कुमार शुक्ल और 116 स्कूलों प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक व ग्राम पंचायतों से ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य और नगर पंचायत के वार्ड सभासद गण मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत अधिकारियों का किया स्वागत

संवादाता, संतकबीरनगर।



नए ग्राम पंचायत अधिकारियों का स्वागत करते संघ के जिलाध्यक्ष व महामंत्री ।

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायतों के विकास की धुरी ग्राम पंचायत अधिकारी संघ कार्यालय में बुधवार को 16 नवागत ग्राम पंचायत अधिकारियों का स्वागत किया गया।

जिले के विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए शासन ने जनपद में नए 16 ग्राम पंचायत अधिकारियों को प्रथम नियुक्ति पर तैनात किया। सभी ने कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई। बाद में सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों को जिले के ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष क्षितिज चौधरी ने संघ के कार्यालय पर आमंत्रित किया। जिलाध्यक्ष और महामंत्री सतीश मौर्य ने सभी नवागत अधिकारियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह कबीर जैसे महान संत को सच्चाई के मार्ग पर चल कर बड़ा संघर्ष करना पड़ा वैसे ही आप सभी को ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए जूझना पड़ेगा। जिला महामंत्री सतीश मौर्य ने सभी नवागत ग्राम पंचायत अधिकारियों को सलाह दिया कि अपने कार्य क्षेत्र में कभी भी भावनाओं के समंदर में न बहे, हमेशा शासन और जिम्मेदार अधिकारियों के लिखित दिशा निर्देशों का ईमानदारी से पालन सुनिश्चित कराएं। नियम संगत कार्य करते हुए किसी भी कर्मचारी के खिलाफ अन्याय नहीं होने पाएगा।

# युवा उत्सव एवं साइंस मेले का आयोजन

संवाददाता, संतकबीरनगर



मेले में छात्रों का प्रोजेक्ट देखते डीडीओ । अमृत विचार

**अमृत विचार।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन विकास भवन स्थित डीपीआरसी हाल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विकास अधिकारी सुरेश चंद्र केसरवानी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिला विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को युवा कल्याण विभाग एवं अन्य मंच पर मिले अवसर का पूरा लाभ उठाने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में निःसंकोच भाव से प्रदर्शन करना चाहिए।

युवा उत्सव में मुख्य रूप से सामूहिक लोक गीत, एकल लोक गीत, सामूहिक लोक नृत्य व एकल लोक नृत्य तथा जीवन कौशल के अंतर्गत कहानी लेखन , चित्रकारी, कविता लेखन, भाषण का आयोजन किया । इसके अतिरिक्त नवाचार के क्षेत्र को प्रदर्शित करने के लिए साइंस मेले का भी आयोजन किया गया। सामूहिक लोक गीत और लोक नृत्य में प्रभा देवी डिग्री कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल लोक नृत्य में अनामिका ने प्रथम स्थान, एकल लोक गीत में पारस गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जीवन कौशल अंतर्गत कविता लेखन में लक्ष्मी यादव, चित्रकारी में निधि, कहानी लेखन में अंजू तिवारी और डिक्लमेशन में अंजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साइंस मेले में समूह में एमएमआईटी पॉलिटेक्निक बघौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत में अजय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल अधिकारी रामप्रताप सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर क्षेत्रिय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी आराधना दिवेदी, मुकेश गुप्ता, रितेश वर्मा तथा गोरख, प्रदीप, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित विद्यालय की छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# 41 बड़े बकायेदारों की काटी बिजली

संवाददाता, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार:** अधिशाषी अभियंता विद्युत राजेश कुमार ने बताया है कि उपखण्ड अधिकारी हरिहरपुर मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में महुली मार्केट में कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमे 55 उपभोक्ताओं द्वारा 1.80 लाख रूपये राजस्व जमा कराया गया अवर अभियन्ता द्वारा 41 बड़े बकायेदारों की बिजली काटी गयी।

उन्होंने बताया कि उपखण्ड अधिकारी हैंसर लक्ष्मण मिश्रा के द्वारा हैंसर विद्युत उपकेन्द्र पर कैम्प लगाया गया जिसमे 38 विद्युत उपभोक्ताओं का बिल संसोधन किया गया एवं 59 उपभोक्ताओं द्वारा 1.50 लाख रुपये जमा कराये गये। 35 उपभोक्ताओं द्वारा बकाया जमा न करने के कारण लाइन काटी गयी। उपखण्ड अधिकारी धनघटा कौशल किशोर द्वारा भी कैम्प का आयोजन किया जिसमें 144 उपभोक्ताओं 3.10 लाख रुपये राजस्व वसूली की गयी तथा 32 उपभोक्ताओं की लाइन विच्छेदित की गयी। उपखण्ड अधिकारी खलीलाबाद टाउन द्वारा बताया गया कि गोला बाजार, गाँधी नगर एवं बाइपास पर चेकिंग अभियान चला कर 6.53 लाख रूपये बकाये में 32 कनेक्शन काटे गये एवं 42 उपभोक्ताओं द्वारा 5.72 लाख रुपये जमा कराये गये। 12 उपभोकाओ का कुल 13 किलोवाट लोड बढ़ाया गया एवं उपखण्ड अधिकारी मगहर मनोज कुमार के नेतृत्व में 52 उपभोक्ताओं की बकाया राशि जमा न करने के कारण लाइन विच्छेदित की गयी तथा 58 उपभोक्ताओं से 2.50 लाख रुपये राजस्व वसूली की गयी।

## सार-संक्षेप

### पथराव मामले में 28 आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**कुशीनगर,अमृत विचार ।** पडरौना शहर के छावनी मोहल्ले में बीते दिनों दुर्गा प्रतिमा पर पथराव और युवकों की पिटाई के मामले में गिरफ्तार 28 आरोपियों की जमानत अर्जी जिला जज ने खारिज कर दी है । पडरौना कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की तत्काल बाद छापेमारी कर 28 आरोपियों को गिरफ्तार कर विधि कार्रवाई के बाद जेल भेजा था ।

### लोक विधाओं के संरक्षण को सबका साथ जरूरी : नितेश



**बस्ती,अमृत विचार :** बुधवार को महादेवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम थरौली में युवा विकास समिति द्वारा कल्चर फंक्शन प्रोडक्शन ग्रांट के तहत संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित अवधी भोजपुरी नाट्य उत्सव, लोक गायन व लोक नृत्य का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ । कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता नितेश शर्मा ने किया । उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि हमारा देश लोक कला और संस्कृति के मामले में बहुत ही समृद्ध रहा है । हमारे लोक संगीत और नृत्य हमारी समृद्द सांस्कृतिक परम्परा के घोतक हैं । मुख्य अतिथि ने कहा भारतीय लोक विधाओं नें भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के क्रांतिकारियों में ऊर्जा का संचार करने का काम किया स्वतंत्रता में अवधी भोजपुरी नाट्य व लोक गायन की भी अहम भूमिका रही है । ऐसे लोक विधाओं के संरक्षण के लिए सभी को आगे आने की जरुरत है । नितेश शर्मा ने कहा कि हमारी कई लोक कलाएं विलुप्त होने की स्थिति में पहुंच चुकी हैं । ऐसे में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर उनका संरक्षण किया जा सकता है ।

### जिला जज ने किया रुधौली ग्राम न्यायालय का उद्घाटन



**रुधौली, बस्ती,अमृत विचार ।** जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना द्वारा रुधौली तहसील परिसर में स्थापित ग्राम न्यायालय का फीता काट कर विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश श्री सक्सेना ने शिला पट का अनावरण भी किया । श्री सक्सेना ने सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्राम न्यायलायो के स्थापना के उपरान्त स्थानीय स्तर पर मुकदमो का निस्तारण सुलभ हो सकेगा । दूसरे जो वाद जनपद स्तर पर थे उन वादों में कमी भी आएगी । उन्होंने अपेक्षा किया है कि रुधौली बार एसोसिएशन के अधिवक्ता गण और ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी समन्वय बनाकर वादों के निस्तारण में सहयोग करेंगे । जनपद न्यायाधीश श्री सक्सेना द्वारा न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया । इस मौके पर अपर जिला जज शिव चन्द , एडीजे एफटीसी प्रथम प्रमोद कुमार गिरी , एडीजे एफटीसी विजय कुमार कटियार, विधिक सेवा प्रधिकरण अनिल कुमार , सिविल जज सीनियर डिवीजन अमित मिश्रा , एसीजेएम अर्पिता यादव, ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी सरफराज अहमद, जवाइंट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी शाहिद अहमद, क्षेत्राधिकारी स्वर्णिमा सिंह, एसडीएम न्यायिक मनोज प्रकाश, नायब तहसीलदार नीरज कुमार सिंह, केंद्रीय नाजिर अमित श्रीवास्तव, कोर्ट मैनेजर रामजी यादव, प्रदीप कुमार, निशांत कुमार चौधरी, उमेश चंद्र जायसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद, एडवोकेट पारसनाथ पाण्डेय, रमेश सिंह, दुर्योधन आर्य, हरिश्चंद्र शर्मा, प्रमोद कुमार सिंह, ओम प्रकाश आजाद, रमेश भट्ट आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे ।

### शिक्षकों ने ब्लॉक को निपुण बनाने की ली शपथ

मेंहदावल । शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने ब्लाक सभागार में प्रधानाध्यापकों संग मासिक बैठक कर विचार किया । उन्होंने लापरवाही बरतने वाले प्रभारी प्रधानाध्यापकों/ प्रधानाध्यापकों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपने स्कूलों पर अधूरे कामों को पूरा कर ले । बैठक में प्रधानाध्यापकों ने ब्लॉक को निपुण बनाने ने का शपथ लिया । उन्होंने कहा कि हमारे हाथों में देश के भविष्य को बनाने का जिम्मा है । हमें ईमानदारी से काम करने की जरूरत है । आज के बच्चे ही कल को देश का भविष्य हैं । जिन्हें आठ वर्ष में शिक्षकों को शिक्षा रुपी कुछ बेहतर देना है । इसके लिए हमें अपने हर काम को बेहतर तरीके से अंजाम देना है । बैठक में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने, एन एएस और एनएटी, कक्षा नौ में नवोदय प्रवेश आवेदन फॉर्म भरने, विद्याज्ञान के लिए फॉर्म, अभिभावक संपर्क और जागरुकता, विद्यालय परिवार की बैठक, पुस्तकालय प्रयोग, मिशन प्रेरणा, कायाकल्प, मिड–डे मील, डीबीटी, यूडाएस, कंपोजिट ग्रांट, टीएलएम, ऑनलाईन अवकाश, निपुण तालिका लक्ष्य, दूध, फल व खाद्यान्न, प्रिंट रिच मटेरियल जैसे बिंदुओं पर योजनाओं की समीक्षा की । अध्यापकों के लिए अवकाश संबंधित मानव संपदा पोर्टल की भी समीक्षा की

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला11500–12500 मूँगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 81,150 |
| सोना रवा | 81,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 40, 500 |
| चांदी तैयार | 99,700 |
| चांदी (999) | 99,600 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 90,500 |

# भारत ब्रांड का विस्तार, सब्सिडी वाले साबुत चने, मसूर दाल की भी बिक्री

### केंद्र सरकार ने बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए लिया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने बुधवार को सब्सिडी वाली दालों के विस्तार की घोषणा की। अब सरकार बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने को भारत ब्रांड के तहत साबुत चना और मसूर दाल की भी बिक्री करेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि सहकारी नेटवर्क भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) व केंद्रीय भंडार के जरिये साबुत चना 58 रुपये और मसूर दाल 89 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जाएगा। जोशी ने इस पहल के दूसरे चरण को भी पेश किया।



- खाद्य मंत्री ने कहा- साबुत चना 58 व मसूर 89 रुपये प्रति किलो बिकेगा
- सहकारी समितियों को तीन लाख टन चना और 68,000 टन मूंग आवंटित

सरकार ने सहकारी समितियों को तीन लाख टन चना और 68,000 टन मूंग आवंटित किया है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के राज्यमंत्री बी. एल. वर्मा और निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया भी उपस्थित रहे। एनसीसीएफ की प्रबंध निदेशक अनीस जोसेफ चंद्रा ने कहा कि वितरण दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से शुरू होगा। 10 दिन में इसके विस्तार की योजना है। प्रथम चरण में वर्तमान दरें गेहूं के आटे के लिए 30 रुपये प्रति किलो (27.50 रुपये से ऊपर), चावल 34 रुपये प्रति किलो (29 रुपये से अधिक), चना दाल 70 रुपये प्रति किलो (60 रुपये से ऊपर) हैं। मूंग दाल तथा मूंग साबुत क्रमशः 107 और 93 रुपये प्रति किलो है। सरकार प्याज 35 और टमाटर 65 रुपये प्रति किलो की दर बनाए रखने की कोशिश कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने इस वर्ष दालों के बेहतर उत्पादन की उम्मीद जतायी है क्योंकि सरकार ने दालों के समर्थन मूल्य में काफी वृद्धि की है।

# चांदी के खरीदारों की भी चांदी, भाव शिखर पर

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार :** भाव के मामले में चांदी भी सोने को जबरदस्त टक्कर देती दिख रही है। एक साल पहले 73 हजार रुपये किलो वाली चांदी अब एक लाख, एक हजार, पांच सौ रुपये पार कर गई है। यानि 26% मुनाफा, जो किसी भी निवेश से ज्यादा है। यही कारण है कि निवेशकों का रुझान सोने के साथ चांदी पर भी है।

मजबूत औद्योगिक और त्योहारी मांग से चांदी रोज रिकार्ड तोड़ रही है। पांच साल पहले 2018 में 39 हजार 500 रुपये किलो वाली चांदी अब एक लाख, एक हजार, 500 रुपये पर पहुंच गई। यानि ढाई गुना तक मुनाफा। बैंक एफडी पर अधिकतम 8.5% और म्यूचुअल फंडों में 20 से 25% ही मुनाफा हुआ। बीमा कंपनियां और भविष्य निधि से भी इतना ब्याज नहीं मिलता। चांदी की चाल बता रही है कि फिलहाल भाव चढ़ने की यही गति रहने वाली है।



- एक साल में दाम 28 हजार रुपये किलो बढ़े, 26% मुनाफा
- जबरदस्त रिटर्न दे रही यह सफेद चमकीली धातु, निवेशक दौड़े

चांदी के आभूषण खरीदने वाले कम हैं, लेकिन निवेश की दृष्टि से ठोस चांदी का सौदा बड़े पैमाने पर हो रहा है। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री रामकिशोर मिश्रा का कहना है कि विश्व की करेंसी तो सोना और चांदी ही मानी जाती है। पश्चिम एशिया में तनाव से बड़े पैमाने कर इन धातुओं की खरीद हो रही है। निवेशकों में भी खरीद की होड़ है। आर्यनगर के सराफा कारोबारी राजेंद्र शुक्ला का कहना है कि सोने में तेजी से अब आम आदमी चांदी की तरफ रुख कर रहा है। आभूषण कारोबारी श्रेयांश कपूर ने बताया कि धनतेरस और दिवाली में ग्राहकों के लिए लकी ड्रा और कई स्कीम लाई जा रही हैं। चांदी के पायल, बर्तन और मूर्तियों की बिक्री दिवाली के दौरान ज्यादा होती है।

### ऐसे बढ़े चांदी के दाम

2018 में 39500, 2019 में 46300, 2020 में 65500, 2021 में 68100, 2022 में 57100, 2023 में 73000 और 2024 अक्टूबर में 1,01,500 रुपये प्रति किलो। विशेषज्ञ अनुमान के मुताबिक एक साल बाद चांदी एक लाख 20 हजार रुपये तक पहुंच सकती है ।

### सोने के तेवर बरकरार, बना रहा रिकॉर्ड

सोना 80 हजार 400 रुपये प्रति 10 ग्राम पार कर गया है। यही हालात रहे तो साल बाद एक लाख पहुंच सकता है। निवेशकों का रुझान सोने पर और भी ज्यादा है। पिछले साल 62 हजार प्रति 10 ग्राम का सोना अब 80 400 रुपये पर आ पहुंचा है। सोने में एक साल में 30 प्रतिशत रिटर्न मिला है।

### चांदी का सिक्का 1100, अभी बढ़ सकते हैं दाम

धनतेरस और दिवाली में चांदी के सिक्के खूब खरीदे जाते हैं। अंग्रेजों के ज़माने के सिक्के अब कम ही मिलते हैं। ज्यादातर ढले सिक्के बेचे जाते हैं। अभी 10 ग्राम का सिक्का 1100 का है। चांदी के साथ सिक्के के भाव भी बढ़ेंगे। चांदी के लक्ष्मी–गणेश पांच हजार से एक लाख तक के हैं। चांदी के बर्तनों का सेट (प्लेट, गिलास, कटोरी, आरती, चम्मच... कुल 700 से 800 ग्राम) 85 से 95 हजार रुपये में मिल सकता है। चांदी के साथ इनके भी दाम बढ़ेंगे।

## बायजू पर दिवाला कार्यवाही रोकने वाले एनसीएलएटी का आदेश रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के उस फैसले को बुधवार को रद कर दिया, जिसमें उसने संकटग्रस्त शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक लगा दी गई थी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने एनसीएलएटी के उस आदेश को भी पलट दिया, जिसमें बायजू को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान को मंजूरी दी गई थी।

# दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश की वृहद आर्थिक बुनियाद अच्छी है। आईएमएफ में एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने कहा कि हम भारत की 2024-25 में 7% की वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसे ग्रामीण खपत में सुधार से समर्थन मिलेगा क्योंकि फसलें अनुकूल रही हैं। खाद्य कीमतों के सामान्य होने के बावजूद 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.4% रहने की उम्मीद है।



- खाद्य कीमतों के सामान्य होने के बावजूद 2024-25 में मुद्रास्फीति 4.4% रहने की उम्मीद

अन्य बुनियादी बातों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि चुनाव के बावजूद राजकोषीय समेकन पटरी पर है। रिजर्व' की स्थिति काफी अच्छी है। भारत के लिए सामान्य तौर पर वृहद बुनियादी बातें अच्छी हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि चुनाव के बाद देश की सुधार संबंधी प्राथमिकताएं तीन क्षेत्रों में होनी चाहिए। पहली तो यह कि भारत में रोजगार सृजन को लेकर कई सवाल खड़े हैं।

2019-20 में स्वीकृत श्रम संहिताओं को लागू करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए श्रम बाजारों को मजबूत बनाने का मौका देगी। दूसरी बात यह है कि यदि आप प्रतिस्पर्धी बनना चाहते हैं, तो आपको कुछ व्यापार पाबंदियों को हटाना होगा, क्योंकि जब आप व्यापार को उदार बनाते हैं, तो आप उत्पादक कंपनियों को जीवित रहने की अनुमति देते हैं। वहां अधिक प्रतिस्पर्धा है और यह नौकरियां सृजन कर सकता है। यह महत्वपूर्ण है कि अधिक व्यापार पाबंदियां हटाई जाएं।

### सुधारों को जारी रख बुनियादी ढांचे को करें मजबूत

श्रीनिवासन ने कहा कि सुधारों को जारी रखें बुनियादी ढांचे को मजबूत करें, चाहे वह भौतिक ढांचा हो या डिजिटल। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह इसी के साथ जारी रहेगा। इससे आगे बढ़कर आपको कृषि तथा भूमि सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। आपको शिक्षा और कौशल को मजबूत करने के बारे में सोचना होगा। कार्यबल के कौशल में निवेश की जरूरत पर श्रीनिवासन ने कहा कि एक ऐसी अर्थव्यवस्था जो सेवा क्षेत्र में काफी अधिक नौकरियों का सृजन कर सकती है, सही कौशल होना महत्वपूर्ण है। इसलिए, शिक्षा में निवेश करना, श्रम बलों को कुशल बनाना बहुत महत्वपूर्ण है।

# सूक्ष्म वित्त संस्थान अंधाधुंध कर्ज देने से बचें: वित्तीय सेवा सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बुधवार को कहा कि छोटी राशि के कर्ज देने वाले वित्तीय संस्थानों (एमएफआई) ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन उन्हें अंधाधुंध ऋण देने से बचना चाहिए। सा-धन के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हम सभी को इससे सावधान रहना चाहिए। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) या संयुक्त रूप से कर्ज लेने वाले समूहों (जेएलजी) को बिना सोचे या जोखिम से निपटने के लिए नियमों का कड़ाई से पालन किए बिना ऋण देने से इस क्षेत्र को नुकसान होगा। जो कुछ भी उनकी भुगतान करने की क्षमता को प्रभावित करेगा, वह वास्तव में एमएफआई को नुकसान पहुंचाएगा। हमें सावधान रहना चाहिए कि हम क्या, कब और कैसे कर्ज देते हैं। इसका कारण उनकी वित्तीय साक्षरता सीमित है हमें उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए।



- छोटी राशि के कर्ज देने वाले एमएफआई की वित्तीय समावेशन में अहम भूमिका

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### बाबा सिद्दीकी की हत्या में हुई 11वीं गिरफ्तारी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में बुधवार को एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या 11 हो गई है। आरोपी की पहचान अमित हिसामसिंह कुमार (29) के रूप में हुई है और अन्य आरोपियों से पूछताछ के दौरान अपराध में उसकी भूमिका सामने आने के बाद उसे हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया गया। सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके बेटे व विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांचकर्ताओं को अभी हत्या का मकसद पता नहीं चल पाया है। वे अलग–अलग पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं, जिसमें सुपारी लेकर हत्या, कारोबारी प्रतिद्वंद्विता या मुंबई में झुग्गी पुनर्वास परियोजना को लेकर उन्हें मिली धमकियों से जुड़े पहलू शामिल हैं।

### मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के छह उग्रवादियों को इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार ये उग्रवादी अवैध हथियारों की खरीद–फरोख्त और जबरन वसूली में लिप्त थे। अधिकारियों ने उनके कब्जे से चार पहिया वाहन, दो दोपहिया वाहन, छह मोबाइल फोन और कुल 3,88,950 रुपये बरामद किए। एक अलग अभियान में, चुराचांदपुर जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने दो देसी पिस्तौल, दो इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, गोलियां, एक पिस्तौल और तीन हथगोले बरामद किए। बोंगबल गांव के पास लामजांग वन पर्वतीय क्षेत्र में एक अन्य तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक राइफल, एक सिंगल बैरल (12 मिमी) बन्दूक और गोला बारूद बरामद किए।

### छोटा राजन की उम्रकैद की सजा निलंबित, जमानत

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के संबंध में गैंगस्टर छोटा राजन को दी गई उम्रकैद की सजा बुधवार को निलंबित कर दी और मामले में उसे जमानत दे दी। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की खंडपीठ ने राजन को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी। राजन अन्य आपराधिक मामले के संबंध में अभी जेल में ही रहेगा। इस साल मई में एक विशेष अदालत ने राजन को होटल व्यवसायी की हत्या के मामले में दोषी ठहराया था और उसे उम्रकैद की सजा सुनायी थी। राजन ने सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में एक अपील दाखिल की थी।

# वैवाहिक दुष्कर्म पर सुनवाई नहीं कर पाएंगे पूरी

### 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं सीजेआई चंद्रचूड़, सुनवाई चार सप्ताह के लिए टाली गई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने वैवाहिक दुष्कर्म के मामलों में पतियों को दी छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई बुधवार को चार सप्ताह के लिए टाल दी। सीजेआई 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। शुरुआत में प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ ने वकीलों से पूछा कि अलग-अलग दलील पेश करने को उन्हें कितना समय चाहिए। पीठ ने याचिकाओं पर 17 अक्टूबर को सुनवाई की थी।

एक पक्ष के अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि उन्हें दलीलें पूरी करने के लिए एक दिन का वक्त लगेगा क्योंकि ऐसे महत्वपूर्ण विषय में विस्तृत दलीलों को वह संक्षिप्त नहीं करना चाहते। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, महाराष्ट्र सरकार के अधिवक्ता राकेश द्विवेदी और महिला की पैरवी कर रहीं अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने भी कहा कि उन्हें दलील पूरी करने के लिए एक-एक दिन का वक्त चाहिए। शीर्ष अदालत दिवाली की छुट्टियों के लिए 26 अक्टूबर को बंद हो रही है और चार नवंबर को खुलेगी। ऐसे में, इस मामले की सुनवाई करने और फैसला सुनाने को प्रधान न्यायाधीश के पास पांच दिन बचेंगे। सीजेआई ने कहा कि यदि इस हफ्ते दलीलें पूरी नहीं होती हैं तो निर्णय सुना पाना मुश्किल होगा क्योंकि वह 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



- पतियों को दी छूट को चुनौती की याचिकाओं पर हुई सुनवाई
- पीठ ने वकीलों से पूछा कि दलील के लिए कितना समय चाहिए
- सभी पक्षों के वकीलों ने मांगा एक दिन का समय

### याचिकाओं को अन्य पीठ में किया जाए सूचीबद्ध

शीर्ष अदालत ने कहा कि हमारा मानना है कि भविष्य में सुनवाई पूरी करना संभव नहीं होगा। याचिकाओं को चार सप्ताह बाद किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। शंकरनारायण ने कहा कि हमें अफसोस है। हम इसे जारी रखना चाहते हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि केंद्र का कहना है कि विवाह सहमति की अवधारणा को समाप्त नहीं करता, लेकिन वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में डालने के लिए मामले का विभिन्न दृष्टिकोणों से आकलन करना होगा। एक याचिकाकर्ता की अधिवक्ता करुणा नंदी ने कहा कि याचिका करोड़ों महिलाओं के बारे में हैं और इसकी अत्यधिक तात्कालिकता है। उन्होंने दलील दी कि सीजेआई सुनवाई जारी रखें क्योंकि उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्णय सुनाए हैं। पीठ ने 17 अक्टूबर को कहा था कि यह आईपीसी और बीएनएस के उन दंडात्मक प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर निर्णय करेगी, जो पत्नी के नाबालिग नहीं होने पर उससे जबरन यौन संबंध बनाने पर दुष्कर्म के अपराध के लिए पति को अभियोजन से छूट प्रदान करते हैं।

## पीएसी की बैठक में पेश हो सकती हैं माधवी बुच

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच गुरुवार को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष पेश हो सकती हैं। बैठक के हंगामेदार रहने के आसार हैं क्योंकि भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे पहले ही समिति अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल पर राजनीति से प्रेरित होकर कदम उठाने का आरोप लगा चुके हैं। बैठक में नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा के लिए समिति के निर्णय के हिस्से के रूप में वित्त मंत्रालय और सेबी के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य शामिल हैं। बुच को बुलाने के वेणुगोपाल के कदम ने सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों को परेशान कर दिया, क्योंकि वह अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग के आरोपों से खड़े हुए राजनीतिक विवाद के केंद्रबिंदु में रही हैं।

# झारखंड चुनाव : झामुमो ने 35 नामों की पहली सूची जारी की

रांची, एजेंसी

झारखंड विस चुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बुधवार को 35 नामों की पहली सूची जारी की, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट सीट से और कल्पना सोरेन गांडेय सीट से चुनाव मैदान में हैं। राज्य में चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को होंगे और परिणाम 23 नवंबर को घोषित होंगे। हेमंत सोरेन साहिबगंज जिले की बरहेट (सुरक्षित) सीट से विधायक हैं। सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय सीट पर उपचुनाव जीता था। यह सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से रिक्त थी। सूची के अनुसार मुख्यमंत्री के भाई बसंत दुमका, झारखंड विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो नाला, मंत्री मिथिलेश ठाकुर गढ़वा, सोनू सुदिव्य गिरिडीह और बेबी देवी डुमरी सीट से चुनाव चुनाव मैदान में हैं।



- हेमंत सोरेन बरहेट से कल्पना गांडेय सीट से चुनाव मैदान में

### 12 प्रत्याशियों की पहली सूची भाकपा ने की जारी

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने झारखंड चुनाव को लेकर 12 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। नाला से कनाई चंद्र मॉल पहाड़िया, सारठ से छाया कोल, बरकट्ठा से महादेव राम, मांडू से महेन्द्र पाठक, डाल्टेनगंज से रुचिर तिवारी, कांके से संतोष रजक, सिमरिया से सुरेश कुमार भुईयां, चतरा से डोमेन भुईया शामिल है।

# दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में बुधवार सुबह धुंध की मोटी चादर छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 363 के साथ बेहद खराब श्रेणी में जबकि कई क्षेत्रों में यह खराब श्रेणी में रही। जहांगीरपुरी निगरानी स्टेशन ने 418 एक्यूआई दर्ज किया, जो गंभीर है जबकि विवेक विहार में 407 और आनंद विहार में 402 एक्यूआई दर्ज हुआ। सोनिया विहार में सुबह नौ बजे एक्यूआई 398 रहा, जो गंभीर करीब था जबकि वजीरपुर में 396 रहा। पूरी दिल्ली में एक्यूआई 363 रहा।



नई दिल्ली में प्रदूषण के कारण बुधवार को अक्षरधाम मंदिर पर धुंध की चादर दिखी।

एक्यूआई 0 से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

**दिवाली समारोह पर विवाद**

## जामिया में छात्र के बीच झड़प के बाद पुलिस तैनात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया में दिवाली समारोह के दौरान छात्रों के दो समूहों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद परिसर के द्वार के बाहर पुलिस तैनात है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना मंगलवार रात को हुई लेकिन कोई शिकायत नहीं आई है। दिवाली कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय कला मंच ने किया था। जामिया के कार्यवाहक कुलपति मोहम्मद शकील से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

# वैवाहिक विवादों में प्राथमिकी नियमित तरीके से नहीं की जा सकती खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने पत्नी को प्रताड़ित करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ दायर मामले को रद करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि वैवाहिक संबंधों से जुड़ी प्राथमिकी को नियमित तरीके से खारिज नहीं किया जाना चाहिए, खासकर तब, जब पीड़ित पक्ष विरोध करे।

न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने कहा कि एक-दूसरे से अलग रह रहे दंपति ने भले ही सहमति से तलाक लेने और विवादों को सुलझाने का फैसला किया था, लेकिन बाद में महिला ने अपने पति के खिलाफ दायर मामलों को वापस लेने का विरोध किया और दावा किया कि उसके पति ने समझौता राशि वापस ले ली है और उसे प्रतिड़ित किया है। न्यायालय ने कहा कि जिन मामलों में समझौता हो जाता है, उन्हें रद करना पड़ता है।

### पति को हिजड़ा कहना मानसिक क्रूरता के समान

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत द्वारा व्यक्ति के पक्ष में दिए तलाक के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि पति को हिजड़ा कहना मानसिक क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और जसजीत सिंह बेदी की खंडपीठ इस वर्ष जुलाई में पारिवारिक अदालत द्वारा पति के पक्ष में दिए तलाक के खिलाफ महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि प्रतिवादी पति को हिजड़ा कहना और उसकी मां को यह कहना कि उसने हिजड़े को जन्म दिया है, मानसिक क्रूरता के समान है।



**बेंगलुरु इमारत हादसा**

## छह और शव मिले, मालिक व ठेकेदार हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु के बाबूसापल्या में निर्माणाधीन इमारत ढह जाने के बाद बचाव अभियान के दौरान छह और लोगों के शव मिले। पुलिस ने बुधवार को बताया कि हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या सात हो गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुनिराज रेड्डी के बेटे भुवन और इमारत का निर्माण करने वाले ठेकेदार मुनियप्पा को हिरासत में ले लिया गया है। भुवन के नाम पर इमारत का निर्माण हो रहा था। केवल चार मंजिल की अनुमति थी लेकिन सात मंजिल का निर्माण किया गया।

## कोर्ट ने पूछा- दोषी पुलिसवालों पर क्या की गई कार्यवाही

**बदलापुर यौन शोषण**

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से ठाणे के बदलापुर इलाके में स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण की जांच और प्राथमिकी दर्ज करने में चूक के दोषी पुलिस वालों पर की कार्रवाई के बारे में बुधवार को पूछा। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चह्वाण की खंडपीठ ने कहा कि दोषी पुलिसवालों के खिलाफ विभागीय जांच हुई है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है। महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने अदालत को बताया कि जांच के अनुसार एक अधिकारी के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही के आरोप हैं। पुलिस आयुक्त को आवश्यक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गयी है।

# 50 पैसे न लौटाना पड़ा भारी अब देना होगा 15 हजार

चेन्नई, एजेंसी

- उपभोक्ता आयोग ने डाक विभाग को दिए निर्देश

एक उपभोक्ता को 50 पैसे न लौटाना भारतीय डाक विभाग को भारी पड़ गया। उपभोक्ता आयोग ने डाक विभाग को पैसा वापस करने और साथ ही मानसिक पीड़ा, अनुचित व्यवहार और सेवा में कमी के लिए उन्हें 10 हजार का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। कांचीपुरम जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने डाक विभाग को मुकदमे के खर्च के लिए शिकायतकर्ता को पांच हजार और देने को भी कहा है। शिकायतकर्ता ए. मनशा के अनुसार 13 दिसंबर, 2023 को पोझिचालुर डाकघर में पंजीकृत पत्र के लिए 30 रुपये का भुगतान किया लेकिन रसीद पर 29.50 रुपये थे। उन्होंने यूपीआई से राशि भेजने की पेशकश की लेकिन डाक कर्मियों ने इसे अस्वीकार कर दिया। आयोग ने कहा कि डाकघर द्वारा 50 पैसे अधिक वसूलने को अनुचित ठहराया।

# जगदंबिका पाल ने सार्वजनिक बयान देकर नियमों का किया उल्लंघन

नई दिल्ली, एजेंसी

- वक्फ समिति के सदस्य ए. राजा ने जल्दबाजी में कार्यवाही करने का अध्यक्ष पर लगाया आरोप

विपक्ष के नेताओं ने बुधवार को आरोप लगाया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक से संबंधित संयुक्त संसदीय समिति के प्रमुख जगदंबिका पाल ने टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा समिति की बैठक में कांच की बोतल तोड़कर फेंके जाने की घटना के बारे में सार्वजनिक बयान देकर प्रक्रियाओं एवं नियमों का उल्लंघन किया है।

द्रमुक सांसद एवं समिति सदस्य ए. राजा ने दावा किया कि पाल ने प्रक्रिया एवं नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वरिष्ठ सांसद पाल जल्दबाजी में समिति की बैठकें कर रहे हैं, जिससे यह संदेह जाता है कि यह समिति न्याय देने में सक्षम नहीं होगी। राजा ने एक्स कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बैठक में जो कुछ हुआ, उसे उजागर करने के लिए अध्यक्ष ने यह जानते हुए भी संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया कि कार्यवाही गोपनीय है और इसका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। आप सांसद एवं समिति के सदस्य संजय सिंह ने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने बनर्जी से जुड़ी घटना के संबंध में कोई बयान नहीं देने का फैसला किया है। सिंह ने कहा कि सबसे पहले, बैठक के दौरान क्या हुआ, इसके बारे में सार्वजनिक बयान देना नियमों के अनुरूप नहीं है।

### कार्यवाही का खुलासा नहीं सदस्य के हिंसा की बात की



**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति के प्रमुख जगदंबिका पाल ने बुधवार को विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। विपक्षी सदस्यों का आरोप है कि पाल ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा समिति की बैठक के दौरान कांच की बोतल तोड़कर फेंके जाने की घटना के बारे में सार्वजनिक बयान देकर नियमों का उल्लंघन किया है।

## एक नजर

### सूडान में मस्जिद पर हवाई हमले में 31 की मौत

**खार्तूम।** मध्य सूडान के गेजिरा प्रांत की राजधानी वाड मदनी में एक मस्जिद पर हवाई हमले में 31 लोग मारे गए। एक स्थानीय गैर-सरकारी समूह ने यह जानकारी दी। वाड मदनी प्रतिरोध समिति ने मंगलवार को एक बयान में कहा रविवार को युद्धक विमानों ने शाम की नमाज के बाद शेख अल जेली मस्जिद और पड़ोसी इलाके अल-इम्तिदाद के आसपास के इलाकों में विस्फोटकों से बमबारी की। समिति ने बताया कि इस हमले में 31 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। इनमें से 15 शवों की पहचान कर ली गयी, जबकि अन्य अज्ञात शवों की पहचान अब भी की जा रही है। अभी तक इस घटना पर किसी भी पक्ष की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

### नेपाल में होटलों में प्लास्टिक की बोतलों पर लगा प्रतिबंध

**काठमांडु।** नेपाल सरकार ने चार सितारा और उससे अधिक सितारों वाले उच्च श्रेणी के होटलों में प्लास्टिक की बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। पर्यटन विभाग के महानिदेशक नारायण प्रसाद रेग्मी ने बुधवार को कहा, यह प्रतिबंध सभी चार सितारा, पांच सितारा, पांच सितारा डीलक्स और डीलक्स और लक्जरी होटलों और रिजॉर्ट पर लागू होता है। एजेंसी ने मंगलवार को एक निर्देश जारी किया, जिसमें उच्च श्रेणी के होटलों और रिसॉर्टों को प्लास्टिक की बोतलों में पानी देने की जगह कांच की बोतलों और धातु के बर्तनों में पानी देने का निर्देश दिया गया।

### इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को जमानत दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने सरकारी उपहारों की कथित अवैध बिक्री से जुड़े तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तारी के करीब नौ महीने बाद बुधवार को जमानत दे दी। जियो न्यूज' की खबर के अनुसार, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने 10 लाख रुपये के मुचलके पर 50 वर्षीय बुशरा बीबी को जमानत प्रदान की। दालत के इस फैसले से बुशरा बीबी को राहत मिली है, जिन्हें 31 जनवरी को एक अदालत द्वारा भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराए जाने और दंपति को 14 वर्ष के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था।

### त्यौहारों से पहले नकद राशि देगी सरकार

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार गुरु नानक जयंती व दीपावली के मौके पर प्रांत में प्रत्येक सिख और हिंदू परिवार को 10,000 पाकिस्तानी रुपये देगी। कुल 2200 परिवारों को यह राशि दी जाएगी। पाकिस्तान की पंजाब सरकार प्रांत में प्रत्येक सिख व हिंदू परिवार को एक 'त्यौहार कार्ड' जारी करेगी, जिसके तहत गुरु नानक जंयती और दीपावली के मौके पर उन्हें 10,000 पाकिस्तानी रुपये दिये जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनाने के लिए अगले महीने आने वाले विदेशी तीर्थयात्रियों के वास्ते विशेष व्यवस्था की गई है। पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे 'हमारे हिंदू और सिख भाइयों' को त्यौहार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें।

### तुर्की ने पीकेके के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन ने प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। अर्ध-आधिकारिक अनादोलु एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि समूह के यूरोपीय ढांचे के प्रमुख सदस्य ज़ेनेप तस्कीरन और ज़ुबेदे तस्कीरन को इस्तांबुल में हिरासत में लिया गया, जबकि पीकेके के तीसरे सदस्य हतिन सहबाज को उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में गिरफ्तार किया गया। इसमें अभियान की समय सीमा बिना बताए हुए कहा गया कि तीन लोग, जो भाई-बहन थे, को तुर्की खुफिया और पुलिस द्वारा किए गए संयुक्त अभियान में हिरासत में लिया गया।

# चक्रवात : 14 जिलों के 10 लाख लोगों को पहुंचाया जाएगा सुरक्षित स्थानों पर

## कल 70 किलोमीटर दूर भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान, आईएमडी ने कहा- राज्य में भारी वर्षा होगी

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

चक्रवात दाना ओडिशा तट की ओर बढ़ रहा है, जिससे राज्य की लगभग आधी आबादी प्रभावित होने का खतरा है। सरकार 14 जिलों के लगभग 10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर योजना को अंजाम देने की तैयारी कर रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि चक्रवात के शुक्रवार तड़के लगभग 70 किलोमीटर दूर भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच पहुंचने का अनुमान है।

आईएमडी ने कहा कि चक्रवात के दस्तक देने की प्रक्रिया 24 अक्टूबर की रात से शुरू होगी और 25 अक्टूबर की सुबह तक जारी रहेगी। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि चक्रवात के दस्तक देने के दौरान अधिकतम गति लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चक्रवात की दस्तक प्रक्रिया धीमी होती है, जिसमें आमतौर पर 5-6 घंटे लगते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह के बीच चक्रवात के दस्तक देते समय भारी बारिश, हवा और तूफानी लहरें चरम पर होंगी। आईएमडी के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, चक्रवात 13 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और पारादीप (ओडिशा) से लगभग 490 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, धामरा (ओडिशा) से 520 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 570 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित है। भुवनेश्वर में स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने बताया कि चक्रवात के तट पर पहुंचने के दौरान दो मीटर ऊंची लहरें उठने का अनुमान है तथा चक्रवात 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तट से टकराएगा। दास ने चेतावनी दी कि केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर जिलों के निचले इलाकों में पानी भर जाने की आशंका है। उन्होंने सरकार से इन क्षेत्रों से निवासियों को हटाने तथा सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने का अनुरोध किया। चक्रवात की आमद के मद्देनजर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) और अग्निशमन सेवाओं की 288 बचाव टीमें तैनात की गई हैं, तथा एनडीआरएफ से अतिरिक्त कर्मियों की मांग की गई है। सरकार ने 14 जिलों को जोखिमग्रस्त घोषित किया है।

### आईएमडी ने किया आगाह

आईएमडी ने आगाह किया है कि चक्रवात के कारण राज्य में भारी वर्षा होगी। 23 अक्टूबर की शाम से अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, तथा बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी और खोरधा के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा (7-11 सेंटीमीटर) होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि 24 और 25 अक्टूबर को कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है।



### पूर्वी रेलवे के सियालदह डिवीजन में 190 लोकल ट्रेन रद

**कोलकाता।** चक्रवाती तूफान दाना के मद्देनजर पूर्वी रेलवे अपने सियालदह मंडल में गुरुवार को रात आठ बजे से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक 190 लोकल ट्रेन का परिचालन नहीं करेगा। यह कदम रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में उठाया गया। पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने बताया कि सियालदह दक्षिण और हसनाबाद खंड में 190 ट्रेन रद्द रहेंगी। मौसम कार्यालय ने कहा कि चक्रवात के शुक्रवार तड़के ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच तट से टकराने की आशंका है जिस दौरान 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। चक्रवात के आने पर 24 और 25 अक्टूबर को दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश होगी। पूर्वी रेलवे के अधिकारी ने कहा, 24 अक्टूबर को रात आठ बजे से सियालदह स्टेशन से कोई भी लोकल ट्रेन नहीं चलाई जाएगी।

# मोदी व शी का गश्त समझौते को समर्थन

## पांच वर्ष बाद भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय वार्ता, विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता के लिए दिए निर्देश

**कजान, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने करीब पांच वर्षों में अपनी पहली द्विपक्षीय वार्ता में बुधवार को सहमति जताई कि समझदारी एवं परस्पर सम्मान प्रदर्शित कर भारत और चीन के शांतिपूर्ण एवं स्थिर संबंध हो सकते हैं तथा दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख विवाद के समाधान के लिए हुए समझौते का समर्थन किया। बैठक में, मोदी ने मतभेदों और विवादों को उपयुक्त रूप से निपटाने तथा इन्हें शांति एवं स्थिरता को प्रभावित नहीं करने देने के महत्व को रेखांकित किया।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रेस वार्ता में कहा कि दोनों नेताओं ने उल्लेख किया कि भारत-चीन सीमा विवाद मुद्दे का हल करने और सीमावर्ती इलाकों में शांति व स्थिरता बरकरार रखने के लिए विशेष प्रतिनिधियों को एक अहम भूमिका निभानी होगी। मोदी और शी ने विशेष प्रतिनिधियों को शीघ्र बैठक करने और अपने प्रयास जारी रखने के निर्देश दिए। मिस्री ने कहा, हम विशेष प्रतिनिधियों की अगली बैठक एक उपयुक्त समय पर होने की उम्मीद कर रहे हैं। विदेश सचिव ने कहा कि मोदी और शी ने द्विपक्षीय संबंधों की रणनीतिक एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण से समीक्षा की तथा उनका मानना है कि दोनों देशों के बीच स्थिर संबंध का क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक असर पड़ेगा। मिस्री ने कहा कि मोदी और शी, दोनों ने इस बात पर जोर दिया कि परिपक्वता और समझदारी के साथ तथा एक-दूसरे का सम्मान कर भारत और चीन के बीच शांतिपूर्ण और स्थिर संबंध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द की बहाली से संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की गुंजाइश बनेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी अब आधिकारिक वार्ता तंत्र का उपयोग करके रणनीतिक संवाद बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने पर चर्चा करने के लिए अगले कदम उठाएंगे। भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में 2020 में उत्पन्न हुए मुद्दों के पूर्ण समाधान और सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के लिए हाल में हुए समझौते का स्वागत करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने मतभेदों और विवादों से उपयुक्त रूप से निपटने और इन्हें शांति व स्थिरता भंग करने की अनुमति नहीं देने के महत्व को रेखांकित किया।



कजान में ब्रिक्स सम्मेलन में उपस्थित प्रधानमंत्री मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग व रूस के राष्ट्रपति पुतिन व अन्य।

### ब्रिक्स देश वैश्विक स्थिरता के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं : पुतिन

**कजान।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि ब्रिक्स देश वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं और क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। पुतिन ने शिखर की बैठक के दौरान कहा कि बहुध्रुवीय विश्व में मूल रूप से बदलाव आया है। यह ब्रिक्स की अंतरराष्ट्रीय मंच में रणनीति का मूल है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अधिकांश हिस्से की आकांक्षाओं को पूरा करता है।

### शी ने ब्रिक्स का सदस्य बनने के इच्छुक देशों के अनुरोध पर शीघ्रता से विचार करने की अपील की

**कजान।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को कहा कि यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में, कई राष्ट्रों को साझेदार देश बनने के लिए आमंत्रित किया गया और समूह से 'ग्लोबल साउथ' के देशों के अनुरोध पर शीघ्रता से विचार करने की भी अपील की। ब्रिक्स मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह था, बाद में पांच और देशों- मिस्र, इथोयोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को शामिल कर इसे विस्तारित किया गया। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, शी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इसने साझेदार देश बनने के लिए कई देशों को आमंत्रित करने का निर्णय किया है।

# उत्तर गाजा में हमला : 18 फिलिस्तीनियों की मौत



गाजा में हवाई हमले में ध्वस्त इमारतें।

**गाजा, एजेंसी**

उत्तरी गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में मंगलवार को कम से कम 18 लोग मारे गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। फिलिस्तीनी चिकित्सकों ने सिन्हुआ से कहा कि उत्तरी गाजा पट्टी में बेत हनौन में एक इजराइली युद्धक विमान ने एक आश्रय स्थल को निशाना बनाया, जिससे तीन फ़िलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।

चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि बेत लाहिया क्षेत्र में दो इजराइली बम विस्फोटों में 15 और लोग मारे गए। स्थानीय सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सेना ने बेत लाहिया में कई घरों को नष्ट कर दिया है, जबकि वह जबालिया और बेत लाहिया में सैकड़ों फिलिस्तीनी परिवारों को घेर रही है और तोपखाने और विमानों से बेत लाहिया पर गोलाबारी कर रही है। गाजा पट्टी में रेड क्रिसेंट सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक बशर मुराद ने कहा कि घायलों को रक्त की आवश्यकता होती है, जो उपलब्ध नहीं है क्योंकि इजराइली सेना नागरिकों को उनकी खराब स्वास्थ्य स्थिति के अलावा अस्पतालों तक पहुंचने और रक्तदान करने से रोकती है। अस्पताल के निदेशक ने बताया कि ईंधन की कमी और ड्रोन और तोपखाने के माध्यम से इजराइली बलों द्वारा अस्पताल को सीधे निशाना बनाने के कारण आने वाले कुछ घंटों में अस्पताल सामूहिक कब्र बन सकता है।

### हिजबुल्ला के एक और प्रमुख को मार गिराया

बेरूत, 23 अक्टूबर (एपी) इजराइल ने दावा किया है कि उसने इस महीने की शुरुआत में बेरूत में हुए हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक नेता हाशिम सैफीद्दीन को मार गिराया था, जो पिछले महीने इजराइली हवाई हमले में मारे गए संगठन के प्रमुख हसन नसरल्ला की जगह ले सकता था।

## अभिनेता दारासिंग को महात्मा गांधी नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा

**लंदन।** भारतीय अभिनेता दारासिंग खुराना को 'राष्ट्रमंडल वर्ष के युवा चैंपियन' के रूप में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में किए गए कामों के लिए महात्मा गांधी नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा गया है। खुराना (32) राष्ट्रमंडल देशों के शासनाध्यक्षों की बैठक (सीएचओजीएम) के लिए समोआ रवाना होने से पहले ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनियन में आयोजित वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन-24 में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा मैं कई वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने की दिशा में काम कर रहा हूं। इस समस्या को विश्व मानचित्र पर रखने और सत्ताधारी एवं प्रभावशाली लोगों के साथ सार्थक चर्चा करने का मौका पाकर बेहद खुश हूं।

## रूस और यूक्रेन की बात सुनने को भारत बेहतर स्थिति में : फिलिप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा है कि उनके देश का हमेशा से यह कहना रहा है कि रूस-यूक्रेन विवाद के मामले में भारत दोनों पक्षों की बात सुनने के लिए बहुत अच्छी स्थिति में है। एकरमैन ने कहा, उन्हें हालांकि नहीं पता कि नई दिल्ली का क्या करने का इरादा है, लेकिन बर्लिन किसी भी तरह की बातचीत का स्वागत करेगा।

जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की भारत यात्रा से पहले जर्मनी के राजदूत एकरमैन ने यहां अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चांसलर शोल्ज 25 अक्टूबर को सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। आईजीसी एक संपूर्ण सरकारी ढांचा है, जिसके तहत दोनों पक्षों के मंत्री अपने-अपने जिम्मेदारी वाले क्षेत्रों में चर्चा करते हैं और अपने विचार-विमर्श के परिणामों की रिपोर्ट प्रधानमंत्री और चांसलर को देते हैं। दो साल से अधिक समय से जारी संघर्ष का समाधान निकालने में भारत की संभावित भूमिका के बारे में पूछे गए एक सवाल पर एकरमैन ने कहा, हम सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री (मोदी) कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से वापस आ रहे हैं। वह रूसी राष्ट्रपति सहित कई नेताओं से बातचीत कर रहे हैं।



## पन्नू मामले में जांच के नतीजों पर जवाबदेही चाहता है अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि वह अपनी सरजमीं पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश की भारत द्वारा की जा रही जांच के नतीजों पर सार्थक जवाबदेही के बिना पूरी तरह संतुष्ट नहीं होगा। भारत सरकार ने अमेरिकी सरजमीं पर किसी अमेरिकी नागरिक की हत्या की ऐसी साजिश में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। अमेरिका के आरोपों के बाद नयी दिल्ली ने मामले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की थी। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, हम जांच के परिणामों के आधार पर जवाबदेही की उम्मीद करते हैं और निश्चित रूप से अमेरिका तब तक पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होगा जब तक कि उस जांच के परिणामस्वरूप सार्थक जवाबदेही तय न हो जाए।

## भारत से बहुत कुछ सीखा जा सकता है : लिज केडल

**लंदन, एजेंसी**

- ब्रिटेन की कार्मिक एवं पेंशन मंत्री लिज केंडल ने की भारत की तारीफ

ब्रिटेन भारत से विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) और अंतरिक्ष विज्ञान के मामले में बहुत कुछ सीख सकता है। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व वाली सरकार के एक मंत्री ने यह बात कही। सोमवार शाम को यहां लेबर इंडियन डायस्पोरा समूह द्वारा आयोजित दिवाली समारोह को संबोधित करते हुए ब्रिटेन की कार्मिक एवं पेंशन मंत्री लिज केंडल ने जुलाई में होने वाले आम चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र किया, जिसमें भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है।

केंडल ने कहा, यह हमारे घोषणापत्र का एक बहुत ही स्पष्ट हिस्सा था कि हम भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने दो महान देशों के बीच महत्वपूर्ण संबंधों को समझते हैं। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं और यही कारण है कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम लोकतंत्र और आकांक्षाओं के हमारे साझा मूल्यों के आधार पर भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं।



## अमेरिका में मैकडोनाल्ड्स का बर्गर खाने से 49 लोग बीमार, एक की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मशहूर खाद्य श्रृंखला मैकडोनाल्ड्स का बर्गर खाने से ई.कोली बैक्टीरिया का संक्रमण फैल गया है जिससे 10 राज्यों में कम से कम 49 लोग बीमार पड़ गए हैं और इनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। संघीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 10 संक्रमित लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने बताया कि इस संक्रमण से कोलोराडो में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गयी है और एक बच्चे को गुर्दे की गंभीर समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोलोराडो, आयोवा, कंसास, मिसौरी, मोंटाना, नेब्रास्का, ओरेगोन, उटाह, व्योमिंग और विस्कॉन्सिन में 27 सितंबर और 11 अक्टूबर के बीच इस संक्रमण के मामले दर्ज किए गए।

## तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के लिए यूक्रेन से लड़ेंगे युद्ध

**सियोल, एजेंसी**

- दक्षिण कोरिया के खुफिया प्रमुख ने सांसदों को दी जानकारी

दक्षिण कोरिया के खुफिया प्रमुख ने सांसदों को बताया कि लगभग तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजा गया है जो यूक्रेन के खिलाफ युद्धक्षेत्रों में तैनात होने से पहले ड्रोन और अन्य उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संसदीय समिति की बैठक में राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के निदेशक चो ताए-योंग ने कहा कि 1,500 और उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजा गया है जो वहां पहले से मौजूद अपने देश के 1,500 सैनिकों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। बैठक में शामिल हुए सांसद पार्क सनवॉन ने यह जानकारी दी। पार्क ने चो के हवाले से कहा कि एनआईएस ने हाल में अनुमान जताया था कि 1500 सैनिक अक्टूबर की शुरुआत में ही रूस पहुंच गए थे। पार्क के अनुसार, चो ने सांसदों को यह भी बताया कि उनकी एजेंसी का आकलन है कि उत्तर कोरिया का लक्ष्य दिसंबर तक अपने 10 हजार सैनिकों को रूस में तैनात करना है।

### उ. कोरिया ने अपने सैनिक रूस भेजे हैं : ऑस्टिन

**सियोल।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि इस बात के सबूत हैं कि उत्तर कोरिया ने अपने सैनिक रूस भेजे हैं। यूक्रेन के युद्धक्षेत्रों में तैनात किए जाने से पहले ड्रोन और अन्य उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## वैश्विक नेता बोले- अमेरिकी चुनाव में नहीं जीत पाएंगे ट्रंप

**कॉनकॉर्ड।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक नेता इस बात को लेकर भयभीत हैं कि यदि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुनाव जीत जाते हैं तो पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक शासन का क्या होगा। बाइडन ने पिछले सप्ताह जर्मनी की अपनी यात्रा का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा मैं जिन भी अंतरराष्ट्रीय बैठकों में भाग लेता हूं वे (नेता) एक के बाद एक मुझे एक तरफ ले जाते हैं और कहते हैं कि जो वह जीत नहीं सकता। मेरा लोकतंत्र दांव पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सवालिया लहजे में कहाअगर अमेरिका जिम्मेदारी न लें तो दुनिया की अगुवाई कौन करेगा? कौन? किसी एक देश का नाम बताइए। बाइडन ने न्यू हैंपशायर में यह बात कही।

**ज्ञान-विज्ञान** | बड़ी घटना का शिकार होने से बच गई पृथ्वी , कई लोगों ने देखी यह खगोलीय घटना

# कनाडा के आसमान में जलकर खाक हो गया क्षुद्रग्रह

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** एक रात पहले कनाडा के समीप एरी झील के ऊपर एक बड़ा आग का गोला धधक उठा। क्षेत्रीय लोगों ने आग के गोले को देखा है। गनीमत रही कि यह क्षुद्रग्रह आसमान में ही जलकर खाक हो गया। यदि जमीन तक पहुच जाता तो बड़ी अप्रिय घटना हो जाती।

अमेरिकन मेटियोर सोसायटी ने जलते आग के गोले की तस्वीर कैमरे में कैद कर जारी की हैं। यह खगोलीय घटना 21 अक्टूबर की रात में हुई। अमेरिका और कनाडा के कुछ हिस्सों में इस घटना को देखा गया। उत्तरी कैरोलिना से पश्चिम में केंटुकी, उत्तर में मिशिगन और पूर्व में न्यूयॉर्क तक इस घटना को देखा गया है। यह आग का गोला एक बड़े आकार का उल्कापिंड था, जो करीब 80 किमी की ऊंचाई पर दिखाई दिया। माना जा रहा है कि टॉरिड उल्कावृष्टि इन दिनो सक्रिय है। मगर यह उल्कापिंड इसके विपरीत दिशा से आया है, जो टॉरिड्स के विपरीत दिशा से आया है। इस पिंड का पृथ्वी के वातावरण में टकराने से कुछ देर पहले ही पता चल पाया था। आग के इन गोलों को फायरबाल भी कहा जाता है। इस तरह की घटना होते रहती हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इसे बड़ी घटनाओं से जोड़ा गया है। अमेरिकन मेटियोर सोसाइटी ने आग के गोले की कई तस्वीरें और वीडियो प्राप्त हुई हैं। इस घटना को लेकर वैज्ञानिक विस्तृत जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।



### यही हैं धरती के बड़े खतरे

धरती के लिए सबसे बड़े खतरे अंतरिक्ष चट्टाने हैं, जो कई बार पृथ्वी को क्षति पहुचा चुके हैं। डायनासोरों का खात्मा भी इन्हींके जरिये हुआ। पृथ्वी पर मौजूद लुनार झील व कई गड्ढे इन्ही की देन हैं। ये खतरनाक हैं जो कि लाखों परमाणु बमों से अधिक शक्तिशाली हो सकते हैं। जिस कारण इन पर निगाह रखनी जरूरी होती है। पृथ्वी के चारों ओर अनगिनत मेटियोर और क्षुद्र ग्रह फैले हुए हैं।